स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

कानपुर, शुक्रवार
12 जून, 2026
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष 12
सं. 2083 वि.
वर्ष 37, अंक - 290 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

# स्वतंत्र भारत

epaper : epaper.swatantrabharat.net

राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ को भारत अंडर-19 टीम में मौका



# भारत पूरे भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की 11वीं बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, तब भी भारत पूरे आत्मविश्वास और पक्के इरादे के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि जैसे-जैसे हम विकसित भारत के सपने की ओर बढ़ रहे हैं, केंद्र और सभी राज्यों की सामूहिक जिम्मेदारी और ज्यादा बढ़ जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के पास इस समय युवाओं की सबसे बड़ी आबादी है। यह एक ऐसा ऐतिहासिक अवसर है जिसे हम किसी भी कीमत पर गंवा नहीं सकते। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता युवाओं को बेहतर शिक्षा, बाजार की मांग के हिसाब से हुनर और रोजगार के नए अवसर देना होना चाहिए। पीएम मोदी ने जोर दिया कि मजबूत और सक्षम युवा ही विकसित भारत के सफर की सबसे बड़ी ताकत बनेंगे।

- युवाओं को बेहतर शिक्षा, कौशल और रोजगार प्राथमिकता
- महिला नेतृत्व में विकास विकसित भारत का मजबूत स्तंभ

व्यापार को बढ़ावा देने पर बात करते हुए पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत ने दुनिया के कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं। इससे भारतीय सामान के निर्यात के लिए नए रास्ते खुले हैं। उन्होंने कहा कि ये समझौते हमारे छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए एक बड़ा मौका हैं। अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाकर वैश्विक बाजारों के लिए खुद को तैयार करना होगा। बैठक में पीएम मोदी ने महिला नेतृत्व की बात पर भी खासा जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए महिलाओं का विकास और उनकी भागीदारी सबसे मजबूत स्तंभ है। पीएम मोदी ने कहा कि खेती-किसानी से लेकर स्टार्टअप, विज्ञान और इनोवेशन तक हर क्षेत्र में देश की महिलाएं अपना बड़ा योगदान दे रही हैं। उन्होंने सभी राज्यों से अपील की कि वे महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण को अपनी प्राथमिकता बनाएं।

इसके अलावा बैठक में पीएम मोदी ने सहकारी संघवाद यानी केंद्र और राज्यों के मिलकर काम करने की भावना पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों को आपस में बातचीत और सहयोग बढ़ाना चाहिए।



# ईरान-यूएस जंग के बीच तीन भारतीय नाविकों की मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच जंग बीते 104 दिनों से जारी है। होर्मुज के आसपास तनावपूर्ण माहौल में मिसाइलों और अन्य हथियारों से लगातार गोलीबारी हो रही है। ओमान के तट के पास एक जहाज- एमटी सेट्टेबेलो पर हुए हमले में कई लोगों ने जान गंवाई है। इसमें तीन भारतीय भी शामिल हैं। जिन तीन भारतीय नाविकों की मौत की पुष्टि हुई है, इसमें एक उत्तर प्रदेश के देवरिया का है। मौत की पुष्टि होने के बाद परिवार में मातम पसर गया है। जिस जहाज पर हमला हुआ है, वह फिलीपींस के पास बसे देश- पलाऊ के झंडे वाला जहाज है।

- इनमें एक यूपी के देवरिया का

इस मामले में ओमान में भारतीय दूतावास ने भी बयान जारी किया। सरकार ने कहा, ओमान के शिनस बंदरगाह के पास एक पोत पर हमले की जानकारी मिली है। दूतावास स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। विदेश मंत्रालय (एमईए) की तरफ से भी स्थिति पर नजर रखने और ओमान के अधिकारियों के साथ बचाव प्रयासों का समन्वय करने की बात कही गई। विदेश मंत्रालय ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव पर चिंता जताते हुए तनाव कम करने का आह्वान किया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास जिन तीन भारतीय नाविकों की मौत की पुष्टि हुई है, इनमें से एक देवरिया जिले के सुरौली गांव का निवासी शिवानंद चौरसिया है। शिवानंद की मौत की खबर सुनकर उनके परिवार में मातम छा गया। परिजनों और पड़ोसियों का रो-रोकर बुरा हाल है। शिवानंद चौरसिया कई महीनों से समुद्र में काम कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। उनके जीजा संजय चौरसिया ने बताया कि घटना से कुछ समय पहले ही परिवार ने उनसे बात की थी। संजय ने बताया, शिवानंद के दो बच्चे हैं। उनके पिता रामजी चौरसिया ने भी अंतिम बातचीत याद करते हुए बताया कि शिवानंद ने सब ठीक होने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि शिवानंद ने पिछली रात 9 बजे फोन पर सब ठीक होने की बात कही थी। पड़ोसी रोहन शाही ने बताया कि शिवानंद परिवार के एकमात्र कमाने वाले थे। शिवानंद करीब 8-9 महीने पहले काम पर गए थे।




# आज रात ईरान पर सबसे बड़ा हमला करेंगे : ट्रम्प

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में फूट की चर्चाओं के बीच पार्टी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा कि वह ममता बनर्जी और टीएमसी के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए सिन्हा ने कहा कि ममता बनर्जी और पार्टी का साथ देना उनका कर्तव्य है। शत्रुघ्न सिन्हा ने सबसे पहले आसनसोल और पश्चिम बंगाल की जनता का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि वहां के लोगों ने उन्हें बहुत प्यार और समर्थन दिया है। उन्होंने बताया कि वह ममता बनर्जी के बुलावे और उनके निर्देश पर ही आसनसोल आए थे। उन्होंने वहां पहली बार उपचुनाव में रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की थी। इसके बाद दूसरी बार भी वह बड़े अंतर से चुनाव जीते। सिन्हा ने कहा कि वह बंगाल के सभी लोगों के लिए काम करते हैं, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए सिन्हा ने कहा कि 2019 में पटना से चुनाव हारने के बाद वह कठिन समय से गुजर रहे थे। उस वक्त बहुत कम लोग उनके साथ खड़े थे। ममता बनर्जी उन गिने-चुने लोगों में से थीं जिन्होंने उन्हें सहारा दिया। ममता बनर्जी चाहती थीं कि वह बिना किसी ब्रेक के संसद में बने रहें।

- खार्ग आइलैंड हमारा होगा, वेनेजुएला की तरह तेल-गैस पर कब्जा करेंगे



# कांग्रेस ने राजनीतिक रणनीति पर की व्यापक चर्चा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को पार्टी के सभी महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, जयराम रमेश और केसी वेणुगोपाल शामिल हुए। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई, मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष बोम्मा महेशकुमार गौड़, गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडंकर और पंजाब के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग भी बैठक में उपस्थित थे। सभी प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्षों, महासचिवों और राज्य प्रभारियों की एक इमरजेंसी मीटिंग के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा, आज महासचिवों, प्रभारियों और पीसीसी अध्यक्षों की मीटिंग में मीनाक्षी नटराजन के राज्यसभा चुनाव नॉमिनेशन के रिजेक्शन के मामले पर विस्तार से चर्चा हुई। हम इस मुद्दे पर राजनीतिक और कानूनी तौर पर लड़ेंगे। कमिटी ने यही तय किया और इसी पर चर्चा की। बहुमत बनाने का यही तरीका है। उन्होंने आगे कहा, वह दूसरी पार्टियों के सभी सांसदों को लेकर उनसे इस्तीफा दिला रहे हैं और उन्हें भाजपा सांसद बना रहे हैं। दूसरी तरफ, यह असल में वोटिंग के बाद, वोट चोरी के बाद, सीट चोरी है। यह साफ तौर पर सीट चोरी है। हम इसके खिलाफ कानूनी और राजनीतिक लड़ाई लड़ेंगे। फिर हमारी मीटिंग में देश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई। मुख्य रूप से आर्थिक संकट के मुद्दे पर। पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की कीमतें दिन-ब-दिन बढ़ रही हैं। लोग बहुत परेशान हैं। सरकार की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। बेरोजगारी चरम पर है।

- खरगे की अध्यक्षता में कांग्रेस सचिवों और राज्य अध्यक्षों की आपात बैठक



# सम्मान : अमेरिका में गूंजा भारत का नाम

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के मेजर प्रभात मिश्रा ने अमेरिकी सेना कमांड और जनरल स्टाफ कॉलेज (सीजीएससी) में दो शीर्ष शैक्षणिक अवॉर्ड जीते हैं। मेजर मिश्रा को उत्कृष्ट मास्टर ऑफ मिलिट्री आर्ट्स एंड साइंस थीसिस के लिए बिरर-ब्रूक्स अवॉर्ड दिया गया है। वहीं, जनरल डगलस मैकआर्थर मिलिट्री लीडरशिप राइटिंग अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया है। 10 महीने के इस नेतृत्व कार्यक्रम में 92 देशों के अधिकारी शामिल हुए। इस वर्ष 951 को उपाधि मिली। अमेरिका का यह कॉलेज दुनिया के सबसे प्रमुख सैन्य शिक्षा संस्थानों में से एक है। 1894 से 170 देशों के 8,700 अफसर प्रशिक्षण ले चुके हैं। मेजर प्रभात मिश्रा को अमेरिका के कंसास स्थित फोर्ट लीवनवर्थ में यूएस आर्मी कमांड एंड जनरल स्टाफ कॉलेज के कमांड एंड जनरल स्टाफ ऑफिसर कोर्स के दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया। उन्हें दो पुरस्कार मिले-बिरर-ब्रूक्स अवॉर्ड फॉर आउटस्टैंडिंग मास्टर ऑफ मिलिट्री आर्ट्स एंड साइंस थीसिस और जनरल डगलस मैकआर्थर मिलिट्री लीडरशिप राइटिंग अवॉर्ड। यह कोर्स 10 महीने का उन्नत सैन्य नेतृत्व कार्यक्रम है, जिसमें इस बैच में 951 अधिकारियों ने भाग लिया। इनमें 120 अंतरराष्ट्रीय सैन्य अधिकारी भी शामिल थे। यह कार्यक्रम मध्य स्तर के सैन्य अधिकारियों को वरिष्ठ नेतृत्व और स्टाफ जिम्मेदारियों के लिए तैयार करता है।

- मेजर प्रभात ने 91 देशों को पछाड़ जीते दो शीर्ष सैन्य अवॉर्ड



# ममता और टीएमसी के साथ खड़ा रहना मेरा फर्ज : शत्रुघ्न

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में फूट की चर्चाओं के बीच पार्टी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा कि वह ममता बनर्जी और टीएमसी के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। एक समाचार एजेंसी से बात करते हुए सिन्हा ने कहा कि ममता बनर्जी और पार्टी का साथ देना उनका कर्तव्य है। शत्रुघ्न सिन्हा ने सबसे पहले आसनसोल और पश्चिम बंगाल की जनता का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि वहां के लोगों ने उन्हें बहुत प्यार और समर्थन दिया है। उन्होंने बताया कि वह ममता बनर्जी के बुलावे और उनके निर्देश पर ही आसनसोल आए थे। उन्होंने वहां पहली बार उपचुनाव में रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की थी। इसके बाद दूसरी बार भी वह बड़े अंतर से चुनाव जीते। सिन्हा ने कहा कि वह बंगाल के सभी लोगों के लिए काम करते हैं, चाहे वे किसी भी पार्टी के हों। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए सिन्हा ने कहा कि 2019 में पटना से चुनाव हारने के बाद वह कठिन समय से गुजर रहे थे। उस वक्त बहुत कम लोग उनके साथ खड़े थे।




## मारपीट मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई, चार आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) हसनगंज उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के भोगला गांव में सहन की जमीन पर कब्जे के विरोध में महिला के साथ मारपीट लो लेकर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। क्षेत्र के भोगला गांव निवासी शांति देवी पत्नी घसीटे सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि घर के बगल स्थित सहन की जमीन पर कई पीढ़ियों से उनका कब्जा है, जहां उन्होंने छप्पर डाल रखा था। आरोप है कि पड़ोस के रहने वाले भैयालाल, नत्था, अरविंद और नरेश ने जबरन उक्त जमीन को अपना बताते हुए बुधवार रात मिस्त्री लगाकर वहां दरवाजा लगवा दिया।

पीड़िता के अनुसार, बृहस्पतिवार सुबह दरवाजा लगा देख उन्होंने विरोध किया तो आरोपित गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें मारपीट कर घायल कर दिया। महिला ने सीओ को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। सीओ के निर्देश पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर की। कोतवाल शरद कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सड़क हादसे में घायल आशा कार्यकर्ता की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) नवाबगंज उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल आशा बहू की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। परिजनों ने बुधवार को पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गुरुसहायखेड़ा गांव निवासी 55 वर्षीय प्रेमकुमारी पत्नी कालीशंकर स्वास्थ्य विभाग में आशा कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत थीं। परिजनों ने बताया कि मंगलवार सुबह वह अपने बेटे दीपक के साथ बाइक से असोहा थाना क्षेत्र स्थित एक मंदिर जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात डाला वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद परिजन उन्हें उपचार के लिए पहले स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। बताया गया कि इसके बाद उन्हें केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन वहां भी समुचित उपचार नहीं मिल सका। देर शाम निजी अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। बुधवार को परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका की बेटी स्वाती ने बताया कि हादसे के बाद परिवार ने इलाज के लिए हर संभव प्रयास किया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। मृतका अपने पीछे बेटों बबलू और दीपक सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। इस संबंध में अजगैन कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि उन्हें हादसे अथवा महिला की मौत की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। यदि तहरीर मिलती है तो मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## छत से गिरकर अधेड़ की मौत, पोस्टमार्टम के बाद सरैया घाट पर हुआ अंतिम संस्कार

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) फतेहपुर चैरासी उन्नाव। कस्बा क्षेत्र के गांधी नगर मोहल्ले में गुरुवार भोर पहर छत से गिरकर एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। लगभग 60 वर्षीय सूर्य प्रकाश उर्फ सुरजी पुत्र बृजलाल चैरसिया भोर करीब 3 बजे अज्ञात कारणों से छत से नीचे गिर गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल फतेहपुर चैरासी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने अस्पताल मेमो के आधार पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके उपरांत सरैया घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक सूर्य प्रकाश पान की दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके निधन से परिवार में कोहराम मच गया। वह अपने पीछे पत्नी सहित दो विवाहित पुत्र,

# हरिनाम संकीर्तन भजन क्लबिंग नाइट में उमड़ेगा भक्ति का सागर, उन्नाव वासियों से शामिल होने की अपील



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव।कॉलेज रोड स्थित इंडियन इवेंट सॉल्यूशन्स कार्यालय में आयोजित बैठक में श्री हरिनाम संकीर्तन भजन क्लबिंग नाइट के आयोजकों ने उन्नाव वासियों से इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया।

अवि फाउंडेशन एवं श्री जी सेवा समिति की ओर से आयोजित बैठक में प्रेसिडेंट कनिष्का त्रिवेदी, वाइस प्रेसिडेंट रजत सिंह तथा आर्गेनाइजर रजत यादव ने बताया कि आगामी 14 जून को मोतीझील लॉन, कानपुर में भव्य एवं विशाल पांडाल में अत्याधुनिक मंच पर दिव्य दरबार के समक्ष आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन गायक राघव राजा, सबसे कम उम्र के बाल प्रवक्ता भक्त भागवत तथा कृष्ण-बलराम कीर्तन ग्रुप अपनी अनूठी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। कार्यक्रम के संरक्षक एवं सामाजिक-सांस्कृतिक सेवक डॉ. मनीष सिंह सेंगर ने कानपुर से आई आयोजन टीम का स्वागत करते हुए उन्नाव जनपद के श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की। वहीं संस्कार भारती के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं देते हुए टीम का उत्साहवर्धन किया।

बैठक में राहुल कश्यप, अंशुल श्रीवास्तव, अंजू त्रिवेदी, पंडित नितिन जी महाराज, यश त्रिवेदी, उमेश चैहान, दीपक सिंह, अनुराग सक्सेना, सुमित श्रीवास्तव, सौरव कुशवाहा, अभी राजपूत, रामजी सविता, अभिनव राज, विनय सिंह राजावत, रोशन अग्रवाल, अमन यादव एवं अभय एडिट्स सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस महाआयोजन को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक श्रद्धालुओं तक इसकी जानकारी पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन केवल भजन संध्या नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का एक भव्य उत्सव होगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

## संत मिलन दास हत्याकांड में तीन आरोपी न्यायिक हिरासत में, मुख्य आरोपी अब भी फरार

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव। संत मिलन दास हत्याकांड में नाम जद किए गए आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने तीन को अदालत में पेश किया है। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं घटना का मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर बताया जा रहा है। खास बात यह है कि मृतक के भाई द्वारा दी गई तहरीर में जिन दो लोगों को घायल संत के साथ मौजूद बताया गया था, उन्हे भी आरोपित बनाकर जेल भेज दिया गया है। मालूम हो कि बीते मंगलवार को मोहल्ला घूरे टोला निवासी संत मिलन दास मोहल्ला पूरबिया टोला में अपने परिचितों से मिलने गए थे। आरोप है कि वहां से लौटते समय इसराइल ने उनकी पीठ पर चाकू से हमला कर दिया था। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास मौजूद सभासद अतीक खान, शफी और लल्ली ने घायल संत को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया था ।

## हाईवे पर चलते ट्रक में लगी आग, पुलिस-दमकल की तत्परता से टला बड़ा हादसा



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। गंगाघाट थाना क्षेत्र के कल्लूपुरवा स्थित नेशनल हाईवे पर गुरुवार शाम को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही एक चलते ट्रक में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रक धू-धू कर जलने लगी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही थी। कल्लूपुरवा के पास पहुंचते ही ट्रक से धुआं निकलता दिखाई दिया। चालक कुछ समझ पाता, उससे पहले ही आग ने वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे हाईवे पर गुजर रहे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही जाजमऊ चैकी प्रभारी विनोद सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए हाईवे पर यातायात रोक दिया, ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो और राहत एवं बचाव कार्य सुचारु रूप से चल सके। पुलिसकर्मियों ने आसपास मौजूद लोगों को सुरक्षित दूरी पर हटाया। उधर, सूचना मिलने पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग की तीव्रता को देखते हुए काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस और दमकल विभाग की संयुक्त टीम आग पर काबू पाने के प्रयास में जुटी रही। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक आशंका शॉर्ट सर्किट या इंजन में तकनीकी खराबी की जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। चालक और परिचालक समय रहते वाहन से बाहर निकल आए। गंगाघाट पुलिस ने बताया कि आग लगने की सूचना पर तत्काल कार्रवाई की गई है। दमकल विभाग की सहायता से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के कारणों की जांच की जाएगी। फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन ट्रक को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका है।

## गंगा तट पर एनडीआरएफ का मॉक ड्रिल, आपदा प्रबंधन की तैयारियों का किया गया अभ्यास



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव। संभावित बाढ़ और प्राकृतिक आपदा से निपटने की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में गंगाघाट स्थित गंगा तट पर एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की ओर से व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल में एनसीसी कैडेट, आपदा मित्र और स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अभ्यास के दौरान लोगों को बाढ़ जैसी आपात स्थितियों में सुरक्षित रहने, राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा प्राथमिक उपचार (सीपीआर) देने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई।

एनडीआरएफ टीम ने बाढ़ के दौरान लोगों को सुरक्षित निकालने और राहत कार्यों के विभिन्न तरीकों का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया।इस अवसर पर उन्नाव एडीएम सुशील कुमार गोंड ने बताया कि आपदा के समय घबराने के बजाय संयम, सतर्कता और समझदारी से कार्य करना चाहिए तथा दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देश पर सभी जिलों में मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है, जिसके तहत उन्नाव की चारों तहसीलों में भी यह अभ्यास किया गया, ताकि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

जिला प्रशासन द्वारा गंगा नदी की संभावित बाढ़ से निपटने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। आज तहसील और पुलिस तथा एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर माकड्रिल किया। आज गुरूवार को बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने नानामऊ गंगा तट पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम ने मेगा मॉकड्रिल में आम जनता के राहत और बचाव का प्रदर्शन किया। टीमों ने मोटरबोट के जरिए लोगों को सुरक्षित निकालने और उन्हें एंबुलेंस तक तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू की। बाद में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने और उन्हें नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने का काम किया। साथ ही तहसील प्रशासन के सहयोग से राहत शिविर संचालन प्रक्रिया का लाइव प्रदर्शन भी किया गया। उपजिलाधिकारी बृजमोहन शुक्ला ने बताया कि मानसून से पहले आयोजित इस मॉकड्रिल का उद्देश्य आपदा के समय त्वरित कार्रवाई और जनहानि को न्यूनतम करना है। माकड्रिल के समय तहसीलदार साक्षी राय और खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित तमाम राजस्वकर्मी मौजूद रहे। माकड्रिल देखने के लिए गंगा तट पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी।

# कानपुर देहात समाचार



## भोगनीपुर विधानसभा के लोकप्रिय युवा उम्मीदवार हाजी फैजान खान की भीड़ ने रचा इतिहास

स्वतंत्र भारत ब्यूरो माती कानपुर देहात। जिले की भोगनीपुर विधानसभा से पार्टी का टिकट मांग रहे लोकप्रिय युवा सपा नेता हाजी फैजान खान का रुतबा आज पूरी तरह बुलंद दिखाई दिया जिला मुख्यालय पर आयोजित विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान फैजान की टीम ने जिला सपा को अपनी मजबूत पकड़ और बेहतरीन लोकप्रियता का संदेश प्रसारित कर दिया हाजी फैजान खान द्वारा कहा गया कि आज उत्तर प्रदेश के अंदर आम जनता जिस दर्द का सामना कर रही है वह अपने आप में एक काला अध्याय है उन्होंने कहा कि धार्मिक होने का ढोंग रचने वाले मुख्यमंत्री हकीकत में कभी जनता की समस्या को जानने का प्रयास ही नहीं कर रहे हैं उन्होंने साफ तौर से कहा कि झूठ और चापलूसी के चलते प्रदेश की जनता आज असहाय होकर रह गई है लेकिन जनता का अपमान समाजवादी पार्टी किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी और आवश्यकता पड़ने पर जेल भरो आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेगी। गौरतलब रहे कि समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में जनता के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर गुरुवार को पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम प्रस्तावित था समाजवादी पार्टी से भोगनीपुर विधानसभा का टिकट मांग रहे लोकप्रिय युवा सपा नेता हाजी फैजान खान द्वारा अपनी मेहनत और लगन के जरिए कार्यक्रम को सफलता की बुलंदिया दिलाने का काम किया गया हजारों कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे हाजी फैजान खान द्वारा कहा गया कि जिस प्रकार सत्य का एक अपना अलग अस्तित्व होता है इस प्रकार झूठ की भी एक उम्र होती है उन्होंने कहा कि योगी और मोदी की सरकार ने जनता को केवल खिलौना समझकर खेलने का काम किया है जिसे जनता ने खूब अच्छी तरह समझ लिया है इसलिए वह दिन दूर नहीं जब भारत देश भारतीय जनता पार्टी के झूठ से मुक्त होकर विकास की अपनी एक अलग इबारत लिखने का काम करेगा उन्होंने सभी से खुलकर रावण किया कि समय रहते सभी लोग समाजवादी पार्टी के साथ खड़े हो जाएं क्योंकि जुल्म और जालिमों की हुकूमत में इंसान से इंसान का इंसानियत भरा रिश्ता छीनने का काम किया है जिसे कतई क्षमा नहीं किया जाएगा हाजी फैजान खान द्वारा सभी से एकजुट होकर अखिलेश यादव को मजबूत करने का आवाहन किया गया।

## संत मिलन दास हत्याकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजे गए गंभीर धाराओं में हुई बढ़ोतरी

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) बांगरमऊ उन्नाव। नगर के मोहल्ला घूरे टोला निवासी संत मिलन दास की बीते मंगलवार को हुई निर्मम हत्या में कोतवाली पुलिस ने अभियुक्त मो सफी पुत्र जान मोहम्मद व यामीन पुत्र जाबिर अली निवासी मोहल्ला पुरबिया टोला व लल्ली उर्फ अजय गौतम पुत्र दुर्गादीन निवासी मोहल्ला गुलाम मुस्तफा को आज जेल भेजा है। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि मृतक के भाई वीरेंद्र सिंह ने कुल पांच लोगों के विरुद्ध कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने आज गुरूवार की सुबह कल्याणी नदी पुल के निकट से हत्या की घटना में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। विवेचना में ज्ञात हुआ कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों ने एक राय होकर घटना कारित की है।

# जुल्म और जालिमों की झूठी हुकूमत को उखाड़ फेंकने का संकल्प ग्रहण कर किया विरोध प्रदर्शन

**गुरुवार को जिला मुख्यालय बना समाजवादी पार्टी की एकजुटता का गवाह पूर्व सांसद राजा रामपाल जिला अध्यक्ष अरुण यादव बबलू राजा पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी वीर सेन यादव जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राम सिंह यादव पाल महासभा के जिला अध्यक्ष अमर सिंह पाल एवं समाजवादी पार्टी की फायर ब्रांड महिला नेत्री डॉक्टर सीता यादव ने जुटाई हजारों की भीड़ 20 27 में अखिलेश को कम बनाने का गंभीरता से लिया गया संकल्प छावनी बना रहा मुख्यालय**



**कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व सांसद राजा रामपाल जिला अध्यक्ष बबलू राजा वीर सेन यादव अमर सिंह पाल आदि जमीन पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करती सपा की फायर ब्रांड महिला नेत्री डॉक्टर सीता यादव**



स्वतंत्र भारत ब्यूरो
माती कानपुर देहात। महंगाई बेरोजगारी और युवाओं तथा किसानों की समस्याओं को लेकर जिले में आज विपक्ष की दमदार मजबूती का खुलकर प्रदर्शन किया गया शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर समाजवादी पार्टी के बैनर तले जिला मुख्यालय पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया सपा जिला अध्यक्ष अरुण यादव बबलू राजा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में एकत्र हुए सपा कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए गगन भेदी नारों से मुख्यालय का माहौल सपामय बना रहा पूर्व सांसद राजा रामपाल द्वारा कहा गया कि जनता को मूर्ख बनाने का जो इतिहास भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की सरकारों ने बनाने का काम किया है उसे आदि अनादि काल तक याद रखा जाएगा क्योंकि भाजपा के झूठ का कोई पैमाना ही नहीं रहा पूर्व जिला अध्यक्ष वरिष्ठ नेता चौधरी वीर सेन यादव द्वारा कहा गया कि समय की यह कैसी विडंबना है कि देश का पीएम और प्रदेश का सीएम मीडिया के सामने दिन.रात यह बयान दे रहे हैं कि उन्होंने कानून का राज्य स्थापित कर रखा है लेकिन हकीकत देखने का समय उनके पास नहीं है जिसमें यह सामने आता है की युवा अपने हाथों को रोजगार देने के नाम पर लाठी खा रहे हैं किसान यूरिया के लिए धक्के खा रहा है महिलाओं की अस्मत सुरक्षित नहीं है थाने और चौकिया को दलालों ने अपना अड्डा बना रखा है ऐसे में हम कैसे मान लें कि कानून का राज्य स्थापित है उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता के साथ खड़ी है और समाजवादी पार्टी के रहते जनता का अपमान नहीं होने दिया जाएगा इसके लिए अगर जेल जाना पड़ा तो पीछे नहीं हटेंगे।

केंद्र और प्रदेश सरकार के विरुद्ध पीडीए द्वारा 11 जून को पूर्व प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किए जाने का आवाहन किया गया था सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम में समाजवादियों की सम्मानजनक स्थिति दिखाई दी हजारों की संख्या में अलग.अलग स्थान से पहुंचे सपा कार्यकर्ताओं के उत्साह और जोश से मुख्यालय का माहौल समाजवादी पार्टी के पक्ष में साफ तौर से दिखाई दिया सपा कार्यालय पर एकत्र हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद राजारमपाल द्वारा कहा गया कि पुरजोर जुर्म के टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है इस बात को सच साबित करने का यह बिल्कुल सही समय है उन्होंने कहा कि न्याय के लिए व्यक्ति मारा मारा घूम रहा है उसकी बात सुनने वाला कोई नहीं है लेकिन सरकार के नुमाइंदे मंदिरों में बैठकर पूजा कर रहे हैं और 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने की बधाई दे रहे हैं उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी केवल जनता के अधिकारों की सुरक्षा के लिए बनी है इसलिए जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने साफ तौर से कहा कि जुल्म और जालिमों की इन हुकूमतों को उखाड़ फेंकना ही समाजवादी पार्टी का नैतिक दायित्व है सपा जिला अध्यक्ष अरुण यादव बबलू राजा द्वारा कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में आज प्रदेश और देश के अंदर हर तबका दुखी है उन्होंने कहा कि जरूरतमंद को न्याय नहीं मिल रहा है और पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है इसलिए हम कैसे माने की प्रदेश में और देश में ईमानदार सरकारे मौजूद हैं उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जिस दिन इशारा हो जाएगा समाजवादी पार्टी का समर्पित सिपाही प्रदेश और देश से झूठ और बेईमान लोगों की हुकूमत को उखाड़ फेंकने का काम पूरे समर्पण भाव से कर दिखाएंगे पूर्व सपा जिला अध्यक्ष चौधरी वीर सेन यादव द्वारा कहा गया कि सोचने का विषय है यदि जनता को उसके घर के आसपास ही आसान एवं शुलभ न्याय उपलब्ध कराने का काम जिले के अधिकारी कर रहे है

# ट्रांसफर-पोस्टिंग पर उठे सवाल, इंस्पेक्टर ने दिया इस्तीफा

**-जूनियर को दिया जा रहा सीनियर का चार्ज**

**-एडीसीपी क्राइम को सौंपी गई जांच**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

कानपुर। पुलिस कमिश्नरेट के इंस्पेक्टर ने थानेदारों की ट्रांसफर-पोस्टिंग पर सवाल खड़ा कर दिया। साइबर थाना में जूनियर के अंडर में तैनात एक इंस्पेक्टर ने इस्तीफा दे दिया। आरोप है कि साइबर थाने में मेरी पोस्टिंग हुई है, जबकि थाना प्रभारी मुझसे जूनियर हैं। ट्रांसफर पोस्टिंग नियमावली का उल्लंघन हो रहा है। इसके बाद से पुलिस अफसरों के बीच हड़कंप मच गया। इस साथ ही अन्य पुलिस कर्मियों ने भी पत्र देते हुए खुद को अपनी तैनाती स्थल से हटाकर दूसरी जगह नियुक्ति की मांग की है। मामले की जांच एडीसीपी क्राइम को सौंपा गया है।

कानपुर साइबर थाने में मौजूदा समय सतीश कुमार थाना प्रभारी हैं। साइबर थाने में तैनात इंस्पेक्टर विनय शर्मा ने गुरुवार को डीसीपी क्राइम के ऑफिस में पहुंचकर अपना इस्तीफा सौंप दिया। विनय शर्मा ने कहा कि साइबर थाना प्रभारी 2010 या 2013 बैच के हैं, जबकि मैं 2005 बैच का हूं। मेरी साइबर थाने में पोस्टिंग हुई है, जबकि थाना प्रभारी मुझसे जूनियर हैं। इसी बात को लेकर हमने अपनी बात रखी है कि आखिर जूनियर के अंडर में कैसे काम कर सकते हैं। नियमानुसार तो हमारी पोस्टिंग यहां पर होनी ही नहीं चाहिए। नियमों के मुताबिक तो मेरे समझकक्ष हो या सीनियर के अंडर में मेरी तैनाती होनी चाहिए। ये तो सीधे-सीधे नियमों का उल्लंघन है। जूनियर का आदेश सीनियर कैसे मानेगा। चाहे भले ही उसे कुछ नहीं आता हो, लेकिन नियमावली का पालन होना चाहिए जिससे अनुशासन बना रहे। विनय शर्मा ने कहा कि मेरा ट्रांसफर क्राइमब्रांच हुआ था तो वहीं बना रहने दें। इससे मैं किसी सीनियर के अंडर में अपनी नौकरी कर सकूं। विनय शर्मा के इस्तीफे की पेशकश करने के बाद साइबर थाने में ही तैनात इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने भी खुद को हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। राजेश ने प्रार्थना पत्र में मांग की है कि उन्हें साइबर थाने से हटाकर क्राइमब्रांच में अटैच कर दिया जाए। इसके पीछे उन्होंने भी अपने जूनियर को थाना प्रभारी होने की वजह बताई है। इस्तीफे की पेशकश करने के बाद से पुलिस अफसरों के बीच हड़कंप मच गया। डीसीपी क्राइम श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मामले की विनय शर्मा के प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेकर एडीसीपी क्राइम अंजलि विश्वकर्मा को जांच दी गई है। उनके बयान दर्ज होने के बाद ही साफ हो सकेगा कि उनकी मंशा क्या है।

## *नाबालिग किशोरों ने की थी डॉक्टर के घर चोरी, एक गिरफ्तार*

*स्वतंत्र भारत ब्यूरो*

*कानपुर। डॉक्टर के घर से ढाई लाख की चोरी करने वाले एक नाबालिग को नौबस्ता पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं एक अन्य फरार किशोर की तलाश की जा रही है। शातिरों ने तीन दिन में दो बार चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। डीसीपी साउथ दीपेन्द्रनाथ चौधरी ने बताया कि वाई ब्लॉक किदवई नगर निवासी उपेंद्र सिंह के घर से कुछ दूरी पर उनकी बहन रानी सिंह का मकान है। रानी के पति मान सिंह एनिस्थीसिया के डॉक्टर थे, जिनका 20 साल पहले कैंसर की बीमारी के कारण देहांत हो चुका है। 26 मई को रानी स्पाइन का इलाज कराने के लिए फरीदाबाद गई हुई थी, मकान की चाभी उनके भाई उपेन्द्र के पास थी। 10 जून को रानी को वापस लौटना था, जिस पर उपेन्द्र घर की सफाई करने पहुंचे, तो गृहस्थी का सामान बिखरा पड़ा मिला था और अलमारी में रखे 10 हजार कैश व ढाई लाख के जेवरात गायब थे। नौबस्ता पुलिस ने मकान ने लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो छत में लगे एक छोटे से जाल से एक किशोर घर में दाखिल होते हुए नजर आए। इससे पहले 4 जून को किशोर ने अपने एक और साथी के साथ मिलकर चोरी की थी, 7 जून को वह बचा हुआ माल समेटने के लिए आए थे। डीसीपी ने बताया कि उपेंद्र सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश के लिए दो टीमें लगी थी। पुलिस ने वाई ब्लॉक से मछरिया तक करीब 60 सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर एक बाल आपचारी को यशोदा नगर प्रताप होटल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी किशोर के पास से एक जोड़ी पायल, चार चांदी के सिक्के, बिछिया समेत अन्य माल बरादम किया गया है। फरार किशोर की तलाश की जा रही है।*

## खबर एक नजर

### दिनेश तीसरी बार निर्विरोध बने केस्को महामंत्री

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। अपर श्रम आयुक्त कानपुर शमीम अख्तर ने संविदा कर्मचारी संगठन केस्को के रजिस्टर्ड महामंत्री के रूप में श्रम विभाग की पंजिका में दिनेश सिंह भोले को घोषित किया है। श्रम विभाग ट्रेड यूनियंस सब रजिस्ट्रार संतोष कुमार ने अपर श्रम आयुक्त शमीम अख्तर के हस्ताक्षर पत्र की प्रति केस्को महामंत्री दिनेश सिंह भोले को दी। इसके साथ ही तीसरी बार केस्को संविदा कर्मचारियों के पंजीकृत महामंत्री बनने की बधाई दी। इस मौके पर केस्को महामंत्री दिनेश सिंह भोले ने कहा कि संविदा कर्मचारियों के लिए निरंतर सतत् संघर्ष जारी रहेगा।

### गंगा स्नान करने आए युवकों पर पूजारी ने बरसाए डंडे

**-वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने शुरू की जांच**

**-महाराजपुर थाना क्षेत्र के ड्यूढ़ी घाट का मामला**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कानपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र के ड्योढ़ी घाट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें मंदिर परिसर के पुजारी दो नाबालिग बच्चों और कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर गंगा स्नान करने आए दो युवकों पर लाठी-डंडों से हमला करते दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि इस हिंसक घटना में छोटे-छोटे बच्चों को भी शामिल किया गया और उनसे भी युवकों पर डंडों से वार कराया गया। युवकों की पहचान रामदीन और पप्पू के रूप में हुई है। दोनों लोग जमदा गांव के पास नदी में मछली पकड़ने गए थे। मंदिर परिसर के लोग स्टीमर से करीब एक किलोमीटर दूर जाकर जबरन साथ पकड़ लाए और फिर मंदिर लेकर पिटाई की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर जैसे धार्मिक और शांतिपूर्ण स्थल पर इस तरह की गुंडागर्दी बेहद चिंताजनक है। उनका मानना है कि बच्चों को शिक्षा और संस्कार की सीख मिलनी चाहिए न कि हिंसा और भय का माहौल बनाना चाहिए। लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वही मामले में महाराजपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें नहीं हैए लेकिन जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### जलभराव वाले क्षेत्रों की रिपोर्ट तैयार करेंगे नगर निगम व मेट्रो अधिकारी



स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय ने गुरूवार को नगर निगम एवं कानपुर मेट्रो कारपोरेशन के साथ बैठक कर जलभराव एवं अन्य विषयों पर चर्चा की। बैठक में प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा कि नगर निगम के सभी डिजिटल डिस्प्ले बोर्डों पर कंटेंट का प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा नगर निगम की पार्किंग ऐप में कानपुर मेट्रो की पार्किंग सुविधाओं को भी एकीकृत किया जाये, जिससे लोगों को पार्किंग हेतु अधिक जानकारी मिल सके। इस संबंध में नगर आयुक्त ने सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान में पार्किंग ऐप टेंडरिंग प्रक्रिया में है। ऐप के विकसित और संचालन हेतु तैयार हो जाने के बाद उसमें कानपुर मेट्रो की पार्किंग सुविधाओं को भी एकीकरण कर दिया जाएगा। वर्तमान में नगर निगम सीमान्तर्गत मेट्रो के कारण वार्ड-93 के अन्तर्गत गोविन्द नगर नन्दलाल चैराहे, सेन्ट्रल स्टेशन परिसर, वार्ड-42 के अन्तर्गत परेड चैराहे, पीपीएन मार्केट, डबल पुलिया से विजय नगर तक व विजय नगर से सीटीआई चौराहे तक जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिस पर नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि नगर निगम व मेट्रो के अधिकारी संयुक्त निरीक्षण कर बरसात के पूर्व यथोचित कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह में अपनी संयुक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त देवकी चैराहे पर मेट्रो द्वारा जो डॉट नाला क्षतिग्रस्त किया गया है, उसकी मरम्मत का कार्य व 100 मीटर नाले की सफाई का कार्य मेट्रो द्वारा एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण कराना किया जायें, जिससे बरसात के समय जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो सके। बैठक में मुख्य अभियंता जैदी, प्रोजेक्ट निदेशक मेट्रो अरविन्द मीना, मुख्य प्रोजेक्ट मैनेजर अजहर सरताज, श्री शिशिर कुमार श्रीवास्तव समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।



## डीएम की फटकार के 24 घंटे भीतर ही गांवों में शुरू हुई जलापूर्ति

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकासखंड चौबेपुर के ग्राम बौढ़नपुर-चौधरीपुर में निर्मित पेयजल परियोजना से जलापूर्ति प्रारंभ कर दी गई है। बुधवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था के अफसरों को फटकार लगाई थी। जिसके 24 घंटे के भीतर ही वीटीएल द्वारा गांव में पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी गई। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि परियोजना के सभी प्रमुख कार्य पूर्ण होने के बावजूद जलापूर्ति प्रारंभ नहीं हुई थी। इस पर उन्होंने कार्यदायी संस्था विंध्य टेलीलिंक्स लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज कुमार द्विवेदी से वार्ता कर जलापूर्ति तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश दिए थे। कार्यदायी संस्था के अनुसार परियोजना के अंतर्गत पंप हाउस, बाउंड्री वॉल, रिचार्ज पिट, सोलर सिस्टम, मोटर पंप, डीजी सेट, पाइपलाइन एवं घरेलू कनेक्शन सहित सभी प्रमुख कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। ओवरहेड टैंक में डीआई पाइप से संबंधित कार्य के कारण जलापूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित थी, जिसे दूर करते हुए आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई। लगभग 3.45 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस परियोजना से तीन ग्रामों के 663 परिवारों तथा लगभग 3,466 की आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होगा। योजना के अंतर्गत 9,782 मीटर पाइपलाइन बिछाई गई है। जलापूर्ति प्रारंभ होने से सभी कनेक्शन प्राप्त घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने लगा है। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन से जुड़ी सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है, वहां बिना अनावश्यक विलंब के नियमित जलापूर्ति प्रारंभ कराई जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा जब उनका लाभ समयबद्ध रूप से आमजन तक पहुंचे और प्रत्येक पात्र परिवार को घर पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

## खुदी सड़क के विरोध में खुद मुंडने करने लगे व्यापारी नेता



**-उस्तरा लगने से सिर से निकला खून, पुलिस ने हिरासत में लिया**

**-दस दिन पूर्व सड़क हादसे में हुई थी दम्पत्ति की मौत**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। जाजमऊ नई चुंगी से एयरपोर्ट तक की सड़क खुदी पड़ी है। जिस कारण लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। शनिवार को सोलंकी धर्मकांटे के पास स्कूटी सवार दम्पत्ति को ट्रक ने रौंद दिया था। जिसके बाद विरोध में गुरुवार को घटनास्थल पर मुंडन कराकर विरोध जता रहे व्यापारी नेता को रोकने पहुंची पुलिस से उनकी नोकझोंक हो गई। इस दौरान उनके सिर में चोट लग गई और वह लहूलुहान हो गए। बाद में पुलिस ने उन्हें और उनके एक साथी को हिरासत में ले लिया। मामले में दूसरे दिन विधायक हसन रूमी ने मौके का जायजा लिया था। पिछले शनिवार को एक बुजुर्ग दंपत्ति स्कूटी मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया था, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों में आक्रोश व्याप्त है और दोषी चालक के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। जिसके विरोध में जाजमऊ व्यापार मंडल अध्यक्ष गुरुवार दोपहर घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने विरोध दर्ज कराने के लिए सार्वजनिक रूप से अपना मुंडन कराना शुरू कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची जाजमऊ पुलिस ने उन्हें समझने का प्रयास किया। इस पर साथ मे उस्तरा लेकर बैठे अखलाक ने खुद ही बाल घोंटने शुरू कर दिया। उस्तरा सिर पर लगमे से खून निकलने लगा। जिस पर पुलिस ने उस्तरा छीनकर अपने साथ ले गई। व्यापारी संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि बुजुर्ग दंपत्ति की मौत के मामले में न्याय और सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा था। वहीं पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

## ट्रांसपोर्ट मैनेजर की पत्नी के साथ लूट करने वाला गिरफ्तार, साथी फरार



**-सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से हुई थी बाइक की पहचान**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। नौबस्ता में मॉर्निंग वॉक पर निकली ट्रांसपोर्ट मैनेजर की पत्नी का मंगलसूत्र छीनकर भागने वाले एक लुटेरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी फरार हो गया। पुलिस को पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से लुटेरों का बाइक नंबर मिला था। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया।

डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि आवास विकास हंसपुरम निवासी राजेंद्र मिश्रा ट्रांसपोर्ट में मैनजर हैं। राजेंद्र की पत्नी कुसुम पड़ोस की महिला के साथ 5 जून को मॉर्निंग वॉक पर निकली थी, तभी बाइक से दो लड़के पहुंचे। उनमें से एक ने सकरापुर जाने का रास्ता पूछने लगा। इस पर कुसुम ने ने कहा मुझे नहीं मालूम किसी और से पूछो। इतना कहकर वह आगे बढ़ी, तभी उसने झपट्टा मारकर गले में पड़ा मंगलसूत्र तोड़ लिया और स्टार्ट बाइक लिए खड़े साथी के साथ भाग निकला। उनकी पत्नी शोर मचाते हुए पीछे दौड़ी और आसपास के लोग उनकी आवाज सुनकर कुछ समझ पाते, तब तक बाइक सवार लुटेरे आफिस चौराहे से होते भाग गए। डीसीपी ने लूट के बाद भाग रहे आरोपियों की बाइक 100 मीटर दूर फिसल गई थी, कुछ दूर चलने पर उनकी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। जिस पर वह बाइक घसीटते हुए नौबस्ता गल्लामंडी के पास स्थित पेट्रोल पंप पहुंचे, जहां उन्होंने पेट्रोल भरवाया। पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से लुटेरों का पुलिस को बाइक नंबर मिला था। जिसके बाद लुटेरों की पहचान हुई। डीसीपी ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए 2 टीमें लगी थी, नौबस्ता गल्लामंडी से लेकर बिधनू तक 150 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। घटना को अंजाम देने वाले धरीपुरवा नौबस्ता निवासी सर्वेश कुमार को तिवारी चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक तमंचा और 3450 रुपए बरामद किए गए है। आरोपी के एक अन्य फरार साथी की तलाश की जा रही है।



## राम प्रसाद बिस्मिल की जयन्ती पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। पर्यावरण विकास संस्थान के तत्वावधान में बाबूपुरवा कोलानी स्थित कार्यालय में गुरूवार को अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल की जयन्ती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धेय बिस्मिल जी के चित्र पर माल्यार्पण करके उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुये पर्यावरण विकास संस्थान के संयोजक राकेन्द्र मोहन तिवारी ने कहा कि रामप्रसाद बिस्मिल ने देश आजादी की लड़ाई में अपना सर्वोच्च बलिदान देकर राष्ट्र प्रेम की भावना का संचार कर दिया था। आज की युवा पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देशहित में फैली भ्रांतियों को समाप्त कर विकास का मार्ग चुनना चाहिए। शिक्षाविद उमेश शुक्ला ने कहा कि अमर शहीद राम प्रसाद बिस्मिल महान क्रांतिकारी होने के साथ-साथ एक साहित्यकार भी थे उनकी लिखी हुयी कृतियां आज भी साहित्य जगत के लिये धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि काकोरी एक्सन के द्वारा बिस्मिल के नेतृत्व में क्रांतिकारियों ने विदेशी हुकुमत की नींव हिला दी थी। संगोष्ठी में प्रमुख रूप से राकेन्द्र मोहन तिवारी, उमेश शुक्ला, मो अतहर, शैलेन्द्र मोहन तिवारी, प्रेम सागर दुबे, राकेश मिश्रा, दिव्यांशु मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

## जीआरपी ने 9 साल बाद वारंटी को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

कानपुर। चोरी के मामले से 9 वर्षों से फरार चल रहे वारंटी को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी 2017 के चोरी के मामले में जेल गया था। जमानत पर बाहर आने के बाद से फरार था।

जीआरपी कानपुर सेंट्रल के प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरूवार को वारंटी अभियुक्त सलमान पुत्र अब्दुल अजीज को गिरफ्तार किया। आरोपी नौबस्ता मोहल्ला कुंहार मंडी पानी की टंकी के पास का रहने वाला है। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी था और वह काफी समय से फरार चल रहा था। जीआरपी टीम ने उसे उसके घर के बाहर से गिरफ्तार किया।



## विधायक मैथानी ने किया 10 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कानपुर। गोविंद नगर विधानसभा में विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने देस लाख चालीस हजार की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया। इस मौके पर विधायक मैथानी ने कहा कि क्षेत्र की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। गोविंद नगर विधानसभा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पानी की किल्लत को दूर करने के लिए 4 नए सबमर्सिबल पंप लगाने के कार्य का शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय नागरिकों की सुविधा के लिए तिकोनिया पार्क में एक भव्य टीन शेड का निर्माण कराया जा रहा है। शास्त्री नगर स्थित प्रसिद्ध काली मठिया मंदिर के सामने एक आधुनिक शौचालय का निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। विधायक ने कहा कि योगी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मूल मंत्र पर काम कर रही है। विकास का यह पहिया रुकने वाला नहीं है, विधानसभा के हर वार्ड को आदर्श वार्ड बनाया जाएगा। भूमि पूजन के दौरान मंडल अध्यक्ष अजय राय, अजय श्रीवास्तव, सर्वेश शुक्ला, अरुण दुबे, राघवेंद्र दुबे, अनामिका श्रीवास्तव, शोभा शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।



## जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में हुआ एएनआरपी प्रशिक्षण का आयोजन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कानपुर। नवजात शिशुओं की आपातकालीन देखभाल एवं पुनर्जीवन कौशल को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के के बाल रोग विभाग द्वारा एडवांस्ड नियोनेटल रिससिटेशन प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुरेन्द्र बिष्ट द्वारा प्रशिक्षक के रूप में किया गया। सह-प्रशिक्षकों के रूप में डॉ यशवंत कुमार राव, डॉ रमेश चौधरी, डॉ शैलेन्द्र कुमार गौतम एवं डॉ ब्रजेन्द्र सिंह ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस दौरान प्रतिभागियों को नवजात शिशुओं में जन्म के समय उत्पन्न होने वाली आपातकालीन परिस्थितियों के प्रबंधन, प्रभावी वेंटिलेशन, छाती दबाव, औषधियों के उपयोग तथा टीम-आधारित पुनर्जीवन तकनीकों का व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विभिन्न सिमुलेशन आधारित अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों को वास्तविक परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने का प्रशिक्षण दिया गया। बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉ एसके गौतम ने कहा कि नवजात मृत्यु दर को कम करने एवं गुणवत्तापूर्ण नवजात देखभाल सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कौशल-विकास कार्यक्रमों के नियमित आयोजन पर बल दिया। कार्यक्रम में विभाग के चिकित्सकों, रेजिडेंट्स एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नवजात पुनर्जीवन संबंधी नवीनतम प्रोटोकॉल एवं तकनीकों की जानकारी प्राप्त की।

## मकान दिलाने का झांसा देकर की लाखों की ठगी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कानपुर। मकान दिलाने का झांसा देकर एक दलित युवक से लाखों रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने जाजमऊ थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट कराई है। पीड़ित अमित गौतम ने बताया कि दिसंबर 2023 में सत्यम तिवारी ने उन्हें बताया कि सरकारी आवास योजना के तहत कॉलोनी आवंटन के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं और 45 हजार रुपये देने पर आवास की गारंटी का वादा किया। इस पर अमित ने 20 हजार रुपये नकद दिए। बाद में सत्यम तिवारी और नौशाद अली फर्जी आवंटन पत्र और रसीद लेकर अमित के पास पहुंचे और शेष राशि भी ले ली। आरोप है कि दोनों ने एक वेबसाइट का लिंक देकर पीड़ित का नाम सूची में दिखाया, जिससे अमित का भरोसा और बढ़ गया। कॉलोनी का कब्जा दिलाने के नाम पर उनसे अतिरिक्त धनराशि की मांग की गई। मई 2024 में अमित ने नौशाद अली के बैंक खाते में कई किश्तों में हजारों रुपये जमा किए। काफी समय बीतने के बाद भी जब अमित को न तो कॉलोनी मिली और न ही कब्जा, तो उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने पैसे लौटाने से साफ इनकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें रास्ते में रोककर मारपीट की और जातिसूचक अपशब्द कहे। अमित गौतम ने बताया कि जब वह शिकायत दर्ज कराने जाजमऊ थाने पहुंचे, तो उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। बाद में जांच-पड़ताल में उन्हें पता चला कि आरोपियों और उनके साथियों के खिलाफ पहले से भी विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पीड़ित ने गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जाजमऊ थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## भूलेख खतौनी में फर्जीवाड़े का आरोप, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। बिंदकी तहसील क्षेत्र के ग्राम थानपुर के ग्रामीणों ने भूलेख खतौनी में हेरफेर कर अवैध रूप से नाम दर्ज कराने का आरोप लगाया है। इस संबंध में गुरुवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी करते हुए अपर उपजिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि क्षेत्रीय लेखपाल की मिलीभगत से थानपुर निवासी कोमल पत्नी विपिन, छिवली निवासी रूबी सिंह पत्नी अमोल सिंह और दरियापुर निवासी सुनील कुमार पुत्र राम बहादुर के नाम फर्जी तरीके से खतौनी में दर्ज करा दिए गए हैं, जबकि इन गाटा संख्याओं की कोई पुरानी खतौनी उपलब्ध नहीं है। ग्रामीणों ने इस पूरे प्रकरण को भूलेख विभाग का बड़ा फर्जीवाड़ा बताते हुए संबंधित अधिकारियों से निष्पक्ष जांच के आदेश देने की अपील की है। इस मौके पर राकेश, रामश्री, सियादुलारी, राम दुलारी, गंगादेई, अरविन्द, शिव कुमार, नीशू, राधा, शालिनी, राजेश, शिवकुमारी, बलराज, सुखराम, प्रेमा देवी, मलखान, सोनू, सुखराम निषाद, राम प्रकाश, राजू, अनिल, प्रदीप आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## तालाब पर अवैध कब्जे के खिलाफ कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्रामीण

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। बहुआ विकास खंड के हरियापुर गांव में स्थित जमादारन तालाब पर दबंगों द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत लेकर ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्राम प्रधान राकेश प्रजापति की अगुवाई में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर मेरा गांव मेरा तालाब योजना के तहत तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने और उसके सौंदर्यीकरण की गुहार लगाई। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही कुछ रसूखदार लोगों रामकृपाल साहू, जयकरन और शरीफ आदि ने गाटा संख्या 121 पर स्थित इस पुराने तालाब में मिट्टी और कूड़ा-कचरा डालकर उसे बंद कर दिया है। तालाब बंद होने से आसपास के रास्तों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है, जिससे संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर भी शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन से मांग की गई है कि अवैध कब्जा हटाकर तालाब को पुनर्जीवित किया जाए ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस अवसर पर अजय सिंह, रवि पटेल, अमर सिंह, अशोक पटेल, सलीम खान, शब्बीर, यूनुस, राजू आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## पीएसी परिसर में पूर्वी जोन वॉलीबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता का शुभारंभ

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। 12वीं वाहिनी पीएसी परिसर में गुरुवार को 30वीं अंतरवाहिनी पीएसी पूर्वी जोन वॉलीबॉल एवं सेपक टाकरॉ क्लस्टर प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने किया। उद्घाटन समारोह में पूर्वी जोन की विभिन्न वाहिनियों से आए खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और मार्च पास्ट किया। पुलिस अधीक्षक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं बल्कि मानसिक मजबूती, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास करते हैं। पुलिस बल के जवानों के लिए खेल गतिविधियां बेहद महत्वपूर्ण हैं, जो उन्हें तनावमुक्त और सक्रिय बनाए रखने में सहायक होती हैं। इस अवसर पर 12वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक ने पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। उद्घाटन के साथ ही मैदान पर रोमांचक मुकाबलों का सिलसिला शुरू हो गया है, जिसमें विभिन्न वाहिनियों के खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आयोजन को लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## व्यापारियों को मिले 50 लाख का बीमा व पेंशन व्यापार मंडल

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन राज्य कर विभाग के अधिकारियों को सौंपकर जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों के हित में बड़ी मांगें डबझ्ञनजंप हैं। संगठन के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, उपाध्यक्ष राजीव मेहरोत्रा और युवा जिलाध्यक्ष अरशद हाशमी उर्फ मोनू द्वारा सौंपे गए इस ज्ञापन में व्यापारियों की सुरक्षा और भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। व्यापार मंडल की मांग है कि जीएसटी के अंतर्गत पंजीकृत व्यापारियों के लिए वर्तमान में लागू 10 लाख की दुर्घटना बीमा राशि को बढ़ाकर 50 लाख किया जाए। इसके साथ ही, वृद्ध एवं असहाय व्यापारियों के सुरक्षित जीवन यापन के लिए 15,000 प्रति माह पेंशन राशि आवंटित की जाए। संगठन का कहना है कि इन जनहितकारी योजनाओं के लागू होने से न सिर्फ व्यापारी खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे, बल्कि इससे प्रेरित होकर राज्य के सूक्ष्म व मध्यम श्रेणी के अन्य व्यापारी भी जीएसटी पंजीयन कराएंगे, जिससे अंततः सरकार के राजस्व में भारी वृद्धि होगी।

## छिनैती की घटना का खुलासा, चोरी के माल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

बिंदकी (फतेहपुर)। बिंदकी कोतवाली पुलिस ने बैलाही बाजार में हुई छिनैती की घटना का अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आदिल राइम उम्र करीब 20 वर्ष (पुत्र जमाल, निवासी मोहल्ला जहानपुर, कस्बा बिंदकी) के रूप में हुई है, जिसे खजुहा रोड स्थित नहर के पास से दबोचा गया। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाइल फोन, एक हाथ की घड़ी और 8300 रुपये नकद बरामद किए हैं। इस सफलता को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक चंदन सिंह, उपनिरीक्षक नीरज मौर्य, कांस्टेबल अरविंद सिंह और कांस्टेबल नरेंद्र बुंदेला शामिल रहे। पुलिस के अनुसार यह घटना बीते दिनों 7 मई को सुबह करीब 10 बजे हुई थी, जब ग्राम जिगनी निवासी मसरतुन निशा पत्नी मोहम्मद हसन बैलाही बाजार में सब्जी खरीद रही थीं, तभी चोर उनका बैग छीनकर फरार हो गया था।

## नकबजनी मामले में अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी का अनाज बरामद

बिंदकी (फतेहपुर)। कोतवाली पुलिस ने ग्राम भगौनापुर में हुई नकबजनी की घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को चोरी के माल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए गुरुवार सुबह करीब 11 बजे उसे न्यायालय पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पकड़े गए अभियुक्त की पहचान अमन उम्र करीब 24 वर्ष (पुत्र रज्जन रैदास, निवासी ग्राम हरी खेड़ा, थाना बिंदकी) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से 03 बोरियों में कुल एक क्विंटल दो किलो सौ ग्राम गेहूं तथा चार बोरियों में कुल नब्बे किलो सौ ग्राम लाही-सरसों बरामद की है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उपनिरीक्षक बृजेंद्र कुमार, उपनिरीक्षक जयलाल, कांस्टेबल अफजाल अहमद और कांस्टेबल राहुल सिंह शामिल रहे।

## लूट और जानलेवा हमले के 03 दोषियों को 10-10 साल की बामशक्कत कैद

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। न्यायालय ने लूट और जानलेवा हमले के बारह वर्ष पुराने एक चर्चित मामले में त्वरित फैसला सुनाते हुए तीन अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। अदालत ने तीनों दोषियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है और उन पर प्रत्येक को 75-75 हजार रुपये (कुल 2 लाख 25 हजार रुपये) का भारी अर्थदंड भी लगाया है। मामला ललौली थाने में 18 जनवरी 2014 को तत्कालीन वादी निरीक्षक छविनारायण सिंह की तहरीर पर दर्ज हुआ था, जिसमें रायबरेली जनपद के सरेनी क्षेत्र के ग्राम गेगासो निवासी मनीष कश्यप, गोलू उर्फ हिमांशु गुप्ता और रंजीत साहू को नामजद किया गया था। इस मामले को ऑपरेशन कंविक्शन के तहत चिन्हित कर मॉनिटरिंग सेल और स्थानीय पुलिस द्वारा लगातार ट्रैक किया गया।

## हत्या के प्रयास का वांछित आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत ललौली थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल किया गया धारदार चाकू भी बरामद किया है,

# फतेहपुर सहित प्रदेश के 44 जिलों में बाढ़ पूर्व मॉक ड्रिल

**- पाण्डु नदी के कटान स्थलों का लिया जायजा**



फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश सरकार एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में जनपद में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। शासन द्वारा फतेहपुर को बाढ़ के प्रति संवेदनशील जनपदों की सूची में शामिल किए जाने के बाद तहसील बिंदकी के ग्राम बिंदकी फार्म में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की उपस्थिति में मेगा मॉकड्रिल संपन्न हुई। अधिकारियों ने पाण्डु नदी से हुए कटान स्थलों का जायजा लेते हुए अधिशाषी अभियंता निचली गंगा नहर को तत्काल गांव को बचाने हेतु परियोजना बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित गांवों में गर्भवती महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों, गंभीर मरीजों और पशुओं की सूची तैयार कर समय से टीकाकरण पूर्ण करें। इसके साथ ही स्वच्छ पेयजल हेतु क्लोरीन का भंडारण करने, ओआरएस वितरण और ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनपद के 05 विभिन्न स्थानों जैसे ओमघाट भिटौरा, पल्टू का पुरवा (मजरे ललौली), बिंदकी फार्म और खागा में बाढ़ राहत शिविर व बाढ़ चैकियों की स्थापना और सुरक्षित निकासी का मॉकड्रिल संबंधित उपजिलाधिकारियों व तहसीलदारों के नेतृत्व में कराया गया। जिला आपदा विशेषज्ञ ने जानकारी दी कि कलेक्ट्रेट में स्थापित जिला आपदा नियंत्रण कक्ष 24-7 संचालित है। किसी भी आपदा संबंधी सहायता या शिकायत के लिए नागरिक हेल्पलाइन नंबर 05180-298632 और 9454417876 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बिंदकी, नायब तहसीलदार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और अधिशाषी अभियंता सिंचाई आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

## सिलमी गढ़वा ग्राम पंचायत में मनरेगा अनियमितता की जांच पूरी

**- रिकवरी के आदेश**

विजयीपुर (फतेहपुर)। विकास खंड विजयीपुर के ग्राम पंचायत सिलमी गढ़वा में मनरेगा कार्यों में हुई अनियमितताओं की जांच के बाद प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। उपायुक्त श्रम रोजगार फतेहपुर द्वारा अपर आयुक्त मनरेगा को भेजे गए पत्र के अनुसार, ग्राम निवासी अंकित कुमार त्रिपाठी द्वारा सीपीग्राम्स पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत की जांच में नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई है। जांच में पाया गया कि कई अपात्रों के गलत जॉब कार्ड जारी किए गए और कुछ चहेते कार्डधारकों को तय सीमा से अधिक दिनों का रोजगार देकर वित्तीय अनियमितता की गई।

जांच रिपोर्ट के आधार पर वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2024-25 के बीच कुल 67,335 रुपये के अतिरिक्त भुगतान की पुष्टि हुई है। इसके साथ ही प्रशासन ने संबंधित उत्तरदायी कर्मचारियों और अधिकारियों से कुल 75,449 रुपये की रिकवरी करने के निर्देश दिए हैं, जो राज्य बैंक के ग्राम्य योजना समिति खाते में जमा की जाएगी। गलत तरीके से एक ही परिवार के सदस्यों के अलग-अलग जॉब कार्ड जारी करने के मामले में संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम रोजगार सेवक पर प्रति प्रकरण 1,000 रुपये का अर्थदंड पहले ही लगाया जा चुका है। खंड विकास अधिकारी विजयीपुर ने बताया कि वर्ष 2024-25 तक का ऑडिट कराया जा चुका है और दोषियों के खिलाफ आवश्यक विभागीय कार्रवाई जारी है।

## पुराने तालाब पर अवैध कब्जे के प्रयास से ग्रामीणों में आक्रोश

**- डीएम से शिकायत**

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मदारीपुर मजरे कांधी गांव में स्थित एक पुराने और बड़े तालाब पर अवैध कब्जे के प्रयास को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीण दीपक कुमार पुत्र सुरेश पटेल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर तालाब को सोची-समझी साजिश और अतिक्रमण से मुक्त कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, मदारीपुर में स्थित गाटा संख्या 353 (रकबा 2.2950 हेक्टेयर) राजस्व अभिलेखों में आबादी के नाम दर्ज है, लेकिन मौके पर वर्षों पुराना तालाब मौजूद है, जिसमें पूरे गांव के घरों और बरसात का पानी एकत्र होता है। आरोप है कि गांव का ही निवासी आनंदपाल पुत्र रामऔतार अपने मकान के सामने स्थित इस तालाब में मिट्टी डलवाकर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश कर रहा है और विरोध करने पर विवाद व धमकियां देता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि तालाब को पाटा गया तो मानसून के दौरान पूरे गांव की जल निकासी ठप हो जाएगी। इस मौके पर दीपक, अंकित पटेल, अजय पटेल, राम प्रकाश, जोगेंद्र पटेल, राजेश पटेल, उत्कर्ष कुर्मी, आशू पटेल, मझिल पटेल, उमेश पटेल, चंद्रिका पटेल आदि मौजूद रहे।

## किशनपुर में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग

**- दो मकान जलकर राख**

किशनपुर (फतेहपुर)। किशनपुर थाना क्षेत्र के मझगवां गांव में गुरुवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण एक भीषण अग्निकांड हो गया। तेज हवाओं के चलते आग ने कुछ ही पलों में विकराल रूप धारण कर लिया और एक घर से दूसरे घर में फैल गई। इस हादसे में गांव के निवासी काली और शिवकरण के मकान पूरी तरह जलकर खाक हो गए, जिससे पीड़ित परिवारों को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि ग्रामीणों को संभलने का मौका नहीं मिला। घरों में रखी नकदी, अनाज, कपड़े, बर्तन और फर्नीचर सहित सारा घरेलू सामान जल गया। पीड़ितों ने बताया कि उनकी वर्षों की मेहनत कुछ ही मिनटों में खाक हो गई। घटना की सूचना स्थानीय राजस्व विभाग को दे दी गई है, जिसने नुकसान के आकलन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक और आवासीय सहायता देने की मांग की है।

## फैक्ट्रियों में श्रमिकों के शोषण का आरोप

**- खुली बैठक बुलाने की मांग**

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। टूल और कपड़ा सहित जनपद की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत श्रमिकों ने वेतन विसंगति, खराब कार्य दशाओं और कथित मानसिक शोषण को लेकर असंतोष व्यक्त किया है। जिला प्रशासन को एक शिकायती पत्र सौंपा गया है, जिसमें श्रम व्यवस्था में सुधार के लिए तत्काल प्रभावी हस्तक्षेप की मांग की गई है। श्रमिकों का आरोप है कि जिले की कई फैक्ट्रियों में निर्धारित श्रम मानकों के अनुरूप सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं और उनके अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि औद्योगिक शांति बनाए रखने और विवादों के समाधान के लिए श्रमिक संगठनों, फैक्ट्री प्रबंधन और श्रम विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में एक खुली बैठक आयोजित की जाए।

## घरेलू कलह से महिला ने किया खुदकुशी करने का प्रयास

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हसूपुर गांव में गुरुवार सुबह घरेलू कलह से परेशान होकर एक 40 वर्षीय महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। परिजनों की समय रहते नजर पड़ जाने पर उसे तत्काल फंदे से नीचे उतारा गया और अचेत अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए कानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया

## ननिहाल आए किशोर की गंगा नदी में डूबने से दर्दनाक मौत

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक बेहद दुखद हादसा सामने आया, जहां गर्मी की छुट्टियां बिताने ननिहाल आए एक 12 वर्षीय बच्चे की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। किशोर की पहचान कौशाम्बी जनपद के औरेली गांव निवासी हर्षित यादव पुत्र सुरेंद्र यादव के रूप में हुई है, जो यहां पिलाही गांव में अपने नाना धनराज यादव पुत्र इंद्रजीत यादव के घर आया हुआ था। जानकारी के अनुसार, सुबह करीब पांच बजे हर्षित अपने नाना के साथ राम चंदन घाट पर गंगा स्नान करने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। परिजनों के अनुरोध पर बिना पोस्टमार्टम के शव को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलपुर स्टेशन के समीप दर्दनाक रेल हादसे में 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान बहरामपुर गांव निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी छंगू के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बुधवार देर शाम लक्ष्मी देवी घरेलू सामान लेने जा रही थीं। स्टेशन के पास रेलवे लाइन पार करते समय वह अचानक आ रही एक तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। जीआरपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

## जमीनी विवाद में सो रहे बुजुर्ग की धारदार हथियार से हत्या

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के अंगदपुर गांव में बुधवार देर रात एक सनसनीखेज वारदात में 65 वर्षीय बुजुर्ग की धारदार हथियार से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान तक्कीलाल सोनकर पुत्र स्व. लक्ष्मण सोनकर के रूप में हुई है, जो रात में अपने घर के बाहर सो रहे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। मृतक के छोटे भाई रमेश ने बताया कि उनका चचेरा भाई रामलखन पिछले 40 वर्षों से जमीन के विवाद को लेकर रंजिश रखता था। आरोप है कि देर रात रामलखन ने बरबली, शिवमोहन, अंकित, धीरेन्द्र, अंकुश व अपनी पत्नी रानी देवी के साथ मिलकर सोते समय कुल्हाड़ी व बरछी से हमला कर तक्कीलाल की हत्या कर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी हैं।

## ट्रेन की छत में छिपाकर लाया जा रहा 12 किलो गांजा बरामद, तीन गिरफ्तार

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खागा कोतवाली पुलिस ने एक अंतरप्रांतीय गांजा तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने महिपचा मंदिर रामपुर मोड़ के पास चेकिंग के दौरान तीन संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12 किलोग्राम अवैध गांजा, तीन मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान चित्रकूट निवासी संदीप कुमार जैसवाल, तथा बांदा निवासी सुरेश निषाद और पिंटू यादव के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में तस्करों ने सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने का एक बेहद चैंकाने वाला तरीका कुबूल किया। आरोपियों ने बताया कि वे उड़ीसा से गांजा खरीदकर ट्रेन के माध्यम से उत्तर प्रदेश लाते थे। पकड़े जाने से बचने के लिए वे ट्रेन के शौचालय की छत में लगे ऊपरी गोलाकार कवर को स्क्रू ड्राइवर से खोलते थे और उसके अंदर गांजा छिपाकर दोबारा स्क्रू कस देते थे। गंतव्य स्टेशन आने से ठीक पहले वे इसे निकाल लेते थे। पुलिस की निगरानी से बचने के लिए वे निजी वाहनों के बजाय जानबूझकर ट्रेन और अन्य सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करते थे। पूछताछ में सामने आया है कि इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड शिवम शिवहरे है, जो इन्हें उड़ीसा भेजता था और जिला मुख्यालय पहुंचने पर इनसे गांजा लेकर फुटकर में बिकवाता था। इसके बदले इन तस्करों को प्रति किलोग्राम एक हजार रुपये पारिश्रमिक और यात्रा का पूरा खर्च मिलता था। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है और फरार मुख्य आरोपी शिवम शिवहरे की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है।

## खबर एक नज़र

### राजकीय इंटर कॉलेज प्रवक्ता परीक्षा की तैयारियां पूरी

**- सात केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षा**

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित होने वाली प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक परीक्षा-2025) की तैयारियों को लेकर महात्मा गांधी कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में परीक्षा को पूरी तरह शुचितापूर्ण, नकलविहीन और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए। यह परीक्षा आगामी 14 जून को जनपद के 07 निर्धारित केंद्रों पर सुबह 09.30 बजे से 11.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने केंद्रों का निरीक्षण कर शुद्ध पेयजल, फर्नीचर, प्रकाश, पंखे और क्रियाशील सीसीटीवी कैमरों जैसी बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कार्यदायी संस्था को हिदायत दी कि जिन केंद्रों पर कैमरे नहीं लगे हैं, वहां तत्काल लगवाए जाएं। इसके साथ ही आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कक्ष निरीक्षकों का समय से प्रशिक्षण कराने और अभ्यर्थियों की सघन तलाशी के निर्देश दिए गए हैं। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी के लिए महिला कर्मचारियों को ही तैनात किया जाएगा। बैठक में आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक, उपजिलाधिकारी सदर, खागा व बिंदकी आदि प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्रीन बॉक्स प्रीमियर लीगरू पावर इलेवन और टीचर्स इलेवन ने दर्ज की शानदार जीत

फतेहपुर। ग्रीन बॉक्स ग्राउंड में आयोजित ग्रीन बॉक्स प्रीमियर लीग 2026 के लीग मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि भाजपा प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सुशील सिंह चंदेल रहे। पहले मुकाबले में पावर इलेवन ने बुलेट हब को 37 रनों से पराजित किया। पावर इलेवन ने निर्धारित 12 ओवरों में 5 विकेट खोकर 107 रन बनाए थे, जिसमें सचिन कुमार ने 18 रन का योगदान दिया। जवाब में बुलेट हब की टीम 11.5 ओवर में 70 रन पर सिमट गई। पावर इलेवन के सलोने तिवारी को उनकी 39 रनों की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मैच में टीचर्स इलेवन ने ढकौली इलेवन को 25 रनों से हरा दिया। टीचर्स इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 4 विकेट पर 119 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ढकौली इलेवन की टीम 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 94 रन ही बना सकी। टीचर्स इलेवन के महेंद्र वर्मा को 54 रनों की पारी खेलने और विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस मौके पर आशीष शुक्ला जीतू, देवेंद्र प्रकाश द्विवेदी, कमल किशोर गुप्ता, योगेंद्र कुमार, मुन्ना सिंह और अमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### ग्राम समाज की भूमि पर निर्माण को लेकर विवाद

**- पैमाइश के लिए जिलाधिकारी से गुहार**

खागा (फतेहपुर)। तहसील खागा क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदपुर गौंती में ग्राम समाज की भूमि पर कथित निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। गांव के निवासी अनिल सिंह पुत्र स्वर्गीय लाल सिंह एवं नसरुल हसन पुत्र अब्दुल हसन ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और सीमांकन कराने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि ग्राम समाज की भूमि से संबंधित गाटा संख्या 5690 एवं 5691 के पास अवैध निर्माण कार्य कराया गया है, जिसकी राजस्व अभिलेखों के आधार पर पैमाइश कराना आवश्यक है। इस मामले में उपजिलाधिकारी खागा डॉ. अभिनीत कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने पर विभागीय कर्मचारियों से जांच कराई गई थी, लेकिन मौके पर वर्तमान में कोई निर्माण कार्य होता नहीं पाया गया है। वहीं चकबंदी अधिकारी विनोद जैसल ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है और कर्मचारियों की उपलब्धता के आधार पर राजस्व विभाग के साथ संयुक्त पैमाइश कराई जाएगी। यदि जांच में ग्राम समाज की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाया जाता है, तो नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### शिव मंदिर के पास बच्चों ने लगाया स्टाल

**- राहगीरों को पिलाया शीतल शरबत**

चैडगरा (फतेहपुर)। भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच मलवा विकास खंड के जलाला गांव में बच्चों ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। गांव के बाराद्वारी शिव मंदिर के पास पहुर-खजुहा मार्ग पर बच्चों ने अपनी मर्जी से एक स्टाल लगाकर वहां से गुजरने वाले राहगीरों को ठंडा शरबत पिलाया। बच्चों की इस सेवा भावना को देखकर यात्रियों ने उन्हें खूब आशीर्वाद दिया। इस नेक कार्य में स्थानीय बच्चे आलोक गौड, आर्यन सिंह, निहाल सिंह, शिवम सिंह, हर्षित सिंह, देव सिंह, राजेंद्र सिंह यादव, सुंदरम भदौरिया, सुंदर सैनी, अंश सिंह, सूर्या सिंह, मानस सिंह, अर्पित शर्मा, राघवेंद्र सिंह और ध्वज सिंह आदि शामिल रहे। ग्रामीणों ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी छोटी-छोटी पहलें समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करती हैं।

### दहेज हत्या के दो दोषियों को अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या करने के चार साल पुराने मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाते हुए दो दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस की प्रभावी विवेचना, सटीक साक्ष्य संकलन और अभियोजन पक्ष की मजबूत पैरवी के चलते न्यायालय ने मृतका के पति बृजेश निषाद और सास शिवकली को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और पचास-पचास हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मामला जाफरगंज थाना क्षेत्र के शिवपुरी गांव का है, जहां वर्ष 2021 में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न और हत्या की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कंविक्शन के तहत इस मामले की लगातार मॉनिटरिंग सेल और स्थानीय पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। वैज्ञानिक साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर अभियोजन पक्ष न्यायालय में आरोप सिद्ध करने में सफल रहा।

### वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को कराया गया भोजन वितरण

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। एकादशी के पावन अवसर पर भोजन जन सेवा समिति द्वारा समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित वृद्धजन आवास में एक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज सेवी शिवानी शर्मा पत्नी कृष्ण विश्वकर्मा की ओर से आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से स्वादिष्ट भोजन और मिष्ठान की व्यवस्था कराई गई। कार्यक्रम में समिति के संस्थापक अध्यक्ष कुमार शेखर ने स्वयं बुजुर्गों को आदरपूर्वक भोजन परोसकर सेवा की। सम्मान और आत्मीयता पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने समिति के सदस्यों को आशीर्वाद दिया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिकों के बीच पहुंचकर उनकी सेवा करना ही सच्ची मानवता है। समिति अध्यक्ष ने बुजुर्गों को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया।

### व्यापार मंडल ने भीषण गर्मी के बीच शुरू किया निशुल्क प्याऊ

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। जन उद्योग व्यापार मंडल की हसवा इकाई ने सामाजिक सरोकार के तहत निशुल्क प्याऊ की शुरुआत की है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसवा के चिकित्सा प्रभारी डॉ. अनुपम सिंह और समाजसेवी लाल सिंह सेंगर ने फीता काटकर इस सेवा कार्य का उद्घाटन किया। प्याऊ के माध्यम से राहगीरों और आम लोगों को ठंडा पानी और शरबत वितरित कर राहत पहुंचाई जा रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा के निकट संगठन कार्यालय के पास यह प्याऊ प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक संचालित किया जाएगा। नगर अध्यक्ष उदयभान सिंह सेंगर ने कहा कि इस कठिन मौसम में लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना संगठन का मानवीय और सामाजिक दायित्व है। इस अवसर पर महामंत्री रामलखन सिंह सेंगर, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय सेंगर, नगर प्रभारी धर्मेंद्र सिंह पुस्सू, सौरभ सिंह सेंगर, मनोज कुमार गुप्ता, गोपी साहू, राजेंद्र प्रसाद देववंशी, धर्मेंद्र सिंह कछवाह, जावेद आलम, कौशलेश प्रसाद पांडे, अवधेश कुमार साहू, महेंद्र प्रताप केसरवानी, शिवनारायण विश्वकर्मा, संदीप सिंह, दीपू गुप्ता, हरिप्रसाद साहू, मो. गुफरान, राजेश दीक्षित, संतोष कुमार वर्मा, अरुण कुमार सिंह, अरविंद गौड़, अश्वनी गौड़ तथा रामलीला कमेटी अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह कछवाह आदि उपस्थित रहे।

# गर्मी में महिलाओं को क्यों रखना चाहिए हाइजीन का खास ध्यान?



गर्मी के मौसम में तापमान बढ़ने के साथ-साथ शरीर में पसीना, नमी और बैक्टीरिया बढ़ने की संभावना भी अधिक हो जाती है। ऐसे में महिलाओं के लिए पर्सनल हाइजीन का ध्यान रखना और भी जरूरी हो जाता है। इस दौरान साफ-सफाई की कमी से स्किन इंफेक्शन, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (ञ्रढ्ढ), रैशेज और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है। अक्सर व्यस्त दिनचर्या और बाहर के कामकाज के कारण महिलाएं छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज कर देती हैं, जो आगे चलकर बड़ी परेशानी का कारण बन सकती हैं। इसलिए गर्मी में सही कपड़ों का चयन, नियमित सफाई और हेल्दी आदतें अपनाना बेहद जरूरी है। इस लेख में हम जानेंगे कि गर्मी के मौसम में महिलाओं को किन-किन हाइजीन टिप्स का पालन करना चाहिए, ताकि वे स्वस्थ और संक्रमण से सुरक्षित रह सकें।

**रोजाना साफ-सफाई का ध्यान रखें**
गर्मी के मौसम में शरीर से अधिक पसीना निकलता है, जिससे बैक्टीरिया और फंगस तेजी से पनप सकते हैं। ऐसे में रोजाना कम से कम एक बार स्नान करना बेहद जरूरी है। इससे शरीर की गंदगी साफ होती है और बदबू, रैशेज और स्किन इंफेक्शन जैसी समस्याओं से बचाव होता है। दिन में बार-बार चेहरा और हाथ धोना भी एक अच्छी आदत है।

**कॉटन कपड़े पहनें-** गर्मी में हल्के, ढीले और कॉटन कपड़े पहनना सबसे बेहतर माना जाता है। कॉटन कपड़े पसीने को जल्दी सोख लेते हैं और हवा को पास होने देते हैं, जिससे शरीर ठंडा रहता है। टाइट और सिंथेटिक कपड़े पहनने से पसीना फंस जाता है, जिससे स्किन एलर्जी, खुजली और रैशेज हो सकते हैं।

**इंटिमेट हाइजीन का ध्यान रखें**
महिलाओं के लिए इंटिमेट हाइजीन बहुत जरूरी होता है, खासकर गर्मी में। इस हिस्से में नमी और पसीना संक्रमण का खतरा बढ़ा सकते हैं। दिन में साफ पानी से सफाई करना और सही हाइजीन प्रोडक्ट्स का उपयोग करना जरूरी है। इससे इंफेक्शन, खुजली और बदबू जैसी समस्याओं से बचा जा सकता है।

**पर्याप्त पानी पिएं**
गर्मी में शरीर जल्दी डिहाइड्रेट हो जाता है, इसलिए दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है। पानी शरीर से टॉक्सिन बाहर निकालने में मदद करता है और यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन के खतरे को कम करता है। यह स्किन को भी हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रखता है।

# रोज रात को किचन में जलाएं तेज पत्ता, मिलेंगे अनगिनत फायदे



तेज पत्ते खाने का टेस्ट बढ़ाने का तो काम करता ही है। लेकिन क्या आपको पता है कि ये सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। तेज पत्ते को एक बर्तन में जलाकर कमरे में रखने से तनाव दूर होता है, मानसिक शांति मिलती है और कई सारे स्वास्थ लाभ भी मिलते हैं। आइए आपको बताते हैं इसके बारे में-

**दिमाग को मिलती है शांति-**
रात को किचन में 1 तेज पत्ता जलाने से दिमाग शांत होता है। इसे जलाने पर मिलने वाली गंध थकान और चिड़चिड़ाहट भी दूर करती है।

**इम्यून सिस्टम रहता है मजबूत**
तेज पत्ते के धुएं को इम्यून सिस्टम मजबूत करने वाला भी माना जाता है। ये भी माना जाता है कि तेज पत्ता आसपास के वातावरण में मौजूद दूषित कणों को भी काटता है।

**नेगेटिव एनर्जी होती है दूर**
रोजाना रात को किचन में तेज पत्ता जलाने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है। ये घर से हर तरफ की नेगेटिव एनर्जी को दूर करता है।

**बुरे सपनों से मिलेगा छुटकारा**
अगर आपको रात को बुरे सपने परेशान करते हैं तो आपको सोने से पहले किचन में तेज पत्ता जलाना चाहिए। इससे नेगेटिव एनर्जी और बुरे सपने दूर होते हैं।

**बुरी नजर से होती है रक्षा**
अगर आपको ये किसी और को बुरी नजर परेशान कर रही है तो ऐसे में आपको रात के समय किचन में लौंग के साथ तेज पत्ता जलाना चाहिए। इससे बुरी नजर से सुरक्षा होती है।

**तनाव होता है कम**
आजकल की भाग- दौड़ वाली जिंदगी में तनाव होना आम बात है। इससे निजात पाने के लिए रोज रात को किचन में तेज पत्ते का धुआं करना चाहिए।

होता है धन लाभ अगर आप पैसों की तंगी से जूज रहे हैं तो किचन में तेज पत्ता जलाएं। इससे घर में लक्ष्मी का आगमन होता है।

# शरीर में पानी की कमी होने पर दिखते हैं ये लक्षण, जानें इससे बचाव के उपाय

हमारे शरीर का ज्यादातर हिस्सा, लगभग 60-70त्न, पानी से बना है, जो शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है। पाचन से लेकर रक्त संचार और शरीर का तापमान बनाए रखने तक, पानी हर जरूरी शारीरिक क्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लेकिन जब शरीर में पानी की कमी हो जाती है, जिसे हम डिहाइड्रेशन भी कहते हैं, तो यह स्थिति हमारे स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है। **डिहाइड्रेशन के लक्षण-**डिहाइड्रेशन के शुरुआती लक्षणों में प्यास लगना, मुंह सूखना, थकान और चक्कर आना शामिल हैं। गंभीर डिहाइड्रेशन में पेशाब का रंग गहरा पीला होना, कम पेशाब आना, त्वचा में रूखापन आना, तेज धड़कन और सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। अगर डिहाइड्रेशन बढ़ जाए, तो यह किडनी की समस्या, बेहोशी या गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे हीटस्ट्रोक का कारण बन सकता है। इसलिए समय रहते इसपर ध्यान देना बहुत जरूरी होता है। **डिहाइड्रेशन के कारण-** डिहाइड्रेशन का मुख्य कारण पर्याप्त पानी न पीना है, खासकर गर्मी या मानसून में जब पसीना अधिक निकलता है। दस्त, उल्टी या बुखार के दौरान शरीर से तरल पदार्थ तेजी से निकलता है, जिससे डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ता है। अत्यधिक शराब या कैफीन का सेवन भी मूत्रवर्धक प्रभाव के कारण पानी की कमी हो सकती है। डायबिटीज या किडनी रोग वाले मरीजों में बार-बार पेशाब के कारण डिहाइड्रेशन होने की आशंका अधिक होती है। डिहाइड्रेशन कई वजहों से हो सकता है, जैसे ज्यादा पसीना आना, बार-बार दस्त लगना या फिर पर्याप्त पानी न पीना। बच्चे और बुजुर्गों में डिहाइड्रेशन का खतरा अधिक होता है। अगर समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकता है। डिहाइड्रेशन के कारण थकान, चक्कर आना और कई बार तो इंसान बेहोश भी हो सकता है। इसलिए, यह समझना बेहद जरूरी है कि डिहाइड्रेशन क्या है, इसके क्या लक्षण हैं, और सबसे महत्वपूर्ण है कि इससे बचाव के लिए किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं। **बचाव के उपाय-** डिहाइड्रेशन से बचने के लिए दिन में 8-10 गिलास पानी पीएं। गर्मी या व्यायाम के दौरान हर 20-30 मिनट में पानी जरूर पिएं। दस्त या उल्टी के दौरान ओआरएस या नमक-चीनी का घोल शरीर में पानी का संतुलन बनाए रखता है। फल जैसे तरबूज, संतरा और नारियल पानी हाइड्रेशन बनाए रखने में मदद करते हैं। कैफीनयुक्त पेय और शराब से बचें। हल्के, ढीले कपड़े पहनें और गर्मी में बाहर निकलते समय छाता या टोपी का उपयोग करें। डिहाइड्रेशन एक ऐसी स्थिति है, जिसे सही समय पर उपाय करके रोका जा सकता है। लक्षण दिखने पर तुरंत पानी, ओआरएस या इलेक्ट्रोलाइट युक्त पेय लें। अगर गंभीर लक्षण जैसे बेहोशी, तेज बुखार या भ्रम की स्थिति हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।



# पैरों के दर्द से राहत दिलाऐंगे नीम के पत्ते

पैरों में दर्द का होना एक बेहद आम समस्या है। ये दर्द किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है फिर चाहे वह बच्चा ही क्यों ना हो। पैरों मैं दर्द होने के कई कारण है सकते हैं जैसे मांसपेशियों में खिचाव, नस चढ़ जाना,सही ब्लड सर्कुलेशन न होना अदि। इसके अलावा शरीर की हड्डियां कमजोर होने से भी पैरों में दर्द हो सकता है। देखा गया है कि कई बार ये दर्द इतना भयंकर हो सकता है जिसके कारण लोग इस तक्लीफ से निजात पाने के लिए पेन किलर का सेवन करने लगते हैं जिससे कुछ समय के लिए तो आपको जरूर आराम मिलेगा लेकिन बाद में ये दर्द फिर उठ जाएगा। आपको जानकारी के लिए बता दें की ज्यादा दवाइयों का सेवन भी आपके लिए हानिकार्क हो सकता है। ऐसे में पैर दर्द की समस्या को दूर करने



के लिए कुछ घरेलू उपाय किए जा सकते हैं जैसे- **नीम के पत्तों का इस्तेमाल :** .नीम के पत्तो को पानी में उबालकर इसमेंथोड़ी फिटकरी मिला कर अपने पैरों को इस पानी में रखने से पैर दर्द में आराम मिलेगा।

**रेग्युलर एक्सरसाइज :** .रेग्युलर एक्सरसाइज, योग करने से पैरों में रक्त का स्त्राव नियमित होता है जिससे पैरों में दर्द से आराम मिलता है।

**लैवेंडर ऑयल और लौंग के तेल से मसाज :** लैवेंडर ऑयल और लौंग के तेल को तिल के तेल के साथ मिलाकर पैरों में लगाने से पैर दर्द में आराम मिलता है।

**देसी घी के साथ गिलोय का रस :** देसी घी के साथ गिलोय का रस पीने से पैर दर्द में राहत मिलती है।

**लेग स्ट्रेचिंग :** लेग स्ट्रेचिंग करने से पैर दर्द में आराम मिलता है।

# खाली पेट पिया खजूर का दूध तो दूर होगी कमजोरी



दूध और खजूर पीने से शरीर की कमजोरी दूर होती है और इम्यूनिटी मजबूत बनती है। इसके अलावा इस दूध का सेवन करने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है और शारीरिक कमजोरी भी दूर होती है। एक शोध की मानें तो दूध में खजूर उबालकर पीने से शरीर के ढेरों फायदे होते हैं। वहीं खजूर को खाली पेट खाने से कई सारी गंभीर समस्याएं दूर होती हैं। खाली पेट खजूर खाने से आप एनीमिया से भी बचते हैं। इसके अलावा भी खाली पेट खजूर का दूध पीने से शरीर को कई फायदे होते हैं। आइए जानते हैं- **दूध और खजूर में मौजूद पोषक तत्व :** दूध में एंटीऑक्सीडेंट्स, कैरोटेनॉयड्स, फेनोलिक्स जैसे आयरन, प्रोटीन और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से शरीर को पर्याप्त मात्रा में पोषण मिलता है। इसके अलावा खजूर में फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पौटेशियम, कार्ब्स और विटामिन बी 6 पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। **शरीर की कमजोरी होगी दूर :** यदि आपके शरीर में कमजोरी रहती है तो आप खजूर वाले दूध का सेवन कर सकते हैं। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व शरीर को मजबूत और ताकतवर बनाने में मदद करते हैं। दूध और खजूर दोनों ही पोषक तत्वों का भंडार माने जाते हैं। इनका खाली पेट सेवन करने से मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसके अलावा मांसपेशियों की ग्रोथ करने के लिए भी खजूर वाला दूध खाली पेट पीना फायदेमंद होता है। **हाई ब्लड प्रेशर रहेगा कंट्रोल :** यदि आपका ब्लड प्रेशर हाई रहता है तो भी खाली पेट इस दूद का सेवन आपके लिए फायदेमंद रहेगा। खाली पेट खजूर वाला दूध पीने से आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहेगा और हार्ट से जुड़ी परेशानियां भी दूर होगी।

# दही में चीनी मिलाना सही है या फिर नमक

अगर आप भी यह जानना चाहते हैं कि दही को चीनी के साथ खाना ज्यादा बेहतर है या फिर दही के साथ, तो ये आर्टिकल आप ही के लिए है। जाहिर तौर पर स्वाद में हर किसी की पसंद अलग होती है, लेकिन जब बात सेहत की आती है, तो कोई भी नुकसान नहीं उठाना चाहता है। तो चलिए बिना देर किए इस आर्टिकल में जान लीजिए कि दोनों में से दही खाने का कौन-सा तरीका ज्यादा बढ़िया है।

**दही के साथ नमक :** अगर आप डायबिटीज से ग्रसित हैं, तो आपको दही के साथ चीनी का सेवन भूलकर भी नहीं करना चाहिए। ऐसे में, नमक ही ज्यादा बेहतर विकल्प होता है, लेकिन ध्यान रहे कि यह हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इसके अलावा नमक कई एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है, जो सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं, लेकिन अगर इसे दही में डाला जाए, तो इससे दही में मौजूद गुड बैक्टीरिया भी काफी हद तक खत्म हो जाते हैं। साथ ही, नमक वाले दही का ज्यादा सेवन करने से हाइपरटेंशन की समस्या भी हो सकती है, इसलिए इन दोनों चीजों के मेल को अच्छा समझना बिल्कुल भी ठीक नहीं है। दही के साथ चीनी : दही में चीनी डालकर खाना पाचन तंत्र के लिहाज से अच्छा रहता है। इससे दही में पाए जाने वाले गुड बैक्टीरिया खत्म नहीं होते हैं और यह पेट की जलन को भी शांत करता है।



# इन चार बीज में भी मिलता है प्रचुर मात्रा में प्रोटीन

1. **भांग के बीज-**भांग के बीज प्रोटीन का शानदार स्रोत हैं। 100 ग्राम भांग के बीज में लगभग 31-33 ग्राम प्रोटीन होता है, जो शाकाहारी लोगों के लिए मांस का बेहतरीन विकल्प है। इनमें सभी 9 आवश्यक अमीनो एसिड्स मौजूद होते हैं, जो मांसपेशियों के विकास और एनर्जी लेवल को बढ़ाने में मदद करते हैं।
2. **कद्दू के बीज-** कद्दू के बीज, जिन्हें पेपिटास भी कहते हैं, प्रोटीन का पावरहाउस माना जाता हैं। 100 ग्राम कद्दू के बीज में लगभग 24-25 ग्राम प्रोटीन होता है। इनमें जिंक, मैग्नीशियम, आयरन और फाइबर भी प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो हड्डियों, इम्यूनिटी और पाचन के लिए फायदेमंद होते हैं। कद्दू के बीज खाने से नींद की गुणवत्ता सुधरती है, क्योंकि इनमें ट्रिप्टोफैन होता है, जो मेलाटोनिन हार्मोन को बढ़ाता है। इन्हें भूनकर स्नैक के रूप में, सलाद में या स्मूदी में डालकर खा सकते हैं।
3. **सूरजमुखी के बीज-**सूरजमुखी का बीज प्रोटीन का अच्छा स्रोत हैं, जिनमें 100 ग्राम में लगभग 21 ग्राम प्रोटीन होता है। इसमें विटामिन ई, सेलेनियम और हेल्दी फैट्स होते हैं, जो त्वचा, बालों और हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं। सूरजमुखी का बीज कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। इन्हें भूनकर या कच्चा सलाद, ओट्स या दही में मिलाकर खाया जा सकता है।
4. **तिल के बीज-**तिल के बीज, जो सफेद और काले दोनों रूपों में उपलब्ध हैं, प्रोटीन से भरपूर होते हैं। 100 ग्राम तिल में लगभग 18 ग्राम प्रोटीन होता है। इनमें कैल्शियम, मैग्नीशियम और विटामिन बी भी पाए जाते हैं, जो हड्डियों और हार्मोनल संतुलन के लिए जरूरी हैं। तिल का तेल और बीज पाचन को बेहतर बनाते हैं और अर्थराइटिस के दर्द से राहत दिलाते हैं।

# चाय के साथ खाते हैं नमकीन तो हो सकता है सेहत को ये नुकसान

हमारे देश में चाय का आनंद अक्सर नमकीन और बिस्किट के साथ लिया जाता है। यह आदत कुछ लोगों के लिए एक ताजगी भरे ब्रेक का हिस्सा होती है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि चाय के साथ नमकीन का संयोजन आपकी सेहत के लिए कितना हानिकारक हो सकता है? आइए इस विषय पर विस्तार से चर्चा करें और समझें कि इस फूड कॉम्बिनेशन से सेहत को कौन-कौन से नुकसान हो सकते हैं।



**अपच की समस्या**
दूध वाली चाय के साथ नमकीन, खट्टी या चटपटी चीज़ें खाना आपके पाचन तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। चाय और नमकीन को एक साथ सेवन करने से पेट में असुविधा और अपच की समस्या उत्पन्न हो सकती है। यह खासकर तब होता है जब नमकीन में भारी मसाले या रिफाइंड कार्ब्स होते हैं।

**बढ़ सकता है डायरिया का खतरा**
चाय में पाए जाने वाले टैनिन और नमकीन के संयोजन से आपके डाइजेस्टिव सिस्टम पर बुरा असर पड़ सकता है। टैनिन दूध के साथ ठीक से मिश्रित नहीं होता और नमकीन में मौजूद सामग्री आपके पेट में सूजन और दर्द पैदा कर सकती है। इसके परिणामस्वरूप डायरिया और अन्य पाचन समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।

**हो सकती है एसिडिटी**
यदि आप दूध वाली चाय के साथ ड्राई फ्रूट्स वाली नमकीन खाते हैं, तो इससे एसिडिटी की समस्या उत्पन्न हो सकती है। चाय के साथ तेल या रिफाइंड में फ्राई की गई चीजों का सेवन करने से एसिडिटी और गैस्ट्रिक समस्याएं हो सकती हैं। यह सेहत के लिए अनचाहा परिणाम हो सकता है।

**गट हेल्थ पर असर**
नमकीन में पाए जाने वाले रिफाइंड कार्ब्स को डाइजेस्ट करने में काफी समय लगता है, जिससे आपकी गट हेल्थ प्रभावित हो सकती है। चाय और नमकीन का संयोजन आपकी आंतरिक प्रणाली को डैमेज कर सकता है, जिससे आपको लंबे समय तक पाचन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

**जरूरी है वजह समझना**
आपकी जानकारी के लिए बता दें कि नमकीन में पाए जाने वाले रिफाइंड कार्ब्स को डाइजेस्ट करने में काफी ज्यादा समय लग सकता है। यही वजह है कि नमकीन के साथ चाय पीने से आपकी गट हेल्थ बुरी तरह से डैमेज हो सकती है। अपनी सेहत को मजबूत बनाए रखने के लिए इस तरह के गलत फूड कॉम्बिनेशन्स से परहेज करना बेहद जरूरी है। आपकी सेहत को बनाए रखने और बीमारियों से बचने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि आप चाय के साथ गलत फूड कॉम्बिनेशन्स से बचें। यदि आप चाय का आनंद लेना चाहते हैं, तो इसे बिना नमकीन या अन्य भारी खाद्य पदार्थों के साथ लें। अपने आहार में संतुलन बनाए रखें और सेहतमंद विकल्प चुनें। इस तरह से आप अपनी सेहत को बेहतर रख सकते हैं और लंबे समय तक स्वस्थ रह सकते हैं।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

**दैनिक पंचांग लखनऊ**
**शुक्रवार, 12 जून 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके 1948 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते ग्रीष्म ऋतौ ज्येष्ठ मासोत्तमे कृष्ण पक्षे द्वादशी तिथौ शुक्र वासरे 19/37/ अश्विनी नक्षत्रे 09/29/ अतिगण्ड योग 21/26/ कौलव करणे 09/11/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** प्रदोष व्रत।

**मेष :** दांपत्य जीवन सामान्य। विचारों में परिवर्तन अनुभव करेंगे। घरेलू मांगलिक कार्यों की चिंता रहेगी।

**वृष :** किसी से आकस्मिक लाभ होगा। श्रेष्ठ जनों का सहयोग प्राप्त होगा। वैभव में वृद्धि होगी। बैद्धिक कार्य से निवृत्त हो जाएंगे।

**मिथुन :** आर्थिक कष्ट समाप्त होंगे अधिकारीयों की कृपा से राजकार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी प्रकार की चिंता रहेंगी।

**कर्क :** नए कार्यों हेतु समय प्रतिकूल रहेगा। भ्रमण प्रियता बढ़ेगी। सामाजिक कार्यों में सचि रहेगी। संपर्कों का लाभ लेंगे।

**सिंह :** अधिकारी वर्ग अनुकूल रहेगा। धन के दुरुपयोग से बचें। मानसिक अशांति का समय है। यात्राएं बाधा सहित होंगी।

**कन्या :** रोग बाधा रहेगी। रचनात्मक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। कामकाज पूर्ण होंगे। आतिथ्य समागम होगा।

**तुला :** सत परामर्श से मार्ग प्रशस्त होगा। दांपत्य सुख उत्तम रहेगा। वृद्ध परिजन की चिंता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक :** श्रम की अधिकता रहेगी। उदर या शिरो व्यथा रहेगी। व्यापार में उन्नति होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा।

**धनु :** विरोधी परास्त्र होंगे। घरेलू व्यय भार बढ़ेगा। इच्छित वस्तु की प्राप्ति होगी। आकस्मिक यात्रा योग बनेगा।

**मकर :** घरेलू दायित्वों की पूर्ति। लाभ मार्ग प्रशस्त रहेगा। व्यय भार में कमी आएगी। दैनिक जीवन की विषमताएं कम होंगी।

**कुंभ :** मनोरंजन आदि पर अति व्यय से बचे। अर्थाभाव आएगा। परिजनों की चिंता। नए अवसरों को टाले नहीं।

**मीन :** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। संचित कोष बढ़ेगा। जमीन जायदाद की चिंता रहेगी। यात्रा से लाभ होगा।

# उरई नगर पालिका में 'भ्रष्ट सभासदों' की खुली पोल

**0 फर्जी कोटेशन से लेकर 10प्रतिशत कमीशनखोरी तक, वायरल लिस्ट से मचा हड़कंप 0खुद को ईमानदार बताने वालों के पैरों तले से खिसकी जमीन, अब प्रशासनिक जांच में घिरे सभासद**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई (जालौन)। नगर पालिका परिषद उरई में सभासदों और अधिशासी अधिकारी (ईओ) के बीच चल रहा 'चढ़ संग्राम' थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ सभासदों ने ईओ राम अचल कुरील के खिलाफ छह सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपकर जांच की मांग की है, तो वहीं दूसरी तरफ वायरल एक पत्र ने खुद को 'साफ सुथरा' बताने वाले सभासदों के 'ठेकेदार चरित्र' को बेनकाब कर दिया है।यह पत्र आते ही आम जनमानस की उंगली सभासदों की ओर उठ गई है। अब साफ हो गया है कि सभासदों की असली लड़ाई अपने भ्रष्टाचार को छुपाने की है। यदि गहराई से जांच की गई, तो इन सभासदों के पैरों के नीचे से जमीन खिसक जाएगी।

**जनप्रतिनिधि नहीं, ठेकेदार बनकर रह गए सभासद** जनता के चुने हुए प्रतिनिधि जब ठेकेदारी और कमीशनखोरी में लिप्त हों, तो यह लोकतंत्र के लिए कलंक है। वार्ड के विकास के नाम पर जनता को भरमाने वाले ये सभासद अब खुद कठघरे में खड़े हैं। यह समय शासन-प्रशासन के लिए चेतावनी है दू कमीशन खोर सभासदों के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए, नहीं तो यह भ्रष्टाचार और फलेगा-फूलेगा।

**क्या है पूरा मामला ?**

दरअसल, नगर पालिका परिषद उरई में मचे घमासान की असली वजह कुछ और ही है। सभासदों ने ईओ राम अचल कुरील पर सहयोगात्मक रवैया न अपनाने, वार्डों में विकास कार्य न कराने और भुगतान प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। लेकिन अब मामला उलट गया है। गुरुवार को सभासदों ने जिलाधिकारी से मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग की। इसके तुरंत बाद एक पत्र वायरल हो गया, जिसमें सभासदों के नाम के आगे उनकी अपनी या उनसे जुड़ी फर्मों और ठेकेदारों के नाम और लाखों रुपये के बकाया कोटेशन दर्ज हैं। यह स्पष्ट है कि ये सभासद फर्जी कोटेशन के भुगतान के लिए ही दबाव बना रहे थे।मामले की गंभीरता देखते हुए जिलाधिकारी ने एसडीएम जालौन रिंकू सिंह राही को जांच अधिकारी नामित किया है। वायरल पत्र भी जांच का हिस्सा बन चुका है।



**वायरल लिस्ट में 20 सभासदों के नाम, किसका कितना बकाया ?** नगर पालिका के अभिलेखों से बाहर आई इस सूची में करीब 20 सभासदों के नाम हैं, जिनमें हर दल के लोग शामिल हैं। सबसे चैंकाने वाली बात यह है कि आधे से अधिक सभासद प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ठेकेदारी कर रहे हैंइनमें जयशंकर द्विवेदी के ठेकेदार शैलेंद्र कुमार का ?98,000 बकाया। रविंद्र राजपूत के हर्ष राजपूत 96,000 एवं सोमवती ठेकेदार 3 लाखविपिन सेठ के ओम काट्रैक्टर 99,000 व बालाजी काट्रैक्टर 95,000 अघोषित रूप से ठेकेदारी।आकाश त्रिवेदी बड़ा ठेकेदार चार फर्मों से जुड़े तन्हा काट्रैक्टर 3.40 लाख, अखिलेश कुमार 3 लाख, प्रेम नारायण 90,000, बालाजी 1.90 लाखयह वही आकाश त्रिवेदी है जो शहीद पार्क निर्माण में मजदूरों को गाली-लाठियां मारता देखा गया था।अजय पटेल के ओम काट्रैक्टर का सबसे बड़ा ?5.60 लाख बकाया। उम्मेद यादव लल्ला यादव के ठेकेदार इंदु दुबे का ?4.79 लाख। राहुल श्रीवास्तव के वीर सिंह ठेकेदार का ?3.80 लाख नरेश सभासद से जुड़ी सिद्धिविनायक फर्म का ?2.58 लाख पुष्पेंद्रप्रतिनिधि से जुड़ी सिद्धिविनायक फर्म का ?3.28 लाख अनिल तिवारी के चंसोलिया ठेकेदार का ?3.70 लाख देवेंद्र राठौर रू इंदु दुबे का 3.49 लाखदीपक वर्मा, राजू सरदार, वीरेंद्र, माता प्रसाद, जितेंद्र कुमार, सुशील राजपूत, उग्रसेन राजपूत इनसे जुड़े ठेकेदारों के भी 1 लाख से 3 लाख रुपये तक के बकाया।

**कमीशन का खुलासा भुगतान कराना हो तो 10प्रतिशत दो** सूत्रों के अनुसार, नगर पालिका परिसर में सभासदों को खुलेआम यह कहते सुना जा सकता है।÷जिस ठेकेदार को भुगतान कराना हो, वह भुगतान का 10 प्रतिशत मेरे पास जमा करें, भुगतान कर दिया जाएगा।÷यह कमीशनखोरी की पराकाष्ठा है। ये लोग जनता के प्रतिनिधि हैं या कमीशन एजेंट, यह सवाल आम लोग उठाने लगे हैं।

**फर्जी कोटेशनों के भुगतान के लिए मचा रहे चिल्लपों** ईओ के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले सभासदों ने अपने ठेकेदारों के जरिए ऐसे कामों की सूची पालिका को सौंपी है, जो धरातल पर कराए ही नहीं गए। फर्जी वर्क ऑर्डर शामिल कराकर उनका भुगतान मांगा जा रहा है। जब काम मौके पर नहीं है, तो भुगतान कैसे होगा ? यही असली वजह है कि सभासदों ने पालिका में घमासान मचा रखा है।

बहुगुणा कार्यकाल के भी फर्जी कोटेशन सूत्रों के अनुसार, कुछ सभासद पूर्व अध्यक्ष अनिल बहुगुणा के कार्यकाल के कोटेशनों का भुगतान कराने का दबाव बना रहे हैं, लेकिन यह बताने में असमर्थ हैं कि वे काम कहां कराए गए। पालिका कर्मचारी इन्हें पूरी तरह फर्जी बता रहे हैं।

**प्रत्येक वर्क आर्डर की होगी स्थलीय जांच- ईओ**

अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील ने साफ कहा कि÷सभासदों द्वारा बेवजह दबाव बनाया जा रहा है। अब जो भी कोटेशन लंबित हैं, उनकी स्थलीय जांच कराई जाएगी। मौके पर यह देखा जाएगा कि काम हुआ भी या नहीं, और हुआ तो उसकी गुणवत्ता क्या रही। फर्जी वर्क ऑर्डर का भुगतान बिल्कुल नहीं होगा।÷

**जनता का सवाल- जनप्रतिनिधि या ठेकेदार ?** आम लोग बरबस यह सवाल उठा रहे हैं कि ये सभासद सम्माननीय जनप्रतिनिधि हैं या फिर ठेकेदार? जो अपने और अपने लोगों के फर्जी कोटेशनों के भुगतान के लिए पालिका में अराजकता फैला रहे हैं, कमीशन मांग रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं?

**फर्जी कोटेशनों की एसआईटी से जांच** शासन-प्रशासन से सख्त मांग दोषी सभासदों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। सभी फर्जी कोटेशनों की एसआईटी से जांच कराई जाए। कमीशनखोरी करने वाले सभासदों को पद से हटाकर आजीवन निर्वाचित होने पर प्रतिबंध लगाया जाए।जनता की निगाहें अब प्रशासन पर हैं। देखना यह है कि भ्रष्ट सभासद बख्शे जाते हैं या सख्त कार्रवाई होती है।

## बदनपुरा में भगवान बुद्ध की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने वाला आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत ब्यूरो माधौगढ़ (जालौन)। तहसील क्षेत्र के ग्राम बदनपुरा में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि समाज में अशांति फैलाने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले किसी भी अराजक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा।



जानकारी के अनुसार भगवान बुद्ध की प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त हो गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य एवं थाना प्रभारी गोहन सतीश कुमार कुशवाहा तत्काल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच का भरोसा दिलाया।पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांच के दौरान आरोपी मोहित तिवारी पुत्र श्रीराम तिवारी, उम्र लगभग 24 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने बताया कि समाज में वैमनस्य और अराजकता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।घटना के बाद गांव में सतर्कता बढ़ा दी गई है तथा प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस एवं प्रशासन को देने का अनुरोध किया गया है।ग्रामीणों ने प्रशासन की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए भगवान बुद्ध की क्षतिग्रस्त प्रतिमा की शीघ्र मरम्मत एवं पुनर्स्थापना की मांग की है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि जांच पूरी निष्पक्षता के साथ की जाएगी तथा दोषी के विरुद्ध कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।भगवान बुद्ध शांति, करुणा, समानता और मानवता के प्रतीक माने जाते हैं। ऐसे में प्रतिमा को क्षति पहुंचाने की घटना से क्षेत्रवासियों में दुख और नाराजगी थी, लेकिन आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया है।



## माइक्रो प्लान प्रशिक्षण के तहत बताए गए टीकाकरण के तरीके

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कोंच(जालौन)। पीएचसी पिण्डारी द्वारा दिन गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियमित टीकाकरण माइक्रो प्लान प्रशिक्षण एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें टीकाकरण अभियान को और अधिक प्रभावी एवं व्यबस्थित बनाये जाने के हुनर सिखाये गए जिसमें टीकाकरण सत्रों की योजना तैयार करना लाभार्थियों की पहचान टीकाकरण अभिलेख का रखरखाव बैक्सीन प्रबन्धन तथा छूटे हुए बच्चों तक पहुंच सुनिश्चित करना आदि के बारे में सूक्ष्मता पूर्वक बताया गया क्योंकि माइक्रो प्लान का उद्देश्य ही क्षेत्रवाद कार्य योजना बनाकर शत प्रतिशत टीकाकरण करना है। जिससे कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला ग्राम एवं बार्ड स्तर तक टीकाकरण से बंचित न रह जाये कार्यक्रम के दौरान जिले से आयीं डब्ल्यू एचओ की एसएमओ दीप्ती जोजफ डब्ल्यू एचओ मॉनिटर प्रदीप तिवारी पीएचडी पिण्डारी प्रभारी डाप्त कमलेश राजपूत डा. शुलभ बरनाला डा. अजय चैहान डा. कंचन बीपीएम रवि आदि ने एएनएमएल एचबी एवं सुपर बाइजरों को प्रशिक्षण देते हुए माइक्रो प्लान के तहत सफल टीकाकरण अभियान की बारीकियों को बताया इस दौरान एएनएम प्रिया पटेल राम पाल लाली देवी पूनम खुर्शीदा सहित उप केंद्रों से आईं एएनएम एल एच बी सुपर बाईजर एवं आशा कार्यकत्रियां मौजूद रहीं।



## खाद्य सुरक्षा टीम ने दुकानों से भरे नमूने

स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई(जालौन)। जिलाधिकारी जालौन राजेश कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार सहायक आयुक्त खाद्य जालौन डा. जतिन कुमार सिंह के नेतृत्व में आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जनपद जालौन की टीम द्वारा मिलावटी खाद्य पदार्थों विशेषकर खाद्य मसालो की रोकथाम के लिए टीम द्वारा स्थान गोपाल गंज बंबई रोड स्थित एस एस ट्रेडर्स प्रो शिशिर गुप्ता के प्रतिष्ठान से हल्दी पाउडर व सब्जी मसाला का नमूना संग्रहित किया गया तथा स्थान करमेर रोड़ उरई पर स्थित ए वी आर एंटरप्राइजेज प्रो. अवनेंद्र सिंह के प्रतिष्ठान से खाद्य पदार्थ हल्दी पाउडर व सब्जी मसाला का नमूना संग्रहित किया गया साथ ही राठ रोड स्थित विशाल मेगा मार्ट से खाद्य पदार्थ हल्दी पाउडर का नमूना संग्रहित कर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही की जाएगी। विभागीय टीम द्वारा यह अभियान लगातार जारी है और जिले के विभिन्न बाजारों में निरीक्षण चलता रहेगा। इस अवसर पर सहायक आयुक्त खाद्य जतिन कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कन्हैया लाल यादव, सुनील कुमार, महेश प्रसाद उपस्थित रहें।

## पुलिस ने दबोचा 15 हजार रुपये का इनामिया बदमाश



स्वतंत्र भारत ब्यूरोकोंच(जालौन)।साइबर ठगी और जालसाजी के बिरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने समय करीब 10:45 बजे 15 हजार के इनामिया बदमाश को धर दबोचा।

उक्त के सम्बन्ध में कोतवाली पुलिस द्वारा एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि मुकद्दमा संख्या 163/2020 धारा 420,419,465,467,468,471/120 बीआईपीसी औऱ 66 (सी)(डी)आई टी एक्ट से सम्बंधित वारंटी 15 हजार रुपये का इनामी अभियुक्त उमेश कुमार चैहान पुत्र राम चन्द्र चैहान उम्र करीब 22 वर्ष निबासी डी नम्बर नरूद्दीन गंज माल सलामी माधव मिल्स थाना माल सलामी जनपद पटना राज्य बिहार को समय करीब 10:45 बजे पुलिस टीम के द्वारा एफ सी आई गेट के सामने आम सड़क पर गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी गिरफ्तार करने बाली टीम में उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह एवं नितीश कुमार कांस्टेविल अनिल कुमार एवं भूपेंद्र पाल शामिल रहे।

## खंड विकास अधिकारी कुठौंद को भारतीय किसान यूनियन ने समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



स्वतंत्र भारत ब्यूरो कुठौंद (जालौन)। कुठौंद ब्लॉक परिसर में भारतीय किसान यूनियन ने अधिकारियों के द्वारा किसानो के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के संबंध में चर्चा की इसके बाद किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष कुणाल सिंह गुर्जर के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में किसान यूनियन ने मांग की कि ओलावृष्टि में किशानो के हुए नुकसान का सरकार द्वारा केवल 30: किसानों को अभी तक मुआवजा मिल पाया है लेकिन 70: किसानों को अभी तक सरकार द्वारा कोई राहत नहीं दी गई जिले में उत्पन्न हुए किसानों के सभी मुद्दों का शासन-प्रशासन द्वारा शीघ्र समाधान कराया जाए। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने तथा फसलों के समर्थन मूल्य (एमएसपी) और डीएपी खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई।इसके अलावा किसानों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है, जिससे गांवों में गंदगी का माहौल बना हुआ है और बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ रहा है। किसानों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर समस्याओं के समाधान की मांग की है।भारतीय किसान यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का समय रहते समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## खाद्य सुरक्षा टीम ने लिये खाद्य पदार्थों के नमूने

ललितपुर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश के क्रम में खाद्य पदार्थ मसाले पर चलाए गए अभियान के अंतर्गत तालबेहट स्थित खुशी ट्रेडर्स प्रो. संतोष कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा छापामार कार्यवाही की गई व दुकान मे रखे हल्दी धनिया मिर्च पाउडर के एक एक नमूने कुल तीन नमूने संग्रहित कर 50 किलोग्राम हल्दी मूल्य 8500 रुपए, 350 किलोग्राम धनिया पाउडर मूल्य 42000 रुपये एवं 600 किलोग्राम मिर्च पाउडर मूल्य 102000 रुपए को सीज किया गया व खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा बताया गया कि उक्त खाद्य पदार्थ की आपूर्ति झाँसी से होती है व खाद्य पदार्थ 5-5 किलोग्राम के थैले में रखे हुए थे जिसको 50 किलोग्राम के बोरे में रखा हुआ था व दुकानदार थोक में मसाले लाकर दुकानों पर आपूर्ति करता है व जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। टीम में सहायक आयुक्त खाद्य विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. निरंजन, नागेंद्र कुमार सम्मिलित रहे।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना हेतु विभिन्न ट्रेडों पर साक्षात्कार 22 जून से

ललितपुर। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत जिले के पारंपरिक कारीगरों और हस्तशिल्पियों के कौशल को बढ़ावा देने के लिये ऑनलाइन आवेदन हेतु आमंत्रित किया गया था, जिसके अगले चरण में साक्षात्कार का प्रायोजन किया जाता है व योजना का दूसरा चरण 22 जून से शुरू हो रहा है, जिसमें प्रथम चरण में ऑनलाइन आवेदक एवं पिछले सत्र में ऐसे आवेदक जो किसी कारणवश साक्षात्कार में नहीं उपस्थित हो सके और योजना के लाभ से वंचित रह गये, उन सभी लाभार्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से अगले चरण में चयन हेतु साक्षात्कार में उपस्थित होना अनिवार्य है व आवेदक को अपने साथ ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट एवं आधार कार्ड लेकर 22 जून को 11 से 3 बजे के बीच जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र में उपस्थित होना अनिवार्य है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु प्रशासनिक बैठक का हुआ आयोजन

ललितपुर। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल एवं भव्य आयोजन के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने की। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, योग सप्ताह तथा जनपद स्तरीय मुख्य समारोह की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज संपूर्ण विश्व ने स्वीकार किया है व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन केवल एक दिवस का कार्यक्रम न होकर जनसामान्य के मध्य योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एक व्यापक अभियान है व सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित करते हुएं निर्धारित दायित्वों का समयबद्ध एवं प्रभावी निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए व उन्होंने अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार, विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा सामाजिक संगठनों के सहयोग से कार्यक्रमों के सफल संचालन पर बल दिया। मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि योग व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के समग्र स्वास्थ्य का आधार है व सभी विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के अनुरूप कार्ययोजना तैयार कर समय से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए व योग सप्ताह के अंतर्गत आयोजित होने वाली गतिविधियों में युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए, जिससे योग का संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके व बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि 15 जून से 21 जून तक जनपद में योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा व योग सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न योगाभ्यास कार्यक्रम, योग जागरूकता अभियान, संगोष्ठियां, निबंध, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं, प्रभात फेरियां तथा स्वास्थ्य संवर्धन संबंधी विविध गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि 15 जून को जनपद के समस्त विकास खंडों एवं तहसील मुख्यालयों पर योग सप्ताह का शुभारंभ किया जाएगा, इसके कंपनी बाग में योग सप्ताह के भव्य उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य समारोह के संबंध में निर्णय लिया गया कि 21 जून को जिला मुख्यालय पुलिस लाइन में जनपद स्तरीय भव्य योग समारोह आयोजित किया जाएगा। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु विभिन्न प्रशासनिक विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। यातायात व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधाएं, प्रचार-प्रसार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। आयुष विभाग के संयोजन में आयोजित इस बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश अधिशासी अधिकारी प्रजापति क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अर्चना साहनी जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. राजेश शाक्य, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. आशुतोष कुमार गोस्वामी, मास्टर योगा ट्रेनर रामू कांत सहित जनपद के समस्त प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### यमुना तट पर मॉक ड्रिलः बाढ़ आपदा से निपटने को राहत-बचाव तैयारियों का जायजा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कालपी (जालौन)। संभावित बाढ़ और भारी वर्षा के मद्देनजर जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को यमुना नदी के प्राचीन पीला घाट पर प्रशासन ने व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, पूर्ति विभाग व नगर पालिका की टीमों ने राहत-बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया। अपर जिलाधिकारी राजू राय ने बताया कि ड्रिल के दौरान नाव पलटने की काल्पनिक स्थिति बनाकर विभागों के समन्वय का परीक्षण किया गया। सूचना मिलते ही टीमों ने नदी में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। कालपी तहसील के करीब 42 गांव बाढ़ की आशंका वाले क्षेत्र में आते हैं। प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में बाढ़ राहत चैकियां स्थापित कर भोजन, दवाओं व अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली है। पशुओं के लिए अलग शिविर बनाए गए हैं, जहां चारे-भूसे की व्यवस्था की गई है।उपजिलाधिकारी अमित शेखर ने बताया कि राहत चैकियों पर लेखपाल तैनात किए गए हैं तथा ग्रामीणों को बाढ़ बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रमुख घाटों पर पुलिस बल तैनात रहेगा। एनडीआरएफ प्रभारी ओम प्रकाश सिंह व पीएसी प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने ग्रामीणों से अपील की कि बाढ़ की आशंका पर समय रहते स्वयं व पशुओं को ऊंचे, सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दें।इस मौके पर डा. दिनेश बरतिया, डा. शेख शहरयार, उज्जवल मिश्रा, प्रवीण कुमार मौर्य, चंचल कुमार, जितेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह सेंगर, एफएसओ चंद्र शेखर यादव, विनोद नायक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### पीलाघाट पर मॉक ड्रिल के दौरान ओवरलोड वाहन पर प्रशासन की कार्रवाई

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कालपी (जालौन)। यमुना तट स्थित पीलाघाट पर आयोजित बाढ़ राहत एवं बचाव मॉक ड्रिल के दौरान प्रशासन ने एक ओवरलोड वाहन के खिलाफ कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी की नजर संदिग्ध रूप से ओवरलोड होकर गुजर रहे एक वाहन पर पड़ी, जिस पर उन्होंने तत्काल उसे रुकवाने के निर्देश दिए।वाहन रुकने के बाद चालक से आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया, लेकिन वह कोई वैध अभिलेख नहीं दिखा सका। इसी बीच चालक मौके का फायदा उठाकर वहां से फरार हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए और वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई के लिए एआरटीओ विभाग के सुपुर्द कर दिया।उपजिलाधिकारी अमित शेखर ने कहा कि अवैध परिवहन और राजस्व क्षति से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में अवैध खनन अथवा ओवरलोड वाहनों की सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

### खांगर समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने राजकुमार, प्रताप भान सिंह को मिली जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो उरई (जालौन)। अखिल भारतीय खांगर क्षत्रिय समाज की ओर से गुरुवार को गुरुरोपण महाविद्यालय, कुकरगांव में सम्मान समारोह एवं संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें राजकुमार खांगर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सम्मानित किया गया। वहीं, प्रताप भान सिंह 'पिंटू' परिहार को जालौन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक ठाकुर दद्दा मलखान सिंह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरूप परिहार ग्वालियर के नेतृत्व में संगठन की गतिविधियों और समाज के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता राम खिलौने परिहार उग्रापुर ने की। इस दौरान युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष पिंडारी सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं समाजजन मौजूद रहे। बैठक में विगत छह माह से रिक्त चल रहे जिला अध्यक्ष पद पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित समाजजनों ने सर्वसम्मति से प्रताप भान सिंह 'पिंटू' परिहार हरिपुरा के नाम का समर्थन किया। इसके बाद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार खांगर, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष पिंडारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने उनके नाम की घोषणा की। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज की एकता और संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती और सामाजिक एकजुटता के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में भूपत सिंह मास्टर, डा. बृजकिशोर, सूरज बाबू, धीर सिंह पिंडारी, राजकुमार परिहार सहाव, रजनीश 'गुड्डू' सहाव, प्रवेश बरहा, विजय सिंह इटवा, प्रकाश सेहपुरा, सुनील गोपालपुरा, मथुरा सिंह, समर सिंह तजपुरा, अमर सिंह, डा. जीएस परिहार, शिव प्रताप परिहार, दीपक अखनीवा, छोटू बरहा, बलबीर तीतरा और पवन गोवर्धनपुरा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### गोष्ठी में संघ की नीतियों व लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने पर चर्चा

स्वतंत्र भारत ब्यूरो जालौन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जालौन नगर द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मन्दिर में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेन्द्र गुप्ता ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप शिवराम महाजन व विशिष्ट अतिथि के रूप अशोक कौशल उपस्थित रहकर संघ की नीतियों व लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर कार्यवाह रामेन्द्र गुप्ता ने कहा कि शताब्दी वर्ष में इस प्रकार की गोष्ठियों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को संघ की नीतियों व कार्यक्रमों की जानकारी देकर उन्हें जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।कार्यक्रम का शुभारंभ आनन्द कुशवाहा ने गण गीत गाकर किया।इसके बाद पं. रूप नारायण शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ भारत माता का पूजन, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन किया गया।मुख्य वक्ता संघ के जिला कार्यवाह गोरख त्रिवेदी, मुख्य अतिथि शिवराम महाजन, सह जिला संघचालक-लोकतंत्र रक्षक सेनानी तथा विशिष्ट अतिथि अशोक कौशल नगर संघचालक मुख्य वक्ता गौतम त्रिपाठी जिला कार्यवाह ने गोष्ठी में संघ के 100 वर्षों की यात्रा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए तथा संघ की विचारधारा व संघ के द्वारा किये जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की तथा साथियों से संघ की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने की अपील की जिससे इस परिवार को और बढ़ा किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र पाटकार श्मृदुलश, ने किया। कार्यक्रम का समापन वन्दे मातरम् श्याम किशोर जी दोहैलिया द्वारा गीत गाकर किया गया। इस मौके पर इं. स्वयं प्रकाश शुक्ला डा. अवध किशोर त्रिवेदी, डा. रामकृपाल पांचाल, सुशील कुमार वाजपेयी, डा.रंजना द्विवेदी, कंचन द्विवेदी, श्रीगोविन्द स्वर्णकार, रमाकांत पोरवाल, वास्पति मिश्र, विनय निगम, आशीष सोनी, धर्मेंद्र चैहान आदि रहे।

### शेरगढ़ घाट यमुना नदी के किनारे मिला अज्ञात युवती का शव, क्षेत्र में सनसनी'

स्वतंत्र भारत ब्यूरो कुठौंद(जालौन)। थाना कुठौंद के अंतर्गत शंकरपुर चैकी क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब यमुना नदी के किनारे एक अज्ञात युवती का शव पानी में तैरता हुआ पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं। सुबह-सुबह मिली सूचना से मचा हड़कंप। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह लगभग 7रू00 बजे शंकरपुर चैकी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सनगढ़ के पास यमुना नदी के बालू घाट के किनारे एक युवती का शव बहकर आया है। घटना की सूचना जैसे ही प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे को मिली, उन्होंने तत्काल शंकरपुर पुलिस चैकी पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए और स्वयं भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को नदी से निकलवाया गया। मौके पर क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र कुमार बाजपेई तथा प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे , चैकी प्रभारी शंकरपुर रामबीर सिंह तथा हमराही हरिओम, हर्षित प्रताप सिंह, धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। हुलिए से पहचान की कोशिश मृतक युवती की उम्र लगभग 22 वर्ष बताई जा रही है। युवती के पहनावे और हुलिए के आधार पर पुलिस उसकी पहचान सुनिश्चित करने में जुटी है।



## इंसीनरेटर मशीन से नष्ट कराया गया 76 किलो से अधिक मादक पदार्थ

बांदा। आपरेशन दहन के तहत इंसीनरेटर मशीन की मदद से 76ण3 किलोग्राम मादक पदार्थों ;सूखा गांजाएस्मैकध्नशीला पाउडर आदिद्ध को पुलिस द्वारा नष्ट कराया गया। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण द्वारा एनडीपीएस एक्ट तहत अभियोगों में बरामद मादक पदार्थों के विनष्टीकरणध्निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान श्ऑपरेशन दहनश् के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में गुरुवार को क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ सिंह की मौजूदगी में जनपद के विभिन्न थानों में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के कुल 48 अभियोगों से सम्बन्धित कुल 76ण297 किलोग्राम बरामद मादक पदार्थों जिसमें सूखा गांजा. 75ण799 किलोग्रामए स्मैकध्नशीला पाउडरध्गोली. 498 ग्राम को इंसीनरेटर मशीन ;भस्मक भट्ठीद्ध में जलाकर नियमानुसार नष्ट कराया गया। सीओ सदर सौरभ सिंह ने बताया कि थाना कोतवाली नगर के 27एचिल्ला के 11एगिरवां के 04 जसपुरा व नरैनी के 03.03 एनडीपीएस एक्ट के अभियोग का माल जलाकर नष्ट कराया गया है।

## जवारा लोकनृत्य कार्यशाला का समापन प्रतिभागियों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा। उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थानए लखनऊ तथा संस्कृति विभागए उत्तर प्रदेश के सहयोग से आयोजित जवारा लोकनृत्य कार्यशाला का समापन समारोह दिनांक 10 जून 2026 को नृत्य कलागृहए स्वराज कॉलोनीए में संपन्न हुआ।

कार्यशाला का आयोजन 01 जून 2026 से 10 जून 2026 तक प्रतिदिन सायं 4रू00 बजे से 6रू00 बजे तक किया गया। नृत्य कलागृह की संचालिका एवं नृत्य प्रशिक्षिका श्रद्धा निगम ने बताया कि कार्यशाला में लगभग 30 प्रशिक्षार्थियों ने सहभागिता कीए जिनमें छोटे बच्चों से लेकर युवा एवं वरिष्ठ आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल रहे। आप सभी को ज्ञात हो की प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जवारा लोकनृत्य की शैलीए भाव.भंगिमाओंए ताल.लय तथा इसकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से परिचित कराया गया। कार्यशाला की विशेष उपलब्धि यह रही कि प्रतिभागियों ने जवारा लोकनृत्य में प्रयुक्त वेशभूषा के साथ.साथ विभिन्न आभूषण एवं श्रृंगार सामग्री भी स्वयं अपने हाथों से तैयार की। कार्यशाला के माध्यम से बच्चों एवं अन्य प्रतिभागियों में जवारा परंपराए लोकनृत्य तथा बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता एवं उत्सुकता का विकास हुआ। प्रतिभागियों ने न केवल नृत्य की तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त कियाए बल्कि लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को भी समझा। समापन समारोह में प्रशिक्षार्थियों द्वारा जवारा लोकनृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गईए जिसे उपस्थित जनों ने सराहा। इसके उपरांत सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लोकनाट्य विधा में पुरस्कृत विजय बहादुर श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में अशोक त्रिपाठी ष्जीतूष्ए पंकज रावतए कृष्णा सिंहए इंद्रपालए बसंतए गरीबदासए श्रीमती अंजू रानी दमेलेए श्रीमती उमा पटेलए श्रीमती शुचि श्रीवास्तवए श्रीमती रंजना श्रीवास्तवए श्रीमती रुचिका ठाकुरए श्रीमती अनामिका एवं श्रीमती श्रुति साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में लोककलाओं के संरक्षण एवं नई पीढ़ी को उनसे जोड़ने के ऐसे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। यह कार्यशाला लोक संस्कृति के संरक्षणए संवर्धन एवं नई पीढ़ी तक इसके हस्तांतरण की दिशा में एक सार्थक एवं सफल प्रयास सिद्ध हुई।

## महाराजा खेत सिंह खंगार जी की मूर्ति खंडित होने पर समाज में आक्रोश विधायक को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र भारत ब्यूरो अतर्रा बांदा। पल्हरी रोड बाईपास स्थित महाराजा खेत सिंह खंगार जी की मूर्ति को अराजक तत्वों द्वारा खंडित किए जाने की घटना को लेकर अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय समाज में गहरा आक्रोश है। आज जिला अध्यक्ष यशवंत सिंह खंगार के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी को ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई एवं मूर्ति की शीघ्र ध्पुनर्स्थापना की मांग की। आप सभी को ज्ञात हो कि जिला अध्यक्ष यशवंत सिंह खंगार ने कहा शिरोमणि महाराजा खेत सिंह खंगार हमारे गौरव हैं। उनकी मूर्ति को खंडित करना पूरे समाज का अपमान है। हम प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द और मूर्ति स्थापित की जाए। ज्ञापन में समाज ने कहा कि विधायक ने आश्वासन दिया कि तीन माह के अंदर मूर्ति लग जाएगी। इस अवसर पर अन्य पदाधिकारियों मैं संदीप सिंह खंगार ज्ञान प्रताप ज्ञानू सिंह खंगार नवल सिंह खंगार राजेश सिंह खंगार लालाराम सिंह खंगार गंगा चरण सिंह खंगार संजय सिंह मास्टर अशोक भारत पैथोलॉजी बुद्ध विलास भजन दास महाराज अजय पिंकू सिंह शैलेंद्र सिंह खंगार रतिराम प्रधान शिवमूरत सिंहखंगार आरबी सिंह खंगार में समाज बंधु उपस्थित रहे।

## अब 12 माह तक के कियायानामा व पट्टा विलेखों की डिजिटल स्टाम्पिंग घर बैठे सम्भव

बांदा। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग उप्र द्वारा नागरिकों की सुविधा हेतु 12 माह तक की अवधि के किरायानामाध्पट्टा विलेखों की डिजिटल स्टाम्पिंग हेतु पूर्णतः ऑनलाइन सुविधा प्रारम्भ की गई है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत मकान मालिक एवं किरायेदार एवं नागरिक उप निबन्धक कार्यालय में उपस्थित हुए बिना ऑनलाइन किरायानामा ध् पट्टा विलेख तैयार कर स्टाम्प शुल्क का भुगतान करते हुए आधार आधारित ई.हस्ताक्षर के माध्यम से डिजिटल रूप से स्टाम्पित किरायानामा दस्तावेज की प्रति प्राप्त कर सकते हैं। उक्त जानकारी देते हुए उप महानिरीक्षक निबन्धन चित्रकूटधाम मण्डल बांदा रईस अहमद खां ने बताया कि विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध सुविधा के माध्यम से दोनो पक्ष आवश्यक विवरण ऑनलाइन दर्ज करेंगेए जिसके आधार पर प्रणाली स्वतः देय स्टाम्प शुल्क की गणना करेगी। शुल्क जमा होने के उपरान्त दोनो पक्ष ई.हस्ताक्षर कर तत्काल डिजिटल रूप से स्टाम्पित किरायानामा प्राप्त कर सकेगे। उन्होने बताया कि यह व्यवस्था नागरिकों को सरलए त्वरितए पारदर्शी एवं सुविधाजनक सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उप महानिरीक्षक निबन्धनए ने कहा कि डिजिटल रूप से स्टाम्पित किरायानामा ध्पट्टा विलेख पक्षकारों के मध्य हुए अनुबन्ध का विधिक रूप से मान्य एवं प्रमाणिक अभिलेख होगाए जो आवश्यकतानुसार साक्ष्य ;म्अपकमदबमद्ध के रूप में उपयोगी होगा। इससे किरायेदारी की अवधिए किरायाए अग्रिम धनराशिए कब्जा एवं अन्य शर्तो से सम्बन्धी विवादों में कमी आयेगीए तथा नागरिकों को अनावश्यक वाद विवाद एवं मुकदमेबाजी से राहत प्राप्त होगी। उन्होने यह भी बताया कि उक्त व्यवस्था से विधि सम्मत दस्तावेजीकरण को बढ़ावा मिलेगा तथा अनौपचारिक एवं अप्रमाणित किरायानामों की प्रवृत्ति में कमी आयेगी तथा स्टाम्प शुल्क की सही गणना एवं ऑनलाइन जमा होने से राज्य सरकार को देय राजस्व की प्राप्ति सुनिश्चित होगी। यह व्यवस्था जनहित एवं राजस्व हित दोनो दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उप महानिरीक्षक निबन्धनए ने जनपद बाँदाए चित्रकूटए हमीरपुर एवं महोबा के नागरिकोए समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयोंए सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के उपकर्मोंए व्यापारिक संगठनोंए औद्योगिक प्रतिष्ठानोंए शैक्षणिक संस्थानोंए आवासीय कल्याण समितियोंए मकान मालिको एवं कियायेदारो से अपील की है कि वे इस ऑनलाइन सुविधा का अधिकाधिक उपयोग करें तथा अपने परिचितो को भी इसके सम्बन्ध में अवगत करावे एवं जागरूक करेंए जिससे अधिक से अधिक नागरिक स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा प्रारम्भ की गई इस अभिनव डिजिटल सेवा का लाभ प्राप्त कर सके।

## साईबर ठगी के शिकार व्यक्ति के डेढ़ लाख रूपये कराए वापस

**. ई.चालान की एपीके फाइल भेजकर जालसाजों ने खाते से पार किए थे डेढ़ लाख रूपये**

बांदा। ई.चालान के नाम पर एपीके फ़ाइल डाउनलोड कराकर जालसाजों ने तय व्यक्तियों के खाते से लाखों की ठगी कर ली। शिकायत पर पुलिस ने ठगी के शिकार हुए पीड़ितो के खातों में डेढ़ लाख रुपए सकुशल वापस कराये गए।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशनएअपर पुलिस अधीक्षक शिवराज के पर्यवेक्षण एवं सहायक पुलिस अधीक्षकध्क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम मेविस टाक के नेतृत्व में साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा टीम द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए ई.चालान के नाम पर एपीके फ़ाइल डाउनलोड कराकर ठगी के शिकार हुए 03 पीड़ितों के खाते में कुल 1ए50 836ध् रुपए सफलतापूर्वक वापस कराई गई। सहायक एसपी मेविस टॉक ने बताया कि साइबर अपराधियों द्वारा मोबाइल फोन पर कॉलएैडए ींजे।चच संदेश अथवा अन्य सोशल मीडिया माध्यमों के जरिए वाहन स्वामियोंध्चालकों से संपर्क कर उन्हें बताया जाता है कि उनके वाहन का ई.चालान लंबित है। साथ ही जुर्माना जमा न करने पर वाहन जब्त किए जाने अथवा अन्य कानूनी कार्यवाही किए जाने का भय दिखाया जाता है। इसके बाद ई.चालान देखने अथवा उसका भुगतान करने के लिए एक ।च्ज्ञ लिंक भेजकर ।च्ज्ञ फ़ाइल डाउनलोड करने हेतु प्रेरित किया जाता है। एपीके फ़ाइल डाउनलोड होते ही



साइबर अपराधी पीड़ित के मोबाइल फोन का नियंत्रण प्राप्त कर लेते हैं। तथा बैंक खातेएएपीकेएनेट बैंकिंग एवं अन्य गोपनीय जानकारियों तक पहुंच बनाकर खातों से धनराशि निकाल लेते है। इसी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हुए थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के मनोज कुमार पुत्र चन्द्रभानएरिषभ कुमार पुत्र राकेश कुमार व मो0 इबरार द्वारा धोखाधड़ी से सम्बंधित शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम को प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देशों के क्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना बांदा की टीम द्वारा प्राप्त सभी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंकिंग संस्थाओंएवित्तीय पोर्टलों एवं अन्य तकनीकी माध्यमों व विभागों से समन्वय एवं प्रभावी पत्राचार के माध्यम से साइबर ठगी में फंसी धनराशि को होल्डध्फ्रीज कराते हुए कुल 1ए50ए836 की धनराशि तीनों पीड़ितों के खातों में सफलतापूर्वक वापस कराई गई। सभी आवेदकोंध्पीड़ितों ने धनराशि वापस पाने पर पुलिस टीम का आभार जताया। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम पुलिस थाना सुखराम सिंहएउप निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंहएआरक्षी धर्मेन्द्र कुमारएहिमांशु वर्माएललित कुमारएज्योति उपाध्याय आदि शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस द्वारा आमजन से की गई है कि किसी भी अज्ञात लिंकएकालएमैसेज अथवा आनलाइन निवेश संबंधी प्रलोभन अथवा डर एवं भय उत्पन्न करने वाले संदेशोंध्कॉलों के प्रभाव में न आएं। किसी भी भ्रामक अथवा भय उत्पन्न करने वाले संदेशो पर प्रतिक्रिया देने से पूर्व सत्यापन अवश्य करें। तथा साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा निकटतम साइबर थानाध्पुलिस कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं।

## खनन क्षेत्र के आसपास पट्टाधारक करायें वृक्षारोपण: एडीएम

**. एडीएम ने खनन पट्टा धारकों को दिए निर्देश**

बांदा। खनन पट्टा क्षेत्र के आस.पास पट्टाधारक वृक्षारोपण कराये। पट्टे के आस.पास भूमि की अनुपलब्धता होने पर तहसील के माध्यम से भूमि उपलब्ध करायी जायेगी। उपरोक्त निर्देश आयोजित बैठक में एडीएम ने दिए।



अपर जिलाधिकारी ;विधाद्ध कुमार धर्मेंद्र की अध्यक्षता में जनपद के उपखनिज बालूध्मोरम व गिट्टी ध् पत्थर के समस्त पट्टाधारकध्अनुज्ञाधारक ध् क्रेशर स्वामी के साथ वृक्षारोपण किये जाने के सम्बन्ध में बैठक की गयी। बैठक में एडीएम कुमार धर्मेंद्र ने पट्टाधारकएअनुज्ञाधारकएक्रेशर मालिको को निर्देशित किया कि वन विभाग द्वारा निर्गत अनापत्ति तथा पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण.पत्र में दी गयी शर्तो के अनुसार पेड़एवृक्ष लगाये जाये। वृक्षारोपण का कार्य माह जुलाई व अगस्त में किया जाना है। जिसके लिये खनन पट्टेएअनुज्ञा क्षेत्र के आस.पास 05 से 10 हेण् तक की जमीन का चिन्हांकन कर पट्टाधारको को अवगत कराया जायेगा। जिसमें पट्टाधारको द्वारा फलदार पेड लगाये जाने तथा फैन्सिंग का कार्य भी कराया जायेगा। जनपद बांदा में 50 तालाब के आस.पास लगभग 30ए000 पेड लगाये जायेगे। क्रेशर स्वामी द्वारा क्रेशर के आस.पास भी पेड़ लगाये जाने के निर्देश दिये गये है। बैठक में उपस्थित कुछ पट्टाधारको द्वारा जमीन की उपलब्धता न होने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। कुछ पट्टाधारको द्वारा अनुरोध किया गया है कि उनके पट्टे से कुछ दूरी पर ग्रामसमाज की भूमि उपलब्ध है। तथा उक्त भूमि पर ही वृक्षारोपण कराना चाहते है। जिस पर एडीएम द्वारा समस्त पट्टाधारको को निर्देशित किया गया है कि पट्टाधारक द्वारा अपने खनन पट्टा क्षेत्र के आस.पास वृक्षारोपण कराये तथा पट्टे के आस.पास भूमि की अनुपलब्धता होने पर तहसील के माध्यम से भूमि उपलब्ध करायी जायेगी। अपर जिलाधिकारी ;विधाद्ध द्वारा उक्त के अतिरिक्त समस्त पट्टाधारको को यह भी अवगत कराया गया कि वृक्षारोपण करने के उपरान्त उसकी देख.रेख करने का दायित्व पट्टाधारक का ही होगा। पौधे की उपलब्धता के सम्बन्ध में भी कुछ पट्टाधारको द्वारा अवगत कराया गया कि पौधे का क्रय किस स्थान से किया जाये। जिसके सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी बांदा से वार्ता करते हुये समस्त पट्टाधारको को उनके व्यय पर पौधे उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया। जिस पर प्रभागीय वनाधिकारी बांदा द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन देने हेतु समस्त पट्टाधारको को उनके व्यय तथा लक्ष्य के अनुसार पौधे उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया।

## परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें:एडीएम

**. प्रवक्ता राजकीय इण्टर कालेज की परीक्षा के संबंध में सम्पन्न हुई बैठक**

बांदा। अपर जिलाधिकारी न्यायिक मायाशंकर की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा प्रवक्ता ;महिलाध्पुरूषद्ध राजकीय इण्टर कॉलेज ;प्र0द्ध परीक्षा.2025 की लिखित परीक्षा सकुशल एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु तैयारी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होंने केन्द्र व्यवस्थापकोंए सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्टेउ्टों को निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें फर्नीचरए लाइटए सीसीटीवी कैमराए छायाए पानी आदि की समुचित व्यवस्था की जायें। सम्बन्धित मजिस्टेउ्ट परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करें। बैठक में लोक सेवा आयोग के उप सचिव श्रीमती पूनम निगम ने बताया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा प्रवक्ता ;महिलाध्पुरूषद्ध राजकीय इण्टर कॉलेज ;प्र0द्ध परीक्षा.2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 14 जून को एक पाली में प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक जनपद बॉदा के 09 विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगीए जिसमें 4275 अभ्यर्थियों के प्रतिभाग करने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि परीक्षा केन्द्र के अन्तर्गत कोई भी अभ्यर्थी मोबाइल फोनए इलेक्ट्रानिक डिवाइसए कलकुलेटरए टैबलेट लेकर नही जायेंगे। परीक्षा से पूर्व सभी अभ्यर्थियों की बायोमैट्रिक उपस्थिति किये जाने के साथ ही सघन चेकिंग भी परीक्षा केन्द्रों में की जायेगी। परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त पुलिस एवं सुरक्षा की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने परीक्षा को सकुशल एवं सुचितापूर्णढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि आयोग द्वारा जारी किये गये गाइडलाइन का अध्ययन करते हुए पालन करें तथा परीक्षा को सकुशल सम्पन्न करायें। परीक्षा हेतु प्रश्न पत्रों को लाने ले जाने हेतु स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्टेउ्ट लगाये गये हैंए जिनके साथ पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर सभी अन्य आवश्यक व्यवस्थायें कन्ट्रोल रूमए स्टांग रूम बनाये जाने के निर्देश दिये। परीक्षा ड्यूटी के दौरान सभी कक्ष निरीक्षक एवं स्टाफ अपने परिचय पत्र के साथ ड्यूटी में तैनात रहेंगे। बैठक में मुख्य कोषाधिकारी विनोद कुमारए जिला विद्यालय निरीक्षक सहित केन्द्र व्यवस्थापक एवं सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्टेउ्ट उपस्थित रहे।

## फर्राटा पंखा बनाते समय युवक की करेंट लगने से हुई मौत

बबेरू ध्बाँदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सतन्याव गांव में फर्राटा पंखा बनाते समय 25 वर्षीय युवक की करेंट लगने से मौत हो गयीए घटना से परिवार में कोहराम मच गया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सतन्याव गांव निवासी युवक कमलेश कुमार यादव पुत्र रामचंद्र यादव उम्र 24 वर्ष यह बुधवार की रात्रि अपना घर का फर्राटा पंखा बना रहा था। तभी करेंट की चपेट पर आ गयाए और बेहोश होकर गिर पड़ाए जैसे ही परिजनों ने देखा तो तुरंत आनन फानन सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गयाए वहीं डॉक्टरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बुधवार व गुरुवार की मध्य रात्रि भेज दिया है। जिसका आज गुरुवार की दोपहर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कराई जाएगी। जानकारी के मुताबिक मृतक कमलेश कुमार यादव की शादी पिछले 30 अप्रैल 2026 को पहाड़ी थाना क्षेत्र के नई दुनिया गढ़ी घाट मे हुई थीएमृतक दो भाई व दो बहन मे सबसे छोटा थाए इस घटना को देखते हुए मृतक की मां आशा देवी व पत्नी फूल कुमारी उर्फ़ रन्नू सहित पूरे परिवार जनों का रो.रोकर बुरा हाल है।

## डीएम के निर्देशन में केन पथ पर आयोजित हुई राज्य स्तरीय आपदा माक एक्ससाइज

बांदा। जिलाधिकारी के निर्देशन में गुरुवार को केन पथ बांदा पर दैवी आपदाओं से निपटने के लिए राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्काउट एवं गाइड के छात्र.छात्राओं को बाढ़ आपदा के दौरान बचाव एवं राहत कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में जिला नोडल प्रभारीए प्रधानाचार्य एवं जिला स्काउट कमिश्नर मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने बाढ़ आपदा के दौरान अपनाए जाने वाले विभिन्न बचाव उपायों की जानकारी दी। वहीं जिला प्रशिक्षण आयुक्त अशोक कुमार ने सीमित संसाधनों में स्टेचर बनाकर घायल एवं बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया। जिला सचिव सरोज कुमार ने तैराकी के माध्यम से बाढ़ पीड़ितों को बचाने के प्रभावी तरीकों से अवगत कराया। जिला संगठन कमिश्नर स्काउट अरुण कुमार अग्रहरी ने आपदा की स्थिति में प्राथमिक उपचार के महत्व और उसकी विधियों की जानकारी दी। इसी क्रम में जिला प्रशिक्षण आयुक्त आराधना गौतम ने मॉक एक्सरसाइज के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के अगले चरण में स्मिता द्विवेदी ने बाढ़ प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचानेए उन्हें उचित परामर्श देने तथा भयमुक्त वातावरण बनाए रखने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर कुलदीप श्रीवास ;ट्रेनिंग काउंसलरद्धए अंकित त्रिपाठी सहित जेपी शर्मा इंटर कालेज बबेरू के स्काउट तथा भगवती प्रसाद ओमर बालिका इंटर कॉलेजए बांदा की गाइड उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने कहा कि स्काउट.गाइड सदैव सामाजिक एवं जनसेवा कार्यो में अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं। आगामी बाढ़ आपदा की संभावनाओं को देखते हुए उन्हें समय रहते प्रशिक्षित किया जा रहा हैए जिससे आवश्यकता पड़ने पर वे राहत एवं बचाव कार्यो में प्रभावी योगदान दे सकें। कार्यक्रम में सभी स्काउट.गाइड ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाज सेवा और आपदा प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## 14 जून को मनाया जाएगा विश्व रक्तदाता दिवस

चित्रकूट- मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन पूरे विश्व में स्वैच्छिक रूप से नियनित रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं का सम्मान कर उनका धन्यवाद किया जाता है। इस वर्ष विश्व रक्तदाता दिवस का स्लोगन वन ड्रॉप ऑफ ह्यूमैनिटी गिव ब्लड सेव लाईफ है।

तत्क्रम में अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कलयाण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के अद्धशासकीय द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार विश्व रक्तदाता दिवस 14 जून के उपलक्ष्य में जिला संयुक्त चिकित्सालय, चित्रकूट मे स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया जाना है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला संयुक्त चिकित्सालय डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि शिविर के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है, जिसमें चिकित्साधिकारी की देख-रेख में लैब टेक्नीशियन द्वारा आवश्यक जांचो के बाद रक्त दान किया जाएगा। चिकित्सकों की माने तो एक व्यक्ति के द्वारा दिए गए रक्त से चार जिन्दगियां बचाई जा सकती हैं। इसलिए तैयार रहें और आगामी 14 जून को जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचकर विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में रक्त दान कर महादानी बने एवं आपने आप को भावी रक्तदाता के रूप पंजियन करवाएं। स्वैच्छिक रक्त दान शिविर में सभी अन्तर्विभागीय अधिकारियो, समाज सेवी, छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अधिवक्ता व पत्रकार बंधु एवं स्वैच्छिक रक्तदाताओं से अनुरोध किया कि इस शिविर में आकर रक्तदान करें एवं भावी रक्तदान के लिए अपने को पंजिकृत कराएं ताकि रक्त की कमी वाले रोगियों तथा निरन्तर आवश्यकता वाले रोगी व्यक्तियों के साथ-साथ ऐनिमिक गर्भवतियों एवं प्रसव उपरान्त गर्भवती महिलाओं तथा आकस्मिक आवश्यकता जैसे सड़क दुर्घटना मे घायल व्यक्तियों को ससमय जीवन रक्षक रक्त बिना प्रतिस्थानी रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

# खबर एक नज़र

## प्राधिकरण सचिव ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

चित्रकूट- जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में गुरुवार को जिला कारागार चित्रकूट में इला चैधरी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा औचक निरीक्षण एवं मानव तस्करी एवं यौन उत्पीडन विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में संचालित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। लीगल एड क्लीनिक में अनुरक्षित समस्त पंजिकाओं को देखा गया। समस्त पंजिकाओं की प्रवृष्टियां नियमानुसार अंकित पायी गयी। लीगल एड क्लीनिक में नियुक्त पैरालीगल वालेण्टियर्स को निर्देशित किया गया कि यदि कोई बंदी अपने मुकदमें की पैरवी के लिए व्यक्तिगत अधिवक्ता करने में अक्षम है तो नियमानुसार पत्राचार करते हुए अधीक्षक जिला कारागार चित्रकूट के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से उक्त बंदी के मुकदमें की पैरवी के लिए अधिवक्ता प्राप्त करा सकते हैं। सहायक लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल कुलदीप सिंह व स्वाती तिवारी द्वारा बताया गया कि कार्यस्थल, सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी व्यक्ति द्वारा महिलाओं का यौन उत्पीडन नहीं किया जाना चाहिए। यौन उत्पीडन एक सामाजिक बुराई के साथ-साथ व्यक्ति की गरिमा, मानसिक शांति और सुरक्षा के अधिकारों का गम्भीर उलंघन भी है। भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत यौन उत्पीडन को दण्डनीय अपराध है। इस अवसर पर श्री अंशुमान यादव अतिरिक्त सिविल जज (सी0डी0), श्री कुशकुमार सिंह अधीक्षक जिलाकारागार, श्री सुनील कुमार वर्मा जेलर, श्री कौशलेन्द्र मिश्रा, श्री प्रभू प्रताप सिंह, श्रीमती बृजकिशोरी उपकारापाल उपस्थित रहे।

## पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ किया गिरफ्तार

चित्रकूट- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर लाखन सिंह के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक शैलैन्द्र कुमार, आरक्षी शुभम मिश्रा व आरक्षी शाकिर अली द्वारा अभियुक्त सुशील निवासी गुर्रा मंदिर थाना राजापुर, चित्रकूट को 18 क्वार्टर देशी नाजायज शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## मुख्य आरक्षी कमल किशोर पदोन्नति पाकर बने उपनिरीक्षक

चित्रकूट- जनपद पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा मुख्य आरक्षी से उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति प्राप्त करने वाले कमल किशोर के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें अलंकृत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा नवपदोन्नत उपनिरीक्षक कमल किशोर का मुंह मीठा कराते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठा एवं लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के दौरान एसओजी प्रभारी निरीक्षक एम.पी. त्रिपाठी, प्रभारी मॉनिटरिंग सेल उपनिरीक्षक प्रभुनाथ यादव, प्रभारी सम्मन सेल उपनिरीक्षक ननकऊ गौतम, पीआरओ पुलिस अधीक्षक पंकज तिवारी सहित पुलिस कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## नगर क्षेत्र में विकास के लिए अवमुक्त की गई धनराशि

चित्रकूट- जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में वंदन योजना के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद में अवस्थित चित्रकूट तीर्थ स्थल के सन्निकट रामघाट व झारखण्डी देवी मन्दिर में अवस्थापना सुविधाओं के कार्य कराए जाने के लिए प्रथम किश्त से चालू कार्यो को पूर्ण कराए जाने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 वित्तीय प्रशासकीय स्वीकृत 200 लाख रुपये के सापेक्ष अवशेष द्वितीय किश्त की धनराशि 148.17 लाख रूपये नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी के लिए शासन द्वारा अवमुक्त की गयी है। नगर पालिका परिषद द्वारा प्रथम किश्त की धनराशि से कराए गए कार्यो की फोटोग्राफ संलग्न है।

## निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ तैयार करें पीएम आवास की सूची- डीएम

चित्रकूट- जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की स्थायी पात्रता सूची तैयार किए जाने के संबंध में आयुक्त, विकास ग्राम्य उत्तर प्रदेश द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार स्थायी पात्रता सूची तैयार करने की समस्त कार्यवाही आगामी 30 जून तक पूर्ण की जानी है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जनपद की ग्राम सभाओं में खुली बैठकों के आयोजन के लिए विकास खण्डवार एवं ग्राम पंचायतवार रोस्टर तैयार कर संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि संबंधित अधिकारी शासन एवं आयुक्त, विकास ग्राम्य उत्तर प्रदेश द्वारा निर्गत निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित तिथियों पर ग्राम सभाओं की खुली बैठकों का आयोजन कराएं तथा पात्र लाभार्थियों के सत्यापन एवं स्थायी पात्रता सूची के निर्माण संबंधी आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि ग्राम सभाओं में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ पात्र परिवारों का चयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का लाभ वास्तविक एवं पात्र लाभार्थियों तक पहुंच सके।

## ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के तहत जनपद में 3528 हेक्टेयर क्षेत्र में स्थापित होगी सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली

चित्रकूट- जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि किसानों को कम पानी में अधिक उत्पादन उपलब्ध कराने तथा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित पर ड्रॉप मोर क्रॉप (माइक्रो इरिगेशन) योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद चित्रकूट को 3528 हेक्टेयर क्षेत्रफल में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय ने बताया कि इस योजना के माध्यम से किसानों को आधुनिक सिंचाई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे खेती की लागत कम होने के साथ उत्पादन और आय में वृद्धि हो सकेगी। योजना के तहत ड्रिप सिंचाई, मिनी स्प्रिंकलर, माइक्रो स्प्रिंकलर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर तथा रेनगन (लार्ज वॉल्यूम) स्प्रिंकलर जैसी आधुनिक सिंचाई प्रणालियों की स्थापना कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इन तकनीकों के उपयोग से पानी की उल्लेखनीय बचत होती है तथा फसलों को आवश्यक मात्रा में पानी मिलने से उनकी उत्पादकता भी बढ़ती है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत ड्रिप एवं मिनी स्प्रिंकलर प्रणाली पर लघु एवं सीमांत कृषकों को 90 प्रतिशत तथा सामान्य कृषकों को 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। वहीं पोर्टेबल एवं रेनगन स्प्रिंकलर प्रणाली पर लघु एवं सीमांत किसानों को 75 प्रतिशत तथा सामान्य किसानों को 65 प्रतिशत तक अनुदान का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली न केवल जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है बल्कि बदलते जलवायु परिदृश्य में किसानों के लिए लाभकारी खेती का प्रभावी माध्यम भी बन रही है। जिला उद्यान अधिकारी ने जनपद के किसानों से अपील की कि वे योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आधुनिक सिंचाई तकनीकों को अपनाकर अपनी खेती को अधिक उत्पादक एवं लाभकारी बनाएं। इससे पानी की बचत के साथ-साथ कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आर्थिक स्थिति को भी मजबूती मिलेगी।

## अवैध शराब कारोबार रोकने के लिए किया गया जागरुक

चित्रकूट- आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के अनुपालन में अवगत कराया जाता है कि राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), आबकारी विभाग की अध्यक्षता में संपन्न आबकारी विभाग की स्थायी समिति की बैठक बीते 30 अप्रैल के कार्यवृत्त के क्रम में उत्तर प्रदेश आबकारी विभाग द्वारा यूपी एक्साइज सिटीजन ऐप, विकसित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 14405 तथा व्हाट्सएप नंबर 9454466019 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। बताया कि यदि किसी व्यक्ति को अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, भंडारण अथवा विक्रय संबंधी कोई सूचना प्राप्त होती है अथवा किसी मदिरा की गुणवत्ता एवं वैधता के संबंध में संदेह होता है, तो वह इसकी सूचना आबकारी विभाग द्वारा संचालित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर, व्हाट्सएप नंबर अथवा जनपद के संबंधित आबकारी अधिकारियों के सी.यू.जी. नंबरों पर उपलब्ध करा सकता है।

# मध्यांचल समाचार

इटावा/फर्रूखाबाद/औरैया/मैनपुरी/एटा/कन्नौज/फिरोजाबाद/आगरा/मथुरा/अलीगढ़

## घरों में लगी आग से गृहस्थी का सामान जलकर राख

**एक ही रात में उजड़ गया परिवार का आशियाना सर छुपाने को नहीं रही जगह**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

फर्रुखाबाद।अमृतपुर क्षेत्र के करनपुरघाट गांव में मंगलवार देर रात हुए अग्निकांड ने एक परिवार को गहरे संकट में डाल दिया। अचानक भड़की आग ने रामबाबू और उनके पुत्र रंजीत के घर को अपनी चपेट में ले लिया जिससे घर में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो गया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे घर से आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों में अफरा.तफरी मच गई। गांव के लोगों ने बाल्टियों और अन्य संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग तेजी से फैलती चली गई। सूचना मिलने पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में सोलर पैनल बैटरी पंखा सहित दैनिक उपयोग का जरूरी घरेलू सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार के सामने अब जीवनयापन की मूलभूत आवश्यकताओं का संकट खड़ा हो गया है।घटना की जानकारी मिलने के बाद राजस्व विभाग की टीम भी गांव पहुंची। लेखपाल आर्यन ने मौके का निरीक्षण कर पीड़ित परिवार से जानकारी जुटाई और नुकसान का आकलन किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र राहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग उठाई है। प्रशासनिक अधिकारियों ने नियमानुसार सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। गांव में हुई इस घटना के बाद लोगों ने आग से बचाव के प्रति सतर्क रहने और समय पर दमकल सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है।

## विनियमित क्षेत्र में अवैध निर्माण नियम विरुद्ध गेस्ट हाउस संचालन एवं 9 अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध नोटिस जारी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

फर्रुखाबाद।उत्तर प्रदेश निर्माण कार्य विनियमन अधिनियम 1958 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत विनियमित क्षेत्र में अवैध निर्माणों एवं अन्य नियम विरुद्ध गतिविधियों के विरुद्ध सतत अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के दौरान क्षेत्र का निरीक्षण कर अवैध निर्माणों का चिन्हीकरण किया जा रहा है तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार ने

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि विनियमित क्षेत्र के अंतर्गत कुछ गेस्ट हाउसों का निर्माण एवं संचालन सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किया गया है अथवा किया जा रहा है जो अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत है।

इस संबंध में अब तक 9 गेस्ट हाउसों को चिन्हित करते हुए संबंधित संचालकों को अधिनियम के तहत नोटिस निर्गत किए गए हैं।

इसके अतिरिक्त ऐसे गेस्ट हाउस भी चिन्हित किए गए हैं जिनके द्वारा पूर्व में मानचित्र स्वीकृत तो कराया गया है किंतु स्थल निरीक्षण में यह पाया गया कि उनका संचालन स्वीकृत मानचित्र के विपरीत किया जा रहा है। यह स्थिति भी नियमों के विरुद्ध पाई गई है। ऐसे 9 गेस्ट हाउसों को चिन्हित कर संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किए गए हैं।

अभियान के अंतर्गत विनियमित क्षेत्र में की जा रही अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है। अब तक 9 अवैध प्लाटिंगकर्ताओं को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध नोटिस जारी किए गए हैं।

संबंधित प्रकरणों में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि विनियमित क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य अथवा भूमि विकास कार्य निर्धारित नियमों एवं स्वीकृतियों के बिना किए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मिठाई की दुकान पर करंट लगने से युवक की मौत, परिवार का सहारा छिना

**विशुनगढ़ गांव में सुबह 9 बजे हुआ हादसाय परिजनों में मचा कोहरामए क्षेत्र में शोक की लहर**

छिबरामऊरू विकासखंड के विशुनगढ़ गांव में आज सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आयाए जहां एक मिठाई की दुकान पर काम करने वाले 21 वर्षीय युवक की बिजली का जोरदार करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। इस असमय हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसारए मृतक की पहचान नूनार मोहल्ला निवासी अंकित कश्यप ;21 वर्षद्धए पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है। अंकित पिछले 10 वर्षों से इसी मिठाई की दुकान पर काम करके अपने परिवार का भरण.पोषण कर रहा था। आज सुबह करीब 9 बजेए दुकान पर काम करने के दौरान भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए उसने जैसे ही पंखा चलाने का प्रयास कियाए वह बिजली के तेज करंट की चपेट में आ गया। करंट इतना जोरदार था कि वह मौके पर ही अचेत होकर गिर पड़ा। दुकान पर मौजूद अन्य लोग और स्थानीय निवासी तुरंत अंकित को लेकर छिबरामऊ स्थित श्सौ शैया अस्पतालश् पहुंचे। हालांकिए वहां डॉक्टरों ने गहन जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। बिशनगढ़ कस्बा इंचार्ज हृदयराज उपाध्याय ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। परिवार का मुख्य सहारा छिना पारिवारिक सूत्रों के अनुसारए अंकित अपने तीन भाइयों और दो बहनों में से एक था और वह अपने परिवार का मुख्य आर्थिक सहारा था। उसकी इस असामयिक और दर्दनाक मृत्यु से परिजनों का रो.रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद से नूनार मोहल्ले में पूरी तरह मातम पसरा हुआ है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं और ढांढस बंधाया है।

## सेवा और साहित्य की मिसाल थीं डॉ रजनी सरीन याद कर छलक पड़े महाना के आंसू

**जन सेवा ही धर्मष् के मूलमंत्र को जिया श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा शहर**

**विधानसभा अध्यक्ष बोले. उनका जाना समाज की अपूरणीय क्षति**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

फर्रुखाबाद। शहर की प्रमुख चिकित्सा समाजसेवी डॉ रजनी शरीर के निधन पर उनकी याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा में वक्ताओं ने उन्हें विनम्रता धैर्य सेवा और साहित्य साधना की प्रतिमूर्ति बताते हुए कहा कि उनका जीवन समाज गरीबों और संस्कृति के उत्थान के लिए समर्पित रहा।

कार्यक्रम में विधान सभा अध्यक्ष सतीश महानाए विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदीए डॉण् हरिदत्त द्विवेदी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बिंदिया मेहरोत्रा ने किया।

वक्ताओं ने कहा कि डॉण् रजनी सरीन का मूलमंत्र था . ष्वंदना नहींए जन सेवा ही सर्वोत्तम धर्मष। वे साहित्यए कला और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत थीं। राष्ट्रीय एवं सामाजिक मंचों पर सक्रिय रहकर उन्होंने रचनात्मकता और स्वाभिमान का संदेश दिया। पार्टी संगठन में भी उनका सामंजस्य और सबके साथ विकासष् का भाव सदैव स्मरणीय रहेगा।

परिवार की ओर से उनके पुत्र अंकित सरीन नाती और परिजनों ने मां की स्मृति में शांति पाठ किया। उदय पाल विजयए गुंजा जैन सहित परिवारजनों ने कहा कि मां का त्याग प्रेम सेवा और ममता उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी थी। इस मौके प्रीति तिवारीए डॉण् अरुण मेहरोत्रा भूपेंद्र प्रताप सिंह कमलेश मेहरोत्रा राकेश साधए समाजसेवी संजय गर्ग पप्पन मिया मोहन अग्रवाल राहुल जैन मनोज अग्रवाल पूर्व एमएलसीएरूपेश गुप्ता ए सुरेंद्र पान्डेय गौरव मिश्रा अरविंद दीक्षित रविंद्र भदोरिया आदेश अवस्थीअनुराग पान्डेय प्रभात अवस्थी डॉक्टर प्रभात गुप्ता डॉ वी के गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## टेंपो ने बाइक में मारी टक्कर तीन घायल

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

फर्रुखाबाद।कायमगंज जलालपुर से शादी की दावत देकर लौट रहे बाइक सवार तीन युवकों को सिवारा चौराहे पर तेज रफ्तार टेंपो ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है

जनपद कासगंज के थाना सहावर क्षेत्र के गांव भडारी बेहटा निवासी अर्जुन अपने 17 वर्षीय भाई कमल तथा अमन निवासी सिवारा के साथ बाइक से कंपिल जलालपुर दावत देने गया था। वहां से वह कम्पिल की ओर वापस लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक सिवारा चौराहे के पास पहुंची सामने से आ रहे तेज रफ्तार टेंपो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

## करोड़ों की टंकी शोपीस, तीन साल से पानी को तरस रहे पांच गाँव के ग्रामीण

**तालग्राम के आयुबपुर में फूटा ग्रामीणों का गुस्साए टंकी पर एकत्र होकर किया जोरदार प्रदर्शन**

**छिबरामऊ** तहसील क्षेत्र के ब्लॉक तालग्राम की ग्राम पंचायत मुसाफिरपुर के अंतर्गत आने वाले गाँव आयुबपुर में विकास के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। यहाँ लगभग 149ण्22 लाख रुपये की भारी.भरकम लागत से बनी पानी की टंकी पिछले तीन वर्षों से सफेद हाथी साबित हो रही है। टंकी निर्माण के बावजूद आज तक ग्रामीणों को पानी की एक बूंद नसीब नहीं हुई हैए जिसके कारण क्षेत्र के लोग गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। इस लापरवाही से नाराज आयुबपुर और आसपास के ग्रामीणों का धैर्य गुरुवार को जवाब दे गया। गुस्साए ग्रामीणों ने बंद पड़ी पानी की टंकी के परिसर में एकत्र होकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार धरना.प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों के अनुसारए इस पेयजल परियोजना से केवल आयुबपुर ही नहींए बल्कि क्षेत्र के पांच प्रमुख गाँवों की प्यास बुझनी थी। इनमें हजीरापुरएमुसाफिरपुरए तलैयाएचौखटाए आयुबपुर शामिल हैं। इन सभी गाँवों में पिछले तीन साल से जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। ग्रामीणों को अपनी रोजमर्रा की जरूरतों और पीने के पानी के लिए मीलों दूर भटकना पड़ रहा हैए जिससे उनका दैनिक जीवन बेहाल हो चुका हैए धरना.प्रदर्शन में शामिल ग्रामीणों ने बताया कि पानी की किल्लत को लेकर वे लंबे समय से आवाज उठा रहे हैंए लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। सर्वेश कुमारए ग्राम पंचायत प्रधान ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टलए जिलाधिकारी और तहसील समाधान दिवस के माध्यम से लिखित शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं। लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिलाए धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से ध्यान सिंहए हरिप्रकाशए सुधीर कुमारए अवधेश कुमारए गेंदालालए ज्ञान प्रकाशए बलवीरए चंद्रपालए रामदासए भजनलालए गोविंद कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही जलापूर्ति बहाल नहीं की गईए तो वे चक्का जाम और बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिम्मेदारों का पक्षरू ष्मामला संज्ञान में नहीं थाए जुलाई तक करेंगे समाधान इस पूरे मामले पर जब जल निगम के अधिकारियों से बात की गईए तो तंत्र की एक और बड़ी लापरवाही सामने आईए बी पी सिंह अधिशासी अभियंता जल निगम ने कहा कि मुझे इस समस्या के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी। अब यह मामला मेरे संज्ञान में आया है। मैं ग्रामीणों से अपील करता हूँ कि वे धैर्य रखेंय जुलाई माह तक हर हाल में पानी की इस समस्या का समाधान कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा। अब देखना यह होगा कि करोड़ों की लागत से बनी इस योजना का लाभ ग्रामीणों को जुलाई में मिल पाता है या उन्हें पानी के लिए अभी और लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

## महिला को पीटने में 11 लोगों पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

फर्रुखाबाद।नवाबगंज थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव उम्मरपुर त्योरी निवासी गिरिजा देवी पत्नी पेशकार 7 जून की सुबह लगभग पौने छह बजे अपने घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। तभी गांव के ही निवासी रामकुमार की पुत्री राजरानी व ओमवीर की पुत्री सोनी ने आकर घर के बाहर बैठने के लिए रखा लठ्ठा उठाकर फेंक दिया। बैठने के लट्ठे को फेंकने का विरोध करने पर राजरानी व सोनी व उनके परिजनों ने गाली गलौज शुरू कर दिया। विरोध करने पर गिरिजा देवी को मारपीट करने लगे। गिरिजा देवी को बचाने आए पुत्र अनिल कुमार सुनील कुमार रतीराम अंकित कुमार व शिवानी पुत्री अनिल राधा पुत्री अनिल रजत पुत्र अनिल विमला पुत्री पेशकार को भी लाठी डंडों से मारपीट की। लाठी डंडे से हुई मारपीट में गिरजा देवी पत्नी पेशकार अनिल कुमार अंकित कुमार शिवानी विमला देवी सुनील कुमार रतीराम राधा घायल हो गई थी। हमलावर जाति सूचक गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने घायल गिरिजा देवी पत्नी पेशकार की तहरीर पर राजरानी पुत्री रामकुमार सोनी पुत्री ओमवीर ओमवीर राजपूत रजनेश रामवीर श्यामवीर साधना पत्नी ओमवीर गौरव अनमोल अंकित मोहिनी पुत्री रजनेश के खिलाफ मारपीट करने व दलित उत्पीड़न की धाराओं में मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बच्चों ने पेंटिंग बनाकर पर्यावरण का संदेश का दिया संदेश



स्ववतंत्र भारत ब्यूरो

फर्रुखाबाद।जिला गंगा समिति के तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में किया गया। संस्कार भारती की ओर से संचालित हो रही कार्यशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिला परियोजना अधिकारी निहारिका पटेल ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक युवा एवं अन्य लोग पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक हो सके। उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य प्राकृतिक परिवेश वायुएजल? मिट्टी वन्य जीव आदि की रक्षा कर वातावरण का संतुलित बनाए रखना है। बढ़ती आबादी और औद्योगिकरण के कारण उत्पन्न प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन के खतरों से नपटने के लिए वृक्षारोपण प्लास्टिक मुक्त अभियान और जल संरक्षण आदि कार्य अति आवश्यक है। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की ही नहीं बल्कि हर नागरिक का नैतिक कर्तव्य है ताकि आने वाली पीढियां को एक स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में प्रशिक्षक रोहित दीक्षित ने भी उपस्थित सभी युवाओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि जब तक प्रत्येक व्यक्ति पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेगा तब तक हम पर्यावरण से संबंधित समस्याओं को दूर नहीं कर सकते हैं। छोटे.छोटे प्रयास से ही हम पर्यावरण को सुरक्षित कर सकते हैं। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा पेंटिंग बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से भी पर्यावरण संरक्षण की पहल की। इस अवसर पर संस्कार भारती के सचिव गौरव मिश्रा नवीन मिश्रा?? अरविंद दीक्षित वरिष्ठ छायाकर रविंद्र भदोरिया दिनेश अवस्थी कुलभूषण श्रीवास्तव एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अदिति यादव पर अभद्र टिप्पणी के खिलाफ भड़के सपाई एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

छिबरामऊ। सोशल मीडिया पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पुत्री अदिति यादव के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणी को लेकर स्थानीय सपा नेताओं में भारी रोष है। इस मामले में आज समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर उपजिलाधिकारी ;एसडीएमद्ध को एक ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ तत्काल व कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने का नेतृत्व कर रहे समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर के साथ विधानसभा अध्यक्ष उमेश पालए नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता तथा सपा नेता गोविन्द यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि सोशल मीडिया पर लगातार अराजक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने और अभद्र टिप्पणियां करने का चलन बढ़ गया है। नेताओं ने प्रशासन से मांग की कि अदिति यादव पर टिप्पणी करने वाले समाजकंटकों की आईटी सेल के माध्यम से शीघ्र पहचान की जाएए उन्हें जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। नेताओं ने कहा किसी भी व्यक्तिए विशेषकर महिलाओं एवं बेटियों के सम्मान के विरुद्ध की गई अभद्र टिप्पणियां सभ्य समाज में कतई स्वीकार्य नहीं हैं। प्रशासन को ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए तत्काल और नजीर बनने वाली कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई ऐसी हिम्मत न कर सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर चंद्रजीत यादवए अंकुर यादवए अरविंद गुप्ताए अवनीश गुप्ताए जयवीर सिंहए विपिन यादवए हिमांशु यादवए डॉण् धर्मेंद्रए पिंकी बॉथमए प्रदुमन यादव सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत उद्यमी संवाद कार्यक्रम

इटावा। सदर विधायक सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 से 21 जून तक संचालित व्यापक जनकल्याण एवं जन.जागरूकता अभियान के अंतर्गत उद्यमी संवाद कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

अपने संबोधन में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां प्राप्त की हैं और आने वाले समय में विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर और अधिक सशक्त होकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के अनेक स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान मिली है। बनारस की साड़ीए फिरोजाबाद की चूड़ियों की तरह इटावा के अंगोछाए बेडशीट एवं खीरमोहन जैसे स्थानीय उत्पादों को भी नई पहचान मिली हैए जिससे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। उन्होंने युवाओं से स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि सेवायोजन विभागए कौशल विकास विभाग तथा अन्य सरकारी योजनाएं युवाओं को प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य सचिन यादवए हरि नारायण बाजपेईए जनप्रतिनिधिगणए मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतमए जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसादए मोहित मनोहर सिंह संस्कृत पर्यटन अधिकारीए उपायुक्त उद्योग आत्मदेव शर्मा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## योग दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक

इटावा। जिलाधिकारी शुभांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में योग दिवस की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा। उन्होंने सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी कार्यक्रम स्थलो की सूची बनाई जाए एवं पद यात्रा भी निकली जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को योग अपनाने के लिए प्रेरित करें एवं योग के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रमुख पर्यटक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कराया जाए एवं कार्यक्रम का समय 6 से 8 बजे तक निश्चित है।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में भारत की परंपरागत विरासत योग को जन.जन के आरोग्य का माध्यम बनाए जाने के उद्देश्य से 21 जून को प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह 15 जून से प्रारंभ होकर 21 जून तक मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तरए ब्लॉक स्तरए तहसील स्तर व जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा गाड़ी पर बैनर व साउंड लगवाकर योग दिवस के संबंध में बजाया जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसकी जानकारी प्राप्त हो सके। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतमए एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठीए जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसादए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चंद्रए सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर एक नज़र

### रातों.रात बुलडोजर से मजार ढहाई गई

इटावा। सैयद बाबा की मजार बुधवार रात बुलडोजर से जमींदोज कर दी गई। गुरुवार सुबह जब गांव वाले पहुंचे तो वहां मजार का नामो.निशान तक नहीं बचा था। पूरी जमीन समतल कर दी गई थी। कमर तक ऊंचे पौधे लगा दिए गए थे। जगह जंगल जैसी लग रही थी। यह देखकर लोगों को यकीन ही नहीं हो रहा था कि 12 घंटे पहले यहां मजार थी। बुधवार शाम 6 बजे वन विभाग की टीम तीन बुलडोजर लेकर पहुंची। 20 से ज्यादा पुलिसकर्मी मजार तक जाने वाले रास्ते पर तैनात कर दिए। किसी के आने.जाने पर रोक लगा दी। इसके बाद 7 घंटे में मजार ढहा दी गई। रात 1 बजे तक बुलडोजर एक्शन चला। मजार के केयरटेकर का दावा है कि मजार 800 साल पुरानी थी। वन विभाग का कहना है कि मजार सरकारी जमीन पर बनी हुई थीए इसलिए कार्रवाई की गई। 3000 स्क्वायर फीट में बनी यह मजार इटावा शहर से डेढ़ किलोमीटर दूर बीहड़ के फिशर वन क्षेत्र में स्थित थी। मजार बीहड़ वाले सैयद बाबा के नाम से प्रसिद्ध थी। जनवरी में मजार की शिकायत सीएम पोर्टल पर की गई थी। इसके बाद वन विभाग ने जांच की और मजार हटाने के निर्देश दिए। मजार के केयरटेकर वन विभाग की कोर्ट गएए लेकिन उनकी अपील खारिज हो गई।

### होमगार्ड विश्राम सिंह ने जहर खाकर की आत्महत्या

ऊसराहार इटावा। क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रूद्रपुर से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है। ताखा तहसील मुख्यालय पर मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारी संभाल रहे 57 वर्षीय होमगार्ड विश्राम सिंह ने सल्फास खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। उनका शव गाँव के ही पास एक खेत में मिलाए जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। होमगार्ड के पुत्र गौरव उर्फ मनीष कमल द्वारा थाना अध्यक्ष ऊसराहार को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसारए विश्राम सिंह पुत्र स्वर्गीय बनवारी लाल बुधवार शाम लगभग 3 से 4 बजे के बीच घर से कहीं चले गए थे। परिजनों के मुताबिकए वह अत्यधिक शराब पीने के आदी थेए जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। गुरवार सुबह परिजनों और ग्रामीणों को विश्राम सिंह का शव ग्राम किशनपुर के एक खेत में पड़ा हुआ मिला। शव के पास ही सल्फास की दवा का खाली पैकेट भी बरामद हुआ हैए जिससे प्रथम दृष्टया यह जहर खाकर आत्महत्या करने की बात सामने आई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुँची। मृतक के पुत्र गौरव उर्फ मनीष कमल निवासी रूद्रपुर थाना ऊसराहार ने पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने बताया अभी तक जांच मे सल्फास खाकर आत्महत्या करने की बात सामने आई हैए मौके से सल्फास का खाली रैपर भी मिला है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। एक होमगार्ड द्वारा उठाए गए इस आत्मघाती कदम से तहसील मुख्यालय ताखा और उनके साथी कर्मचारियों में शोक की लहर है।

### टफ्लिक्स ने पेश किया रियलिटी शो, लॉक-अपः सच या सजा

कानपुर। रितेश देशमुख और फराह खान बने हैं जेलर और उनकी कंट्रोल्ड एवं हाई-प्रेशर जेल में बंद हैं 14 जानी-मानी हस्तियाँ। देखिए लॉक अपः सच या सजा, एक ऐसे कैप्टिव रियलिटी शो का सिलसिला, जो इससे पहले भारतीय रियलिटी एंटरटेनमेंट में कभी नहीं देखा गया है। बाहरी दुनिया से बिल्कुल कटे हुए हर ऐशो-आराम से दूर और लगातार चुनौतीपूर्ण होते टास्कों के बीच इन मशहूर लोगों को लगातार अपने साथियों को बदलते हुए और मुश्किल फैसले करते हुए आगे बढ़ते रहना होगा। नेटफ्लिक्स और एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत लॉक अपः सच या सजा एक हाई-स्केल एंटरटेनमेंट फॉर्मेट है, जो ग्लोबल दर्शकों के लिए बनाया गया है। इसका दिलचस्प प्रोडक्शन डिज़ाईन, पेचीदा गेमप्ले, भावनात्मक दबाव और लगातार असामान्य स्थितियां प्रतियोगियों को परफॉर्मेंस से बाहर आकर बिल्कुल असली प्रतिक्रियाएं देने पर मजबूर कर देते हैं। अपनी दिलचस्प दुनियाए जबरदस्त गेमप्ले और अत्यधिक भावुक हो चुके प्रतियोगियों के बीच लॉक अपः सच या सजा में बचने का केवल एक ही तरीका है। वह है-अपनी सच्चाई को स्वीकारना।

### स्मार्टचॉइस फीचर का 10 प्रोडक्ट कैटेगरीज में किया विस्तार

कानपुर। अमेज़न.इन ने आज अपने स्मार्टचॉइस फीचर का 10 कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कैटेगरी में विस्तार करने की घोषणा की। यह फीचर, जो 30 अलग-अलग यूज-केस सेगमेंट्स में एक्सपर्ट द्वारा चुने गए और उपयोग पर आधारित सुझाव देता है, अब भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स शॉपिंग के लिए सबसे व्यापक गाइडेड-डिस्कवरी अनुभवों में से एक बन गया है। लैपटॉप, टैबलेट, ऑडियो, कैमरा, वाशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर में पहले से लाइव होने के बाद इस फीचर में अब एसी, मॉनिटर, पीसी एक्सेसरीज और वियरेबल्स को जोड़ा गया है, जबकि टीवी और स्मार्टफोन जल्द ही आने वाले हैं। इस विस्तार के साथए अमेज़न.इन ने 11 जून से शुरू होने वाले स्मार्टचॉइस डेज सेल इवेंट की भी घोषणा की है, जिसमें स्मार्टचॉइस द्वारा रिकमेंडेड प्रोडक्ट्स पर बेहतरीन डील्स मिलेंगी।अमेज़न इंडिया की डायरेक्टर जेबा खान ने कहा स्मार्टचॉइस को एक सरल समझ के साथ बनाया गया था कि ग्राहकों को अधिक विकल्पों की नहीं, बल्कि सही विकल्प की आवश्यकता है जिस पर वे भरोसा कर सकें। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एक ऐसी कैटेगरी है जहां फीचर्स, स्पेसिफिकेशन्स और विकल्पों की संख्या एक जानकार खरीदार को भी उलझा सकती है। स्मार्टचॉइस प्रोडक्ट्स को इस बात से जोड़कर इसका समाधान करता है कि ग्राहक वास्तव में उनका उपयोग कैसे करेंगे।

### बिना आबादी घोषित कृषि भूमि पर जेसीबी से खोद दी नींव

इटावा। इकदिल थाना क्षेत्र के दीनारपुर गांव में कृषि भूमि पर अवैध कब्जे और जबरन पक्का निर्माण कराए जाने के आरोप में एक किसान ने एसएसपी से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि कुछ लोग जेसीबी मशीन से उनकी जमीन में नींव खुदवाकर पक्का निर्माण कराने का प्रयास कर रहे हैं। मामले में एसएसपी ने संबंधित थाना पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। दीनारपुर गांव निवासी संदेश बाबू ने एसएसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव में स्थित उनके पूर्वजों की संपत्ति पर वह लंबे समय से भूमिधर के रूप में काबिज हैं। उनका आरोप है कि उनकी भूमि से सटे चार खातेदार उनकी कृषि भूमि पर अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए जेसीबी मशीन लगाकर नींव की खुदाई कराई जा रही है और पक्का निर्माण कराया जा रहा है। आरोपियों ने अपनी भूमि को अभी तक आवासीय घोषित नहीं कराया है। इसके बावजूद वह कथित तौर पर कृषि भूमि पर प्लाटिंग कर जबरन कब्जा जमाने का प्रयास कर रहे हैं। इससे उनकी पैतृक भूमि को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी हुई है। भू विवाद को लेकर वर्ष 2014 में उन्होंने पातीराम बनाम दीनदयाल आदि के नाम से एसडीएम भरथना न्यायालय में वाद दायर किया था। इस मामले में 13 अप्रैल 2017 को कानूनगो की प्रस्तुत रिपोर्ट में उनका रकबा समाहित पाया गया था। हालांकिए बीमारी और अस्वस्थता के कारण वह मुकदमे की नियमित पैरवी नहीं कर सके। इसका लाभ उठाकर विपक्षी पक्ष ने कथित रूप से भूमि पर अपना कब्जा बनाए रखा। विपक्षी दबंग प्रवृत्ति के हैं और विरोध करने पर धमकी देते हैं। 22 मई को उन्होंने एसडीएम भरथना को लिखित शिकायत दी थीए जबकि सात जून को थाना प्रभारी इकदिल को भी प्रार्थना पत्र सौंपा था। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। अधिकारियों की ओर से कार्रवाई न होने से निराश होकर उन्होंने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले से अवगत कराया और न्याय की मांग की। पीड़ित किसान ने मांग की है कि राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेजकर चल रहे कथित अवैध निर्माण और कब्जे के प्रयास को रुकवाया जाए। साथ ही दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएए ताकि उनकी पैतृक कृषि भूमि को बचाया जा सके। एसएसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर संबंधित थाना पुलिस को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### एसएसपी ने जनसुनवाई की

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में नियमित रुप से होने वाली जनसुनवाई की गयी। जिसमें अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे फरियादियों के आवेदन लेकर उन्हें न्यायोचितध्गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का आश्वासन दिया। विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों की शिकायतो को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित राजपत्रित अधिकारी पुलिसए थाना प्रभारी से स्वयं वार्ता कर आवेदकों की शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया। फरियादियों की शिकायतों का तत्परता से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना इटावा पुलिस की प्राथमिकता है।

# ईरान के पास परमाणु हथियार होते तो इस्राइल का अस्तित्व ही नहीं होता

**वॉशिंगटन।** ईरान और अमेरिका के बीच तनाव हर दिन बढ़ता जा रहा है। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने दावा

- परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर ट्रंप ने दी चेतावनी



किया कि परमाणु-सशस्त्र ईरान इस्राइल को नष्ट कर देगा और पश्चिम एशिया को अस्थिर कर देगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका ने ईरान पर कड़ी चोट की है। बातचीत अनिश्चित रहने पर वह फिर से हमला कर सकता है।

ओवल ऑफिस में बोलते हुए ट्रंप ने कहा कि यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होते, तो इस्राइल और पश्चिम एशिया का अस्तित्व नहीं होता। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ने अमेरिका पर निश्चित रूप से हमला किया होता। ट्रंप ने कहा, हमने उन्हें कल कड़ी चोट पहुंचाई। हम आज फिर उन्हें कड़ी चोट पहुंचाने वाले हैं%। उन्होंने सौदे के भविष्य पर भी टिप्पणी की। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका एक समझौते के बहुत करीब था, लेकिन ईरान उन्हें बेवकूफ बना रहा है। उन्होंने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपतियों को बहुत मूर्ख बताया। ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका ईरान पर हमले फिर से शुरू करेगा। ट्रंप ने कहा, हम उन पर बहुत कड़ा हमला करने जा रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि ईरान द्वारा एक अमेरिकी अपाचे हेलीकॉप्टर को गिराना सैन्य कार्रवाई का आधार है। ट्रंप ने कहा कि हेलीकॉप्टर घटना के आधार पर अमेरिका को कार्रवाई का अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने पहले ही हमले शुरू कर दिए हैं। वह ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान जारी रखेगा। तनाव का यह हालिया चरण अमेरिका द्वारा हवाई हमलों के बाद बढ़ा। अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था। यह एक अमेरिकी अपाचे हेलीकॉप्टर को गिराने के जवाब में था। ईरान ने कहा कि उसने जॉर्डन में अमेरिकी अड्डे पर हमला किया। उसने खाड़ी के अन्य ठिकानों पर भी हमले किए।

# 'ईरान करे सहयोग, परमाणु स्थलों तक तुरंत दे पहुंच'

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ने बुधवार को ईरान से तत्काल सहयोग करने और उसके परमाणु स्थलों तक

- आईएईए ने की मांग, प्रस्ताव से इन देशों ने बनाई दूरी



पूर्ण पहुंच की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। प्रस्ताव में कहा गया कि आईएईए को यह सत्यापित करने में सक्षम बनाने के लिए कि परमाणु सामग्री का कोई दुरुपयोग या अन्यत्र हस्तांतरण नहीं हुआ है, जानकारी और पहुंच उपलब्ध कराना आवश्यक है।

वियना स्थित आईएईए मुख्यालय में हुई मतदान प्रक्रिया में एजेंसी के 35 सदस्यीय बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के 21 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। बंद कमरे में हुई बैठक के परिणाम की जानकारी राजनयिकों ने गोपनीयता की शर्त पर दी। रूस, चीन और नाइजर ने प्रस्ताव का विरोध किया, जबकि 10 देशों ने मतदान से दूरी बनाई। एक सदस्य देश बकाया देनदारियों के कारण मतदान नहीं कर सका। यह प्रस्ताव फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी और अमेरिका ने पेश किया था। एक वरिष्ठ पश्चिमी राजनयिक ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य ईरान पर अपने कानूनी सुरक्षा दायित्वों का पालन करने के लिए कूटनीतिक दबाव बनाए रखना है। यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है। अमेरिका ने बुधवार तड़के ईरान पर हवाई हमले किए, जबकि तेहरान ने क्षेत्र के देशों पर जवाबी कार्रवाई की। इन बढ़ते हमलों से युद्ध समाप्त करने के प्रयास प्रभावित होने की आशंका है। जून 2025 में हुई बमबारी के बाद से एजेंसी लगभग हथियार-स्तरीय संवर्धित यूरेनियम के भंडार की स्थिति का भी सत्यापन नहीं कर पाई है। आईएईए के अनुसार, ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित 440.9 किलोग्राम यूरेनियम का भंडार है। यह 90 प्रतिशत के हथियार-स्तरीय संवर्धन स्तर से तकनीकी रूप से बहुत कम दूरी पर है।

## युवक ने माता-पिता समेत परिवार के चार लोगों की हत्या की

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के मिशिगन राज्य के डेट्रॉइट के उपनगर में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। दरअसल यहां 25 साल के एक युवक ने अपने ही परिवार के चार सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने अपने माता-पिता और भाई सहित कुल चार लोगों की हत्या की और बाद में मौके पर पहुंची पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। लिवोनिया पुलिस प्रमुख टॉम गोरालास्की ने बताया कि मृतकों में आरोपी के बुजुर्ग माता-पिता 58 वर्षीय स्टर्लिंग पियर्स, 53 वर्षीय हॉली किम्बल, भाई 22 वर्षीय टैनर पियर्स और टैनर की 21 वर्षीय गर्लफ्रेंड शामिल हैं। पुलिस को सभी शव घर के अलग-अलग हिस्सों से मिले, जिनमें कुछ पीछे के आंगन और कुछ बेडरूम में पाए गए। पुलिस प्रमुख ने बताया कि अभी तक इस हमले के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं है, हालांकि आरोपी और उसके माता-पिता के बीच तनावपूर्ण संबंध होने की जानकारी सामने आई है। उन्होंने कहा कि यह जांच की जा रही है कि क्या यही विवाद घटना की वजह बना। घटना मंगलवार दोपहर की है, जब पुलिस को सूचना मिलने पर टीम मौके पर पहुंची।

# होर्मुज सभी जहाजों के लिए बंद है : ईरान

### बढ़ते तनाव के बीच आईआरजीसी का बड़ा एलान

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य को सभी जहाजों के लिए बंद करने का एलान किया है। ईरान ने चेतावनी दी है कि इस मार्ग से गुजरने की कोशिश करने वाले किसी भी जहाज को निशाना बनाया जा सकता है।



आईआरजीसी ने अपने बयान में कहा कि क्षेत्र में बढ़ती असुरक्षा और अमेरिका के नए सैन्य हमलों के बाद यह फैसला लिया गया है। आदेश के अनुसार तेल टैंकरों, मालवाहक जहाजों और अन्य सभी प्रकार के समुद्री जहाजों की आवाजाही तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है। ईरानी मीडिया के मुताबिक होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक बलों और आईआरजीसी की नौसेना के बीच भारी तनाव और गोलीबारी की घटनाएं सामने आई हैं। आईआरजीसी नौसेना का दावा है कि उसने दो ऐसे जहाजों को निशाना बनाया जो उसकी अनुमति के बिना जलडमरूमध्य से गुजरने का प्रयास कर रहे थे। इस बीच अमेरिका ने ईरान के कई तटीय इलाकों पर नए हमले शुरू किए हैं। रिपोर्टों के अनुसार बंदर अब्बास, सीरिक, किश्म द्वीप और हेंगाम द्वीप समेत कई स्थानों को निशाना बनाया गया है। इन हमलों के बाद दक्षिणी ईरान के कई इलाकों में विस्फोटों की खबरें आई हैं। मिनाब काउंटी के करगान क्षेत्र में अमेरिकी हमले के बाद दो स्थानीय निवासी घायल होने की भी सूचना है।

# अमेरिका ने विदेशी बर्थ टूरिज्म पर कसा शिकंजा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने विदेशी नागरिकों द्वारा जन्म के आधार पर अमेरिकी नागरिकता हासिल करने की कोशिशों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बर्थ

- सैकड़ों वीजा रद्द
- ट्रंप प्रशासन ने कई नेटवर्क किए ध्वस्त




टूरिज्म नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि यूरोप और अफ्रीका में सक्रिय कई संगठित नेटवर्क को खत्म कर दिया गया है और सैकड़ों वीजा रद्द कर दिए गए हैं।

अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ये नेटवर्क विदेशी नागरिकों को टूरिस्ट वीजा पर अमेरिका लाने, वहां रहने की व्यवस्था कराने और प्रसव के जरिए बच्चों को अमेरिकी नागरिकता दिलाने की योजना में शामिल थे। विदेश विभाग ने बताया कि केवल यूरोप में ही 2024 से अब तक 400 से अधिक संदिग्ध बर्थ टूरिज्म मामलों की पहचान की गई है। इन मामलों में कम से कम छह कंपनियां शामिल थीं, जो वीजा इंटरव्यू की ट्रेनिंग देने से लेकर अमेरिका में रहने और डिलीवरी तक की व्यवस्था कर रही थीं। इन सभी नेटवर्क को बंद कर दिया गया है और शामिल लोगों पर कार्रवाई की गई है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम और उत्तरी अफ्रीका में भी इसी तरह के नेटवर्क सक्रिय थे। एक देश में तो 100 से अधिक विदेशी नागरिकों द्वारा फर्जी दस्तावेज और एजेंटों की मदद से वीजा हासिल करने का मामला सामने आया। इसके बाद वहां की नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया और स्थानीय एजेंसियों के साथ मिलकर आगे की जांच शुरू कर दी गई। अमेरिकी विदेश विभाग ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि वीजा कोई अधिकार नहीं बल्कि एक विशेषाधिकार है। अमेरिका अपनी नागरिकता प्रणाली के दुरुपयोग को रोकने के लिए लगातार कार्रवाई कर रहा है। विभाग ने कहा कि आधुनिक डेटा एनालिटिक्स और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की मदद से ऐसे नेटवर्क की पहचान कर उन्हें खत्म किया जा रहा है।

## एक नज़र

### कांगो में इबोला संक्रमित मरीजों का आंकड़ा 635 हुआ

**स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी बनी बड़ी चुनौती**

**किन्शासा।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में इबोला वायरस का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री रोजर कांबा ने जानकारी दी है कि नौ जून तक देश में इबोला के पुष्ट मामलों की संख्या बढ़कर 635 हो गई है। यह बीमारी बुंडीबुग्यो इबोला वायरस के कारण फैली है। हालांकि, इस संकट के बीच राहत की खबर यह है कि अब तक 30 मरीज ठीक होकर घर लौट चुके हैं। हाल ही में आठ नए मरीज ठीक हुए हैं, जिनमें से सात इतुरी प्रांत के न्यानकुंडे और एक मोंगबवालू इलाके से है। स्वास्थ्य मंत्री ने सोशल मीडिया पर बताया कि सरकार इस बीमारी को रोकने के लिए पूरी कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि मरीजों के संपर्क में आए लोगों की पहचान करने का काम अब पहले से बेहतर हो रहा है। अब 61.1 प्रतिशत संपर्कों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सरकार ने इतुरी, उत्तर कीवू और दक्षिण कीवू जैसे प्रभावित प्रांतों में 490 टन दवाइयां भेजी हैं। वहां प्रयोगशालाओं को मजबूत किया गया है और स्वास्थ्य टीमें दिन-रात काम कर रही हैं। मंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे लक्षण दिखने पर तुरंत इलाज के लिए आएं, क्योंकि समय पर देखभाल से जान बचाई जा सकती है।

### इंडोनेशियाई अदालत ने सेना के चार जवानों को सुनाई सजा

**सामाजिक कार्यकर्ता पर एसिड हमले का है आरोप**

**वॉशिंगटन।** इंडोनेशिया की एक सैन्य अदालत ने एक सामाजिक कार्यकर्ता पर एसिड से हमला करने के मामले में सेना के 4 सदस्यों को दोषी ठहराया है। उनपर वाहन चलाते समय हमला किया गया था जिसमें वे बुरी तरह झुलस गए थे। घटना से पहले उन्होंने सेना से जुड़ा हुआ एक पॉडकास्ट किया था। नौसेना के तीन मरीन- सार्जेंट एडी सुडार्को, फर्स्ट लेफ्टिनेंट बुधी हरियांतो विधी काह्योंनो और कैप्टन नंदाला ड्वी प्रासेत्या और वायु सेना के अधिकारी लेफ्टिनेंट सामी लक्का इंडोनेशिया की राष्ट्रीय सशस्त्र बल की खुफिया एजेंसी में तैनात थे। हाल ही में इन सभी को यूनुस पर हमला करने के लिए दोषी करार दिया गया है। यूनुस एक मानवाधिकार वकील और कमीशन फॉर द डिसअपियर्ड एंड विक्टिम्स ऑफ वायलेंस के वरिष्ठ एक्टिविस्ट हैं। यूनुस ने इंडोनेशियाई सरकार पर सेना के प्रभाव के बारे में एक पॉडकास्ट रिकॉर्ड किया था। कथित तौर पर इसी नाराजगी के चलते उनपर ये आत्मघाती हमला किया गया। इस हमले में 27 साल के यूनुस बुरी तरह झुलस गए थे और उनकी दाहिनी आंख को स्थायी नुकसान पहुंचा था। हमलावरों ने मोटरसाइकिल चलाते समय यूनुस के चेहरे पर एसिड फेंक दिया था। इसी आरोप में जकार्ता की सैन्य अदालत के तीन जजों की बेंच ने सुडार्को को तीन साल, काह्योंनो को ढाई साल, जबकि प्रासेत्या और लक्का को क्रमशः 2 साल और 18 महीने की सजा सुनाई।

### फिलीपींस में भीषण भूकंप के बाद 2100 झटकों से दहशत

**35000 बेघर, 29 सड़कें और 11 पुल तबाह**

**जनरल सैंटोस।** दक्षिणी फिलीपीन के जनरल सैंटोस शहर में सोमवार को आए शक्तिशाली भूकंप के बाद 2,100 से अधिक झटके आए। इससे बचाव कार्य में काफी परेशानी आ रही है। 7.8 की तीव्रता वाले भूकंप में मरने वालों की संख्या 45 हो चुकी है, जबकि 17 लोग लापता हैं। अधिकतर मौतें इमारतों के ढहने से गिरे मलबे और भूस्खलन के कारण हुईं। भूकंप के चलते करीब 35 हजार लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। जनरल सैंटोस में बचावकर्मी हेलमेट पहनकर आंशिक रूप से ढहे हुए किराना स्टोर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, तभी एक और तेज झटका महसूस हुआ। इसके बाद झुकी हुई इमारत से मलबा गिरने लगा। सुरक्षा अधिकारी ने सीटी बजाकर और अन्य कर्मियों ने चिल्लाकर करीब 30 दमकलकर्मियों तथा तटरक्षक बल के जवानों को सुरक्षित स्थान पर जाने की चेतावनी दी। भूकंप के चलते जनरल सैंटोस का अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा भी प्रभावित हुआ है, जिसके कारण उसे

## बच्चों के लिए कनाडा में भी बैन होगा सोशल मीडिया

**आस्ट्रेलिया समेत कई देशों मे लग चुकी है पाबंदी**

**टोरंटो।** कनाडा सरकार ने बच्चों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। बुधवार को पेश किए गए नए कानून के तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक लग सकती है। सरकार का कहना है कि सोशल मीडिया कंपनियां तभी छूट पा सकेंगी, जब वे यह साबित कर दें कि उनका प्लेटफॉर्म बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित है। कनाडा के संस्कृति मंत्री मार्क मिलर ने इस पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चों को सुरक्षित रखने में असफल हो रहे हैं। अब बहुत हो गया है और हमें सुरक्षा के बुनियादी नियम लागू करने ही होंगे। यह कानून सात तरह की हानिकारक चीजों को रोकने पर ध्यान देगा। इसमें खुद को नुकसान पहुंचाने के लिए उकसाने वाली बातें, हिंसा भड़काना, नफरत फैलाना और बिना मर्जी के निजी तस्वीरें डालना शामिल है।

# यूएस-इस्राइल हर समय एकमत नहीं रहे : जेडी वेंस

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में तेजी से बदलते हालात और ईरान को लेकर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है

- साझेदारी अपनी जगह और हित अपनी जगह



कि अमेरिका और इस्राइल हमेशा हर मुद्दे पर एक जैसी सोच नहीं रखते। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब दोनों देशों के हित अलग होंगे, तब अमेरिका अपने नागरिकों और अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देगा।

अमेरिकी मीडिया संस्थान सीबीएस को दिए एक विशेष इंटरव्यू में वेंस ने कहा कि इस्राइल लंबे समय से अमेरिका का करीबी सहयोगी रहा है, लेकिन करीबी साझेदारी होने के बावजूद कई बार दोनों देशों के हित पूरी तरह मेल नहीं खाते। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में दोनों देश एक ही पन्ने पर होते हैं, जबकि कुछ मुद्दों पर उनके विचार और हित अलग हो सकते हैं।

जेडी वेंस ने इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का जिक्र करते हुए कहा कि वह अपने देश के हितों की मजबूती से रक्षा करने वाले नेता हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमेशा साफ किया है कि अमेरिका वही करेगा जो उसके लिए सबसे बेहतर होगा। उन्होंने कहा, कभी हम एक ही दिशा में चलते हैं और कभी ऐसा नहीं होता। जब दोनों देशों के हित अलग होते हैं, तब हमें अमेरिकी जनता के पक्ष में फैसला लेना पड़ता है और हम हमेशा ऐसा ही करते हैं। इंटरव्यू के दौरान जब उनसे पूछा गया कि क्या नेतन्याहू ने अमेरिका के साथ संबंधों को संभालने में कुछ गलतियां की हैं, तो उन्होंने कहा कि उन्होंने निश्चित रूप से कुछ चीजें गलत की हैं%। हालांकि उन्होंने किसी खास उदाहरण का उल्लेख करने से इनकार कर दिया। अमेरिकी उपराष्ट्रपति का यह बयान ऐसे समय में आया है जब हाल के हफ्तों में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नेतन्याहू के बीच पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष, ईरान से जुड़े मुद्दों और इस्राइल की सैन्य कार्रवाई को लेकर मतभेदों की खबरें सामने आई हैं। ट्रंप ने भी कई मौकों पर संकेत दिए हैं कि क्षेत्रीय हालात को लेकर अमेरिका और इस्राइल की सोच हर मुद्दे पर समान नहीं है।

# जिम्बाब्वे : स्कूली बच्चों से भरी मिनीबस में लगी आग

**हरारे।** अफ्रीकी देश जिम्बाब्वे में एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया है। बुधवार दोपहर ग्वेरू शहर में स्कूली बच्चों से भरी एक

- 24 में से सात की दर्दनाक मौत

मिनीबस में अचानक आग लग गई, जिसमें 7 बच्चों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में वाहन में कुल 24 बच्चे सवार थे। स्थानीय पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में आशंका जताई जा रही है कि मिनीबस में रखा पेट्रोल से भरा जरीकेन आग लगने की वजह बना। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि बच्चों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। कुछ बच्चे किसी तरह वाहन से बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन कई अंदर ही फंस गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मिनीबस का चालक और कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग और राहत टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। राज्य प्रसारक ने घटना स्थल की तस्वीरें जारी की हैं, जिनमें जली हुई मिनीबस दिखाई दे रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है, लेकिन शुरुआती जांच में यह संकेत मिला है कि वाहन के अंदर रखा पेट्रोल से भरा कंटेनर आग का कारण हो सकता है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जिम्बाब्वे में निजी मिनीबस और अनियमित टैक्सी सेवाएं अक्सर स्कूल बच्चों के परिवहन के लिए उपयोग की जाती हैं।

आलोचना

**बोला- प्रदर्शनकारियों की मौत की हो स्वतंत्र जांच**

# पाकिस्तान की बर्बरता पर भड़का मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी

**नई दिल्ली।** मानवाधिकार संगठन एमनेस्टी इंटरनेशनल ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में विरोध प्रदर्शनों पर व्यापक सैन्य कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है। संगठन ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय चुनावों से पहले अधिकारियों ने अत्यधिक बल का इस्तेमाल किया, असहमति की आवाज को दबाया और बुनियादी मानवाधिकारों का उल्लंघन किया।

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) को आतंकवाद-रोधी कानूनों के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित किए जाने के फैसले की भी आलोचना की। एमनेस्टी ने इस कदम को गैरकानूनी और असंगत बताते हुए कहा कि यह संगठन बनाने की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण राजनीतिक गतिविधियों पर गंभीर हमला है।



**27 जुलाई से ही पीओके में पाकिस्तानी सेना ने लगाए कई प्रतिबंध**

रिपोर्ट के अनुसार, क्षेत्र की विधानसभा की संरचना को लेकर जेकेजेएएसी और अधिकारियों के बीच बातचीत विफल होने के बाद कार्रवाई तेज हो गई। पांच जून को, जिस दिन पाकिस्तान ने 27 जुलाई को क्षेत्रीय चुनाव कराने की घोषणा की, उसी दिन पूरे क्षेत्र में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं निलंबित कर दी गईं। इसके साथ ही आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

पर्यटकों और आगंतुकों को क्षेत्र छोड़ने की सलाह दी गई, जबकि संघीय अर्धसैनिक बलों की तैनाती की भी खबरें सामने आईं। एमनेस्टी के अनुसार, इन कदमों ने क्षेत्र को प्रभावी रूप से अलग-थलग कर दिया है और सूचनाओं के प्रवाह पर गंभीर असर डाला है। पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी निशाना बनाया गया है। स्थानीय पत्रकार सोहराब बरकत को कथित तौर पर अपनी ऑनलाइन रिपोर्टिंग के माध्यम से जेकेजेएएसी का प्रचार करने के आरोप में पाकिस्तान के साइबर अपराध कानूनों के तहत गिरफ्तार किया गया और वह अब भी हिरासत में हैं। एमनेस्टी के अनुसार, पांच जून से अब तक सुरक्षा बल जेकेजेएएसी के 100 से अधिक सदस्यों और समर्थकों को हिरासत में ले चुके हैं। मुजफ्फराबाद स्थित संगठन के केंद्रीय कार्यालय पर भी छापा मारा गया और उसे सील कर दिया गया। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब जेकेजेएएसी कार्यकर्ता शाहजेब हबीब पुलिस के साथ मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई। एमनेस्टी ने कहा कि ऐसा कोई सबूत सामने नहीं आया है जिससे यह संकेत मिले कि हबीब पुलिस अधिकारियों के लिए तत्काल खतरा थे। उनकी मौत के बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए, जो रावलाकोट स्थित एक सैन्य अस्पताल के बाहर हिंसक झड़पों में बदल गए। पुलिस के अनुसार, इस हिंसा में कम से कम आठ प्रदर्शनकारियों और चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों अन्य लोग घायल हुए। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने हबीब की मौत, प्रदर्शनकारियों की मौतों और हिंसा से जुड़ी परिस्थितियों की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की है।

बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स

गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनों हेतु।

फोन:- 0551-2338099

+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा

नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने

गोमती नगर लखनऊ

मोबाइलः 9415016089